लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 131, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
मुरादाबाद, रविवार, 4 अगस्त 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अंग्रेजों को सीधी चुनौती थी अगस्त क्रांति व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 34.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना | सूर्योदय 05 : 34 | सूर्यास्त 18 : 54



अर्जुन को पसंद आयी जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ...16

# मेडिकल छात्रों ने परीक्षा छोड़ी तो नहीं होगा प्रवेश

- पहले पांच लाख रुपये का जुर्माना भरकर ले लेते थे प्रवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मेडिकल व डेंटल कालेजों में बीच में पढ़ाई छोड़ी तो अगले शैक्षिक सत्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। स्नातक, स्नातकोत्तर व सुपरस्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में यह नियम लागू कर दिया गया है।

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह ने निर्देश जारी किए। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के निर्देश पर नियमों को लागू कर दिया गया है। बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों से अब पांच लाख रुपये जुर्माना नहीं लिया जाएगा। अब एमबीबीएस, एमडी, एमएस, एमसीएच, बीडीएस और एमडीएस जैसे पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को बीच में पढ़ाई छोड़ने से पहले कई बार सोचना होगा। अभी तक वह पांच लाख जुर्माना भरकर अगले सत्र में दूसरे पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले लेते थे। अब उनको प्रवेश के लिए एक वर्ष इंतजार करना होगा क्योंकि अगले सत्र में प्रवेश के लिए वह डिबार होंगे। एनएमसी ने इस नियम को सत्र 2024-25 से लागू किया है। पूर्व के सत्र में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

# दलजीत चौधरी बने बीएसएफ के डीजी

**नई दिल्ली।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। केंद्र ने शुक्रवार को बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाईबी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से उनके मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया था। अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी चौधरी बीएसएफ महानिदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

# 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर फहराया जाएगा तिरंगा

## फिर बनाएं रिकॉर्ड, प्लास्टिक के झंडों का न हो उपयोग : योगी

- राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रम, सेनानी के परिजनों का होगा सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर उच्च स्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव और हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। आह्वान किया कि इस बार भी में हर घर तिरंगा अभियान में 13 से 15 अगस्त तक सर्वाधिक झंडे फहराने का रिकॉर्ड प्रदेश के नाम करना है। लेकिन, प्लास्टिक के झंडों का उपयोग कतई न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान का पर्व है। इस महोत्सव की शुरुआत नौ अगस्त से होगी। निर्देश दिया कि प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए।



कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री योगी कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थलों व आजादी के ज्ञात-अज्ञात नायकों के संबंध में बुकलेट तैयार कराई जाए। प्रभातफेरी, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, सुलेख-निबंध, वाद-विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनपद व राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाए।

### जिले पर 10, राज्य स्तर पर 51 हजार का पुरस्कार

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जिलाधिकारियों को भेजे गए शासनादेश में काकोरी ट्रेन एक्शन के नायकों पर आधारित प्रतियोगिताओं के लिए राज्य व जिला स्तर पर चयन समिति बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि जिलास्तर पर अव्वल प्रतिभागियों को 10 हजार, दूसरा स्थान पाने वाले को 7500 और तीसरे स्थान पर 5 हजार पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले को 51 हजार, दूसरा स्थान पाने वाले को 21 हजार, तीसरा स्थान पाने वाले को 11 हजार और सात लोगों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

## एक नजर

### भरतनाट्यम नृत्यांगना कृष्णमूर्ति का निधन



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति (84) का शनिवार को अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। कृष्णमूर्ति के प्रबंधक और सचिव गणेश ने बताया कि वह उम्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित थीं और पिछले सात महीनों से आईसीयू में थीं। उनका पार्थिव शरीर रविवार को सुबह नौ बजे उनके संस्थान यामिनी स्कूल ऑफ डांस में लाया जाएगा। कृष्णमूर्ति के परिवार में दो बहनें हैं।

### ग्रैमी पुरस्कार विजेता को इकॉनमी क्लास में बैठाया

**नई दिल्ली।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज ने शनिवार को शिकायत की कि एयर इंडिया ने मुंबई-बेंगलुरु उड़ान के लिए उनके बिजनेस क्लास के टिकट को निचली श्रेणी में बदल दिया। एयरलाइन ने अपनी सफाई में कहा कि तकनीकी कारणों से विमान को पूरी तरह इकॉनमी क्लास में बदल दिया गया था। एयरलाइन ने आखिरी मिनट की रुकावट के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया और कहा कि नियमों के अनुसार रिफंड शुरू कर दिए गए हैं।

### पुलिस ने इजराइली दूतावास की सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** तेहरान में इस्लामी चरमपंथी संगठन हमास के नेता की हत्या के मद्देनजर खुफिया एजेंसियों से मिले अलर्ट के बाद दिल्ली पुलिस ने इजराइली दूतावास और 'चबाड़ हाउस' की सुरक्षा की समीक्षा की। इजराइल की दो इमारतों के चारों ओर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। दोनों इमारतों के आसपास कई सीसीटीवी कैमरे लगाकर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है।

### सेवादार ने एसजीपीसी कर्मी को मार डाला

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के एक लेखा लिपिक की एक सेवादार ने स्वर्ण मंदिर परिसर से सटे एसजीपीसी कार्यालय में हत्या कर दी। एसजीपीसी सेवादार सुखबीर सिंह ने किसी मुद्दे पर विवाद के बाद लेखा लिपिक दरबारा सिंह पर एक धारदार हथियार से हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि घायल दरबारा की अस्पताल में मौत हो गई।

# भारतीय कृषि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए उम्मीद की किरण : मोदी

## कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

- सम्मेलन में दुनिया भर के करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे
- हमारे किसान देश की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में छोटे किसानों को देश की खाद्य सुरक्षा की ताकत बताते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय कृषि की विविधता इस देश को विश्व की खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण बनाती है। मोदी ने दिल्ली में आयोजित कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करते हुए ये बातें कहीं। यह सम्मेलन भारत में 65 साल बाद आयोजित किया गया है। सात दिवसीय इस सम्मेलन में दुनिया भर के करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक महिला प्रतिनिधि हैं। सम्मेलन को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया।

मोदी ने अपने भाषण में कहा कि 65 साल पहले जब भारत ने मैसूर में इस सम्मेलन का आयोजन किया था। उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया की चिंता का विषय था, आज भारत दुनिया की खाद्य सुरक्षा की चिंता कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व की चुनौतियों को एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के समग्र दृष्टिकोण से ही ही निपटा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत, अपनी जरूरत से अधिक अन्न पैदा करने वाला देश है। दूध, दाल और मसालों के साथ ही अनाज, फल, सब्जियों, कपास, चीनी, चाय, जलीय मछली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। आज भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के समाधान देने में जुटा है।



प्रधानमंत्री का स्वागत करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान।

### किसानों के सहयोग के लिए तैयार कर रहे वातावरण

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने किसानों का सहयोग करने के लिए एक पूरा वातावरण विकसित कर रहे हैं। भारत का बहुत जोर जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशील फसलों से जुड़ी अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने पर है। मोदी ने प्रतिनिधियों को बताया कि बीते 10 वर्षों में भारत ने फसलों की करीब 900 ऐसी नई किस्मों का विकास कर किसानों को दिया है जो वातावरण के बढ़ते तापमान को सहन करने में समर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ धान की कुछ किस्में ऐसी भी हैं, जिनको परंपरागत किस्मों के मुकाबले, एक चौथाई कम पानी चाहिए।

### कृषि का देश की आर्थिक नीति में बड़ा महत्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र भारत की आर्थिक नीति में केंद्रीय महत्व रखता है। हमारे यहां, करीब 90 प्रतिशत कृषक परिवार ऐसे हैं, जिनके पास बहुत कम जमीन है। ये छोटे किसान ही भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही स्थिति एशिया के कई विकासशील देशों में है। इसलिए, भारत का मॉडल कई देशों के काम आ सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ कृषि के लिए भारत में बड़े पैमाने पर रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में भी स्वस्थ और जलवायु परिवर्तन को सहन करने में समर्थ कृषि पर बड़े पैमाने पर ध्यान दिया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता के निर्माणों पर चला बुलडोजर

## भदरसा सामूहिक दुष्कर्म मामला

- चेयरमैन समेत तीन अन्य सपा नेताओं पर मामला दर्ज
- मुख्यमंत्री ने भेजी पीड़ित परिवार को 5 लाख की मदद

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** भदरसा में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता की बेकरी के साथ अन्य निर्माण बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए गए। पीड़िता को धमकी देने के आरोप में नगर पंचायत भदरसा के चेयरमैन सहित तीन के खिलाफ नगर कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज की गई है।

आरोपी सपा नेता मोईद खान ने अवैध कब्जा करके कई हजार वर्ग फिट में बेकरी सहित अन्य निर्माण कराया था। कार्रवाई शनिवार की सुबह शुरू हुई। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी, एसपी सिटी मधुबन सिंह, एसपी देहात अतुल सोनकर कई क्षेत्राधिकारियों, सुरक्षा बलों, पीएसी जवानों, पुलिस कर्मियों और तीन जेसीबी के साथ भदरसा पहुंचे। भदरसा की सीमाओं को सील कर दिया गया। बेकरी का सामान और बांधी गई बकरियों को निकलवा कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। लगभग तीन घंटे तक लगातार चले बुलडोजर में लगभग पांच हजार वर्ग फिट मे बनाई गई बेकरी, दो स्टोर रूम, मशीनों के कक्ष, बाउंड्री वाल को ढहा दिया गया। एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया कि बेकरी सहित अन्य निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया है। अन्य मामलों की जांच की जा रही है। वहीं जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती पीड़िता को गुरुवार रात लगभग 11 बजे धमकाने पहुंचे नगर पंचायत भदरसा के चेयरमैन मो. राशिद, जय सिंह राणा सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उधर मुख्यमंत्री योगी ने पीड़िता के परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। विधायक अमित सिंह चौहान ने पीड़िता के घर जाकर परिजनों को पांच लाख रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व एसएसपी राजकरन नैय्यर भी मौजूद रहे।



### पीड़िता से मिले मंत्री सूर्य प्रताप शाही और संजय निषाद

गैंगरेप पीड़िता और उसके परिजनों से मिलने के लिए मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद और कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही शनिवार को अस्पताल पहुंचे। दोनों मंत्रियों ने पीड़िता का हालचाल लिया। सुरक्षा और सहयोग का आश्वासन दिया। मुलाकात के बाद मंत्री संजय निषाद फफक-फफक कर रो पड़े।

# आजम की जौहर यूनिवर्सिटी के दो भवन किए गए सील

- शत्रु संपत्ति पर बने थे म्यूजियम व सुरक्षा अधिकारी के आवास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी में शत्रु संपत्ति पर बने दो भवनों को शनिवार को सील कर दिया गया। सपा सरकार में मंत्री रहते हुए आजम खां ने यह निर्माण कराया था, लेकिन सता परिवर्तन के बाद शत्रु संपत्ति पर निर्माण कराने का आरोप लगा था। जांच के बाद 13.8 हेक्टेयर जमीन शत्रु संपत्ति मिली थी। शत्रु संपत्ति अभिरक्षक विभाग ने उक्त जमीन का सीमांकन कराकर तारबंदी करा दी थी। शत्रु संपत्ति के दायरे में जौहर यूनिवर्सिटी के दो भवन भी आ गए थे। एक सप्ताह में भवन खाली करने की नोटिस दी गई थी। अवधि पूरी होने पर शनिवार को लखनऊ से पहुंची टीम ने दोनों भवनों को सील करा दिया।



> जौहर यूनिवर्सिटी में 13 .8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति है। इस पर म्यूजियम और सुरक्षा अधिकारी के आवास बने थे। दोनों भवनों को लखनऊ से आई शत्रु संपत्ति अभिरक्षक विभाग की टीम ने सील कर दिया है। अधिकारी जरूरी कागजात लेकर लखनऊ रवाना हो गए हैं।
> – **मोनिका सिंह**, एसडीएम सदर

# आतंकियों के छह मददगार बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल पांच पुलिसकर्मियों के साथ छह कर्मचारियों को शनिवार को बर्खास्त कर दिया। इन सभी पर ड्रग तस्करी, आतंकी वित्त पोषण, घुसपैठियों की मदद करने का आरोप है। बर्खास्त होने वालों में डोडा के भल्लेशा निवासी कांस्टेबल सैफ दीन, कुपवाड़ा निवासी हेड कांस्टेबल फारूक अहमद शेख और कांस्टेबल खालिद हुसैन शाह, बारामूला के उरी निवासी कांस्टेबल रहमत शाह, कांस्टेबल इरशाद अहमद चालकू, तथा पुंछ के स्कूल शिक्षक नजम दीन शामिल हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों ने इन कर्मचारियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई थीं।

# नाबालिग ने कार से महिला को उड़ाया, मौत

## बेटी भी गंभीर, साकेत नगर टेलीफोन एक्सचेंज के पास हुआ हादसा

- 100 किमी प्रति घंटा से अधिक की स्पीड में दौड़ रही थी कार
- स्कूल बंककर कोचिंग की लड़कियों के साथ घूम रहा था किशोर
- पब्लिक ने पिटाई करने बाद पुलिस को सौंपा, पिता-पुत्र हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** किदवई नगर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर स्कूल बंक कर 100 से अधिक की रफ्तार में कार दौड़ा रहे इंटर के नाबालिग छात्र ने स्कूटी सवार मां-बेटी को उड़ा दिया। कार की टक्कर से महिला स्कूटी समेत 20 मीटर दूर जा गिरी, उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने नाबालिग को पीटकर किदवई नगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग व उसके पिता को गिरफ्तार किया। कार में नाबालिग के साथ उसका साथी व दो छात्राएं भी मौजूद थीं। चारों गंगा बैराज स्थित मैगी प्वाइंट जाने के लिए निकले थे।

केशव नगर बांके बिहारी इंक्लेव निवासी अनूप मिश्रा नवीन मार्केट स्थित एचडीएफसी बैंक में सीनियर मैनेजर हैं। परिवार में पत्नी भावना मिश्रा (42) व इकलौती बेटी मेधावी मिश्रा हैं। शनिवार दोपहर करीब दो बजे भावना बेटी को डॉक्टर को दिखाने के लिए स्कूटी से जा रही थी। साकेत नगर टेलीफोन एक्सचेंज से कुछ दूरी पर चौराहे के पास सामने से तेज रफ्तार बेकाबू कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भावना स्कूटी समेत करीब 20 मीटर दूर जा गिरीं और कार वहां खड़ी ब्रेजा कार से जा टकराई। गंभीर रूप से घायल मां-बेटी को आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने भावना को मृत घोषित कर दिया, जबकि मेधावी को रीजेंसी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने भावना के पति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर नौबस्ता सागरपुरी निवासी नाबालिग और उसके पिता अशोक कुमार मौर्या को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के पिता पेट्रोल पंप मेंटीनेंस करने वाली कंपनी में मशीन ऑपरेटर हैं।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

### अत्यधिक रक्तस्राव से मौत



भावना मिश्रा के शरीर में 15-16 चोटें मिलीं, पसलियां टूटकर दिल में घुस गई थीं। अत्यधिक रक्तस्राव से मौत हो गई।

# आठ उत्पादन इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

## घट गया लगभग 2200 मेगावाट विद्युत उत्पादन, गांवों के साथ शहरों में नहीं मिल पा रही भरपूर बिजली

- 4000 मेगावाट उत्पादन, 28006 मेगावाट की मांग
- एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से ली जा रही बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद भी लोगों को भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है। उत्पादन इकाइयों के निरंतर ठप होने का सिलसिला जारी है। न तो फुंके ट्रांसफार्मर समय पर बदले जा रहे हैं और न ही लाइनों की खराबी दूर हो पा रही है। ऐसे में शहरों से लेकर गांवों तक बिजली की भारी किल्लत बनी हुई। शनिवार को आठ उत्पादन इकाइयां ठप होने से विद्युत उत्पादन लगभग 2200 मेगावाट घट गया। इस बीच, बिजली संकट को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय पर प्रदर्शन कर विरोध जताया।



उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा व मेजा बिजलीघरों की 660-660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां ठप हो गईं। इसी तरह, ऊंचाहर की 210 मेगावाट, अनपरा की 210 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट, ओबरा की 200 मेगावाट और पारीछा की 210 मेगावाट की दो इकाइयों में उत्पादन बंद हो गया। इससे लगभग 2200 मेगावाट उत्पादन घट गया। शाम के वक्त राज्य के बिजलीघरों में लगभग 4000 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था, जबकि अधिकतम बिजली मांग 28,006 मेगावाट दर्ज हुई। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से आपूर्ति की जा रही है।

### दाखिल होगी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली संकट को लेकर राज्य विद्युत नियामक आयोग में जल्द याचिका दाखिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिजली कंपनियों में 'ओवरलोड ब्रेकडाउन' के चलते आपूर्ति पटरी से उतर गई है।

### गांवों में मिल पा रही 10-12 घंटे बिजली

गांवों और शहरों में समुचित बिजली नहीं मिल पा रही है। लखनऊ के इलाकों में दो-तीन घंटे रोजाना बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। रायबरेली में बिजली कटौती चरम पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। अयोध्या में नगर क्षेत्र में 18 से 20 घंटे आपूर्ति हो रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे की जगह 15 से 16 घंटे आपूर्ति मिल रही है। मुरादाबाद में 15-16 घंटे आपूर्ति मिल रही है, ग्रामीण क्षेत्र में केवल 8-10 घंटे बिजली मिल पा रही है। रामपुर में शहरी क्षेत्र में 18 घंटे व ग्रामीण क्षेत्र में 10 घंटे बिजली मिल रही है। कासगंज में बिजली कटौती से त्राहि-त्राहि मची है। बदायूं में तीन दिन से सदर तहसील के करीब सौ गांवों में मात्र तीन-चार घंटे बिजली मिली है। शाहजहांपुर में बिजली कटौती से ग्रामीण व शहरी परेशान हैं। पीलीभीत में पिछले करीब दस दिन से बिजली की अघोषित कटौती की समस्या बढ़ी है। ओवरलोड के चलते जर्जर तार और ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह पहुंचे कैंची धाम, लिया बाबा का आशीर्वाद

**नैनीताल।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते बल्लेबाज रिंकू सिंह शनिवार को कैंची धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीलंका दौरे में आखिरी टी 20 में अपनी गेंदबाजी से भारतीय टीम को जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह शनिवार को नीब करौरी बाबा के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचे। कैंची धाम पहुंचने पर रिंकू सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कैंची धाम की फोटो भी शेयर की। रिंकू सिंह के कैंची धाम पहुंचने की भनक लगते ही बड़ी संख्या में फैंस ने उन्हें घेर लिए। इसके बाद रिंकू सिंह फैंस के साथ फोटो खिंचवाते भी नजर आए।

# पूर्व एआईजी ने की दामाद की गोली मारकर हत्या

- कोर्ट परिसर में मारी गोली, कृषि मंत्रालय में अफसर थे हरप्रीत
- तलाक के विवाद में समझौते के लिए कोर्ट में आए थे दोनों पक्ष

चंडीगढ़, एजेंसी

भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) के अधिकारी हरप्रीत सिंह की शनिवार को यहां जिला अदालत परिसर में मध्यस्थता केंद्र में उनके ससुर एवं पंजाब पुलिस के सेवानिवृत्त सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) ने गोली मारकर हत्या कर दी।

दिल्ली में कृषि मंत्रालय में लेखा नियंत्रक के पद पर तैनात हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी अमितोज कौर के बीच वैवाहिक विवाद था। मामले में 2023 से तलाक की कार्यवाही चल रही है। गोलीबारी दोपहर करीब दो बजे हुई जब दोनों परिवार मध्यस्थता कार्यवाही के लिए जिला अदालत पहुंचे थे। हरप्रीत अपने माता-पिता के साथ थे जबकि दूसरे पक्ष की तरफ से अमितोज के पिता मलविंदर सिंह थे। मध्यस्थता सत्र के दौरान मलविंदर ने शौचालय जाने का अनुरोध किया और हरप्रीत से उन्हें रास्ता दिखाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने अपना हथियार निकाल लिया और गोली चला दी।

## शहर में आज



☞आर्य समाज मंदिर रेलवे हरथला कॉलोनी की ओर से भजन यज्ञ आशियाना कॉलोनी में सुबह 9 :00 बजे।

☞जिला वार्ष्णेय जागृति समिति का तीजोत्सव बुद्धि विहार स्थित लता सेलीब्रेशन में शाम 5 :00 बजे।

☞फेमस एजूकेशनल स्टूडेंट्स सोसायटी की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह हिंदी माध्यम पंचायत भवन सभागार में 10 :30 बजे से।

☞यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब द्वारा हरियाली तीज महोत्सव एमडीए कालोनी के डायोमोर में शाम 4 .30 बजे से।

☞राधा कृष्ण मंदिर दिल्ली रोड पर सामूहिक रुद्राभिषेक सुबह 8 :00 बजे।

# 134 बसों की तलाश में जुटा संभागीय परिवहन विभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **निदेशालय के रिकॉर्ड में 934 बसें दर्ज पर स्थानीय स्तर 800 बसों का रिकॉर्ड उपलब्ध**

**अमृत विचार:** परिवहन निदेशालय द्वारा भेजी गई जिले में संचालित निजी, स्कूल और निगम से संबंधित रोडवेज बसों की सूची स्थानीय स्तर पर मेल नहीं हो पा रही है। दोनों के रिकॉर्ड में दर्ज 134 बसों का फर्क आ रहा है। विभाग के अधिकारी अपने पास 134 बसों का रिकॉर्ड तलाशने में लगे हैं।

निजी व स्कूल बसों के हादसों को लेकर सरकार ने संभागीय परिवहन विभाग को बिना फिटनेस के एक भी बस न चलने देने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए निदेशालय ने मुरादाबाद संभागीय परिवहन विभाग को रिकार्ड में 934 बसों की सूची भेजकर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी है। परिवहन विभाग निदेशालय से भेजी गई 934 बसों की सूची से स्थानीय विभाग के अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई है। निदेशालय ने मुरादाबाद संभागीय परिवहन कार्यालय को 20 जुलाई सूची भेजी थी। जिसमें 31 जुलाई तक की गई कार्रवाई की विभागीय अधिकारियों को एक अगस्त तक निदेशालय रिपोर्ट भेजनी थी। लेकिन विभाग के पास 134 बसों का रिकॉर्ड नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में विभाग के कर्मचारी तीन दिन से 134 बसों का रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। हालांकि शुक्रवार को निदेशालय से हुई वर्चुअल मीटिंग में भी बिना फिटनेस की बसों पर की गई कार्रवाई के बारे में पूछने पर संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने कार्रवाई किए जाने की बात कहकर स्थिति संभाली थी। इस संबंध में संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि निदेशालय से भेजा गया रिकॉर्ड पुराना है। विभाग में जिले में निजी, रोडवेज और स्कूली बस मिलाकर 800 बसें हैं। फिर भी मिलान कराया जा रहा है।

102 वाली गाड़ियों में कई एंबुलेंस पांच लाख किमी से अधिक चल चुकी हैं, आबादी बढ़ी पर नहीं बढ़ी एंबुलेंस

# बूढ़ी होकर बीमार हैं एंबुलेंस, रफ्तार में निकल रहा है दम

**सेहत से खिलवाड़**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद एंबुलेंस की लंबी आयु हो गई है। उनका अब रफ्तार भरने में भी दम निकलने लगा है, लेकिन फिर भी उन्हें दौड़ाया जा रहा है। जिले में 108 नंबर वाली 30 और 102 वाली 24 एंबुलेंस हैं। जो वर्तमान में रोगियों की सेवा में लगी हैं। लेकिन इनमें कई एंबुलेंस ऐसी हैं जिनका दम निकल चुका है पर उन्हें रोगियों की सेवा में किसी तरह से घसीटा जा रहा है।

दूसरी बात यह है कि एंबुलेंस की सुविधा करीब 9-10 साल पहले शुरू हुई थी, उस समय आबादी के हिसाब से जिले को एंबुलेंस मिली थीं। तब से इनकी संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है। कंडम घोषित होने के बाद उनकी जगह कुछ नई एंबुलेंस जरूर मिल गई। जिला अस्पताल में 19 कंडम एंबुलेंस आज भी खड़ी हैं। इसमें 102 वाली 10 एंबुलेंस और 108 वाली नौ गाड़ियां हैं। जिले में एंबुलेंस का संचालन जीवीके नामक संस्था करती है। इसके प्रबंधक नरेंद्र कुमार का कहना है कि 108 और 102 वाली जो एंबुलेंस चल भी रही हैं, उनमें भी कई गाड़ियां बदले जाने की दशा में हैं। लेकिन, नई गाड़ी मिलने तक इन्हीं से काम लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 102 एंबुलेंस की तीन गाड़ियां बदली जानी हैं, यह पांच लाख किमी से अधिक सफर तय कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस की सुविधा शुरू होने से अब तक जनसंख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। इसलिए और अधिक एंबुलेंस की जरूरत है। इसके लिए कई बार उन्होंने भी उच्च स्तर पर बात रखी है। उन्होंने बताया कि 108 एंबुलेंस का मानक एक लाख की आबादी पर एक गाड़ी का है।



रोगी को लेकर जिला अस्पताल पहुंची एंबुलेंस। ● अमृत विचार

### दावा : 7.59 मिनट में रोगी तक पहुंच रही 108

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने उदाहरण के तौर पर जिले में जून में 108 एंबुलेंस की प्रगति बताई। कहा, जिले से कुल 6953 लोगों की कॉल प्राप्त हुई। जिसमें 6807 लोगों को एंबुलेंस की जरूरत पाई गई। कुछ ने अन्य साधन मिलने पर एंबुलेंस से अस्पताल जाने को मना कर दिया। उन्होंने दावा किया है कि एंबुलेंस को रोगी तक पहुंचने में औसतन 7 .59 मिनट का समय लग रहा है। इसी तरह उन्होंने 102 वाली एंबुलेंस की प्रगति के बारे में जानकारी दी कि जून में 102 एंबुलेंस के संबंध में जिले को 10,559 कॉल प्राप्त हुए हैं। इसमें 10,339 कॉल एंबुलेंस की जरूरत वाले पाए गए हैं। एंबुलेंस ने 6,292 महिला रोगियों को अस्पताल पहुंचाया है। शेष मामलों में संबंधित व्यक्ति ने अन्य साधन की व्यवस्था होने से एंबुलेंस के प्रयोग से इनकार किया है। इसी तरह 4,047 मामलों में एंबुलेंस महिला रोगी के स्वस्थ होने पर उसे अस्पताल से घर छोड़ी है। उन्होंने दावा किया कि एंबुलेंस को रोगी तक पहुंचने में औसतन 6 .34 मिनट का समय लग रहा है। वैसे 102 वाली गाड़ी के लिए शहरी क्षेत्र में कॉल समाप्त होने के 20 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्र में 30 मिनट में एंबुलेंस को रोगी तक पहुंचाने का नियम है। एंबुलेंस को प्रति दिन 8 ट्रिप्स किया जाना अनिवार्य किया गया है।

### यह है नियम

- जरूरतमंद की कॉल समाप्त होने के 15 मिनट के अंदर एंबुलेंस का रोगी तक पहुंचना है।
- प्रत्येक एंबुलेंस का औसतन प्रति दिन 5 ट्रिप्स (रोगी को अस्पताल लाना) किया जाना जरूरी है।
- ऑफ रोड एंबुलेंस औसत अधिकतम सीमा को कुल एंबुलेंसों की संख्या के पांच प्रतिशत से कम होना चाहिए।
- निरीक्षण के समय उपकरण या कंज्यूमेबिल्स अनुपलब्ध/ अक्रियाशील पाए जाने पर प्रति उपकरण के हिसाब में जुर्माना लगेगा।

> नियम के विपरीत एंबुलेंस के संचालन पर जुर्माना आदि की कार्रवाई संचालक संस्था के विरुद्ध प्रदेश स्तर से होती है। इसलिए यह बताना मुश्किल है कि इस वर्ष में कितनी एंबुलेंस के संबंध में संचालक संस्था के विरुद्ध जुर्माना आदि की कार्रवाई हुई है।
> -डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव, जिला सर्विलांस अधिकारी

# दो अस्पतालों व छह कोचिंग सेंटरों के बेसमेंट सील

## एमडीए की टीम ने बेसमेंट में अवैध तरीके से चल रही व्यवसायिक गतिविधियों पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दिल्ली में बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद शासन के निर्देश पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से कार्रवाई की जा रही है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार के आदेश पर एमडीए की टीम ने शनिवार को दो अस्पतालों व कोचिंग सेंटरों के बेसमेंट में चल रही व्यवसायिक गतिविधियों को बंद कराकर सील लगा दिया। साथ ही कई अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

शुक्रवार को एमडीए की ओर से सभी को नोटिस भेजना शुरू किया गया था। शनिवार को प्राधिकरण की टीम ने बिना मानकों के अवैध रूप से बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर व अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें सील कर दिया। इसके अलावा कई अन्य अस्पतालों व कोचिंग सेंटरों को नोटिस भेजा गया है कि कहीं भी बिना मानकों के बेसमेंट में कोचिंग सेंटर व अस्पतालों को बंदकर दिया जाए, अन्य उन्हें सील कर दिया जाएगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि बिना मानकों के बेसमेंट में संचालित संस्थानों को चिह्नित किया जा रहा है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



अवैध रूप से संचालित बेसमेंट को सील करती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम।



बेसमेंट में सील लगाने की कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

### इनके खिलाफ टीम ने की कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को प्राधिकरण की टीम ने काशीपुर रोड स्थित फोटोन अस्पताल व पाकबड़ा के जीवन ज्योति अस्पताल में बिना मानकों के चल रहे अवैध बेसमेंट को सील कर दिया। दिल्ली रोड पर अभिनव गुप्ता द्वारा एक हजार मीटर क्षेत्रफल के बेसमेंट में अवैध रूप से हार्डवेयर स्टोर चलाया जा रहा था। जिसे सील किया गया। इसके अलावा एमडीए की टीम ने गजरौला के कृपाल सिंह का ओम लाइब्रेरी, हिमांशु यादव का विद्यापीठ लाइब्रेरी, सुभाष चंद्र की लाइब्रेरी, दानवीर सिंह की लाइब्रेरी, मूलचंद्र फौजी का मिशन कोचिंग सेंटर व योगेश कुमार का कोचिंग सेंटर जोकि बेसमेंट में संचालित हो रहे थे, सील किए गए।

### महानगर के कई कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट में बनी हैं दुकानें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के कई स्थानों पर बने कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट में दुकानें संचालित हो रही हैं। जिसमें गुरहट्टी चौराहे पर ताड़ीखाना की ओर थोड़ी आगे चलने पर एक कॉम्प्लेक्स में दुकान संचालित हो रही है। वहीं जेल रोड पर भी कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट में दुकानें हैं। जिसमें भी जलभराव की स्थिति हो जाती है। इसके अलावा महानगर के रेती स्ट्रीट में भी एक कॉम्प्लेक्स की बेसमेंट में दुकानें चल रही हैं। जबकि इस इलाके में हर समय काफी भीड़ रहती है। जिससे प्राय: लोग जाम में फंसे रहते हैं। दूसरी ओर बुध बाजार में पुलिस चौकी से थोड़ी ही दूर एक बड़ा कॉम्प्लेक्स बना है। जिसकी बेसमेंट में दुकानें संचालित हो रही हैं। चौमुखापुल स्थित चौराहे पर भी एक कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में कपड़ों की दुकान चल रही है। इससे थोड़ी आगे गली के सामने कई कॉम्पलेक्स ऐसे हैं जिनके बेसमेंट में दुकानें संचालित हो रही है। वहीं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा शनिवार को लगभग 50 ऐसे लोगों को नोटिस भेजे गए हैं जो बिना मानकों के बेसमेंट संचालित कर रहे हैं।

## भीमराव आंबेडकर योजना में 31 तक होंगे आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बाबा साहब भीमराव आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2024-25 में साक्षात्कार से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

जिला विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ पाठक ने बताया कि चयन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र दस्तावेजों समेत अपने-अपने विकास खंड में 31 अगस्त तक जमा कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता के निर्धारित नियमों का पूरा करना होगा। मिले आवेदन पत्रों के अनुसार लाभार्थियों के चयन को साक्षात्कार की सूचना दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थी के चयन के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 65 वर्ष होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत ग्रामीण अंचल के दृष्टिकोण से व्यक्तिगत ऋण आवेदन पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्हीं लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया जाएगा, जिनके परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपये से अधिक न हो। आवेदन पत्र स्वीकार करते वक्त अनुसूचित जाति ,जनजाति तथा परित्यक्ता एवं विधवा महिला को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन पत्र व्यक्तिगत व पंजीकरण डाक से संबंधित विकासखंड में जमा किए जाएगा।

# आशाओं को मिलेगा रिफ्रेशर प्रशिक्षण, कौशल में होंगी दक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **प्रदेश की 11 जिलों की आशाओं को किया जाएगा प्रशिक्षित**

**अमृत विचार :** क्षमतावर्धन और कौशल में निपुणता के लिए प्रदेश के 11 जिलों की आशाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इनमें मुरादाबाद की भी आशाओं को प्रशिक्षण दिया जाना शामिल है। निर्देश हुए हैं कि पहले जिला स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद ये प्रशिक्षक चिह्नित आशाओं एवं आशा संगिनियों को आशा रिफ्रेशर का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। केवल उन्हीं आशा एवं आशा संगिनी को प्रशिक्षित किया जाएगा, जिन्होंने एचबीएनसी (घर पर नवजात शिशु की देखभाल) एवं एचबीवाईसी (छोटे बच्चों के लिए घर-आधारित देखभाल कार्यक्रम) प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है।

इस मामले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। जिसमें कहा गया है कि पिछले साल जिन आशाओं ने अपने कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्य किए हैं, उन्हीं कार्यों के आधार पर विकास खंड की श्रेष्ठ आशाओं का चयन किया जाएगा।

डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि जिले के लिए लक्षित आशाओं की संख्या ब्लॉक वार आवंटन जिले स्तर से करने को कहा गया है। श्रेष्ठ आशाओं के संबंध में मानक भी निर्धारित किए गए हैं। इनमें जैसे- आशा ने अपने क्षेत्र में कराए गए उन संस्थागत प्रसवों की संख्या जिसमें उसे प्रति केस 600 रुपये मिले हों। आशा के कार्यक्षेत्र में पूर्ण प्रतिरक्षित (टीकाकरण) बच्चों की संख्या, परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत स्थाई गर्भ निरोधक साधन के लिए प्रेरित करने पर आशा का श्रेष्ठतम मानक है। इसके अलावा आशा ने एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत अपने कार्यक्षेत्र में पूर्ण भरे प्रपत्रों की संख्या जिनमें उसे प्रति केस 250 रुपये मिले हों। इन्हीं मानक के आधार पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी औसत प्रतिशत के आधार पर ब्लॉक की श्रेष्ठ आशाओं एवं आशा संगिनियों का चयन कर विवरण सहित अपनी संस्तुति सीएमओ को भेजेंगे।

# झारखंड के राज्यपाल को दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नवनियुक्त राज्यपाल से मिले फिल्म अभिनेता मुकेश भारती व निर्माता मंजू भारती**
- **कहा- झारखंड में भी फिल्मों की शूटिंग करने का अवसर उपलब्ध होगा**

**अमृत विचार:** फिल्म अभिनेता मुकेश जे भारती व फिल्म निर्माता मंजू भारती ने झारखंड के नव नियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार से रांची राजभवन में मिलकर बधाई दी। बरेली से वॉलीवुड का सफर तय करने वाले अभिनेता मुकेश जे भारती ने अपने शहर बरेली से 8 बार सांसद रहे संतोष गंगवार को केंद्र सरकार द्वारा झारखंड का राज्यपाल नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दी।

फिल्म अभिनेता मुकेश जे भारती व फिल्म निर्माता मंजू भारती ने उनके राज्यपाल बनने पर खुशी जताई। कहा कि संतोष गंगवार के राज्यपाल बनने से झारखंड की जनता को बहुत अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा। निर्माता मंजू भारती ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि झारखंड में और भी फिल्मों की शूटिंग का अवसर मिलेगा। राज्यपाल ने दोनों को भविष्य में और सफल होने का आशीर्वाद दिया। झारखंड की जनता के साथ उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के लोगों में भी संतोष गंगवार के राज्यपाल बनने पर खुशी है।



झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात करते फिल्म अभिनेता मुकेश जे भारती व फिल्म निर्माता मंजू भारती। ● अमृत विचार

## कृष्णा बाल विद्या मंदिर में एसपी सिटी को दी विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शनिवार को कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्या भारती परिवार की ओर से एसपी सिटी की प्रशंसा की गई।

विद्यालय के निदेशक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने अपने कार्यकाल में किसी को निराश नहीं किया। सभी की सुनी और उनका कार्य किया। सभी शिष्ट और विशिष्ट अतिथियों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर ओम प्रकाश शास्त्री, सतीश अरोड़ा, दर्शन कुमार मित्तल, विनोद सिंघल, गोविंद राम गुप्ता, गजेंद्र चौधरी, सचिन चौधरी, अनूपेंद्र सिंह, दीक्षांत चौधरी, मेजर डॉ. देवेंद्र सिंह, राजेश रस्तोगी व अमन शर्मा शामिल रहे।

# डिजिटल स्ट्राइक कर मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लंबित मांगों के संबंध में उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले पदाधिकारी और कार्यकर्ता कई दिनों से सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को जिला इकाई के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र कलेक्ट्रेट में पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र कुमार को सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष अजीजुर रहीम, महामंत्री विपिन भट्ट, प्रमोद कुमार, अतर पाल सिंह, परविंदर कुमार, विमल शर्मा, साहिल, विजेता, आकाश कुमार, हरीश, सचिन प्रभाकर आदि लोग थे।

जिलाध्यक्ष अजीजुर रहीम ने बताया कि 15 सूत्रीय मांगों में ठेका प्रथा के माध्यम से तैनात पैरामेडिकल स्टॉफ, एचएमआईएस डाटा ऑपरेटर व अन्य समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बिचौलियों/ठेकेदारों से मुक्त किया जाए और इन कर्मियों को सीधे जिला स्वास्थ्य से अनुबंधित किया जाना चाहिए। इस दौरान रघुवीर सिंह, चंद्र शेखर, विमल शर्मा और अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र कुमार को ज्ञापन देते स्वास्थ्य कर्मचारी। ● अमृत विचार

### यह कार्य हुए हैं प्रभावित

- स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचआईएमएस)।
- गैर-संचारी रोग (एनसीडी)।
- मदर एंड चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम (एमसीटीएस)।
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके)।
- यू-विन पोर्टल पर बच्चों के टीकाकरण का रिकॉर्ड दर्ज नहीं किया।
- नागरिक पंजीकरण और जीवन सांख्यिकी (सीआरवीएस)।

### टीकाकरण न ही अन्य कोई डाटा किया ऑनलाइन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत तैनात स्वास्थ्य कर्मियों का प्रदर्शन 26 जुलाई से चल रहा है। शुरूआत में कर्मियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया। अब शनिवार से उन लोगों ने पोर्टल पर ऑनलाइन कार्य न कर डिजिटल स्ट्राइक कर दी है। पहले दिन डिजिटल स्ट्राइक आंशिक रही है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि एनएचएम कर्मियों ने केंद्र व राज्य सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन कार्य करना बंद कर दिया है। पहले दिन आंशिक रूप से कर्मियों ने डाटा अपलोड किया है लेकिन, सोमवार और मंगलवार को पूरी तरह से पोर्टल पर काम बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद भी जिम्मेदार नहीं चेतते हैं तो 7 अगस्त के दिन वह सभी लखनऊ पहुंचेंगे और वहां मिशन निदेशक के कार्यालय घेरेंगे।

**वुशु प्रतियोगिता** अंडर 17 वर्ग में मुरादाबाद के हिमेश, रामपुर के दक्ष व अमरोहा के तुषार व सिद्धू ने जीता गोल्ड

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के लाजपत नगर स्थित पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कालेज में मंडल स्तरीय वुशु प्रतियोगिता बालक वर्ग आयोजित की गई। इसकी शुरूआत कालेज के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों के परिचय प्राप्त करके की।

प्रधानाचार्य ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। बच्चे खेल के माध्यम से अपने परिवार, समाज व राष्ट्र का नाम ऊंचा करते हैं। इसलिए हर बच्चे को खेलों में भाग लेना चाहिए। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में रामपुर व अमरोहा जनपद की टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के आयोजन में मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर व चयनकर्ता के रूप में नरपत सिंह, दीपक कुमार, केशव थापा का सहयोग रहा।

प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ग में मुरादाबाद के हिमेश, रामपुर के दक्ष व अमरोहा के तुषार व सिद्धू ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं अंडर 19 में रामपुर के बख्तियार खान, अमरोहा के सुहेल व राजा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर रामपुर के क्रीड़ा सचिव सलीम यूसुफ, तुषार शर्मा व शिक्षक सचिन चौधरी मौजूद रहे।



मंडलीय वुशू प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### आठ खिलाड़ियों का रस्साकसी प्रतियोगिता में चयन

**अमृत विचार :** जिले के आठ खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर रस्साकसी प्रतियोगिता में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता पांच अगस्त को आगरा में आयोजित होगी। महानगर के खिलाड़ियों का चयन होने पर अन्य खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी है। जिला रस्साकसी संघ के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि मॉडर्न पब्लिक स्कूल के आठ खिलाड़ियों का अंडर 19 बालक वर्ग में चयन हुआ है। जिसमे समीर, शयान खान, अनस, सरताज मुमताज, मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद सैफ और मोहम्मद अमान शामिल है। उन्होंने बताया कि यह सभी खिलाड़ी पहली बार रस्साकसी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक सऊद आलम व प्रधानाचार्य शकील अहमद ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## कैंप लगाकर कांवड़ियों का जांचा स्वास्थ्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद-बरेली हाईवे पर स्वास्थ्य कर्मियों ने दो स्थलों पर कैंप लगाया और वहां से निकल रहे कांवड़ियों के स्वास्थ्य की जांच की। इन दोनों कैंप में करीब 200 रोगियों के स्वास्थ की जांच हुई है और उन्हें निशुल्क दवाएं दी गई हैं।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने कैंप में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया है। मूंढापांडे सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहम्मद अशरफ ने बताया कि टोल प्लाजा पर भंडारे का भी आयोजन हो रहा है। पिछले 24 घंटे में इस कैंप में 109 कांवड़ियों के स्वास्थ्य की जांच और उन्हें दवाएं दी गई हैं। इसी तरह जीरो प्वाइंट पर लगे कैंप में एमओसीएच डॉ. मुमताज, तीन स्टॉफ नर्स विनेश, अपर्णा और रीतू थीं। इन स्वास्थ्य कर्मियों ने 57 रोगियों का इलाज किया है।

# कांवड़ यात्रा मार्ग में रखें साफ-सफाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम के पीलीकोठी स्थित कार्यालय हॉल में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सफाई व खाद्य निरीक्षक के अलावा कार्यदायी संस्था एआईआईएलएसजी के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि सावन में कांवड़ यात्रा व मंदिरों में पूजा अर्चना को देखते हुए सफाई के पर्याप्त इंतजाम रखें। उन्होंने कहा कि शिव मंदिर व अन्य मंदिरों के आसपास सफाई सुनिश्चित कराएं।

वहीं, जोन एक बुद्धि विहार व फैजगंज में गृहकर व जलकर वसूली व जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के निस्तारण के लिए शिविर लगाया गया। शिविरों में 57 में से 45 आपत्तियां मौके पर निस्तारित की गईं। 11 लाख 47 हजार 749 रुपये का गृहकर व जलकर वसूला गया। शिविर में कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के अलावा क्षेत्रीय कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक आदि मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे। ● अमृत विचार

### भदौरा में कब्जा मुक्त कराई भूमि पर निर्माण कार्य देखा

नगर निगम के निर्माण अनुभाग की ओर से राजस्व ग्राम भदौरा में निगम की भूमि को कब्जा करने वालों से मुक्त कराया गया था। इस भूमि पर बाउंड्रीवाल बनवाने के कार्य का निरीक्षण शनिवार को सहायक अभियंता रईस अहमद, अवर अभियंता किशन लाल ने किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता भी देखकर इसे जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं जयंतीपुर, पंडित नगला, भोलानाथ कॉलोनी, जाहिद नगर करूला में मड पंप लगाकर जल निकासी कराई गई।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी।

33.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:37 | सूर्यास्त 07:05

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
healthy Eye is the main source of your strength.

डॉ. उपमा अवस्थी
एम.एस ऑफ्थैल्मोलॉजी जी.एस.वी.एम. कानपुर पूर्व फेलो इन फेको (श्रॉफ आई, दिल्ली) पूर्व फेलो इन विट्रयो-रेटीना (दिल्ली) पूर्व विट्रियो रेटीना कंसलटेन्ट सी.एल. गुप्ता, मुरादाबाद यू.पी.एम.सी. रजि. नं. 56677
ओ.पी.डी.समय
सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक श्री माधव आई सेन्टर
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG 14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

## कांवड़ियों के वाहन में बस ने मारी टक्कर, तीन घायल

### हरिद्वार से गंगाजल लेकर बरेली जा रहे थे श्रद्धालु, कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के तेज रफ्तार बस ने कांवड़ियों के वाहन में टक्कर मार दी। घटना में तीन कांवड़िये जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद शिवभक्तों ने सड़क जाम कर दी। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने समझाकर कांवड़ियों के जत्थे को गंतव्य के लिए रवाना किया। बस की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

सीओ हाईवे कुलदीप कुमार ने बताया कि बरेली चौपला के ताराचंद्र, नरेंद्र और प्रदीप कुमार जगतपुर बदायूं समेत 12 शिवभक्तों का जत्था हरिद्वार से गंगाजल लेकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान सुबह करीब छह बजे थाना क्षेत्र के गणेशघाट के निकट हाईवे पर मुरादाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने कांवड़ियों के टेंपो में पीछे से


मूंढापांडे में हंगामा के बाद जाम खुलवाती पुलिस। ● अमृत विचार

- पुलिस ने समझा-बुझाकर खुलवाया जाम, आरोपियों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन
- आरोपी वाहन चालक की पहचान के लिए खंगाले जा रहे आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे

टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित हुए टेंपो की चपेट आकर तीन कांवड़िये घायल हो गए। इस दौरान चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद गुस्साए साथियों ने मुरादाबाद से आने वाली दो लाइनों पर कांवड़ रखकर विरोध जताया। कांवड़ियों के जत्थे एकजुट होकर चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे और जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। कांवड़िये आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। वहीं पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ हाईवे ने बताया कि शिवभक्तों को चालक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद समझा-बुझाकर उन्हें गतंव्य के लिए रवाना किया गया। कांवड़ियों के आक्रोश से करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। उन्होंने बताया है कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्दी ही बस चालक को गिरफ्तार कर उस पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जाम खुलवाकर वाहनों का आवागमन सुचारू कराया।

### शिवभक्तों के लिए आरक्षित लाइन पर धड़ल्ले से गुजर रहे वाहन

श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए पुलिस प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को लेकर रूट डायवर्जन लागू किया है। जिसमें भारी वाहनों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित किया गया है। हाईवे की एक लाइन शिवभक्तों के लिए आरक्षित की गई है। बावजूद इसके उससे वाहन निकल रहे हैं। जिस कारण हादसे हो रहे हैं। घटना में सभी कांवड़िये बाल-बाल बचे हैं। शिवभक्तों की सुरक्षा में पुलिस लापरवाही बरत रही है। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए कड़े बंदोबस्त नजर नहीं आ रहे हैं। लगातार एक के बाद एक घटनाएं हो रही हैं। शुक्रवार को नागफनी थाना क्षेत्र के पंकज दिवाकर (30) और बिलारी के सोनू (32) दोनों कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हुई थी। दोनों कांवड़ लेने जा रहे थे। इसी दौरान गजरौला के निकट हादसे का शिकार हो गए। अब शनिवार को बस ने कांवड़ियों के वाहन में टक्कर मार दी। शिवभक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।


आग लगने के बाद जानकारी देता गृह स्वामी। ● अमृत विचार

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जलकर राख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हादसे में बाल-बाल बची महिला की जान, मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** नागफनी थाना क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया। हादसे में करीब चार से पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

थाना क्षेत्र के बंगला गांव गली नंबर दो निवासी राजीव ने बताया है कि वह टाउन हॉल में कपड़े की दुकान में काम करते हैं। उनकी मां और भाई भी काम पर गए हुए थे। घर पर अकेली उनकी पत्नी थी। पीड़ित राजीव ने बताया है कि शनिवार को उनके घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग की चपेट में आने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि घटना के समय उनकी पत्नी छत पर फंस गई। आग पर काबू पाने के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया। पीड़ित ने बताया है कि घर में रखा सामान जलकर राख हो गया है। आग से करीब चार से पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।


पिछले कुछ दिनों से गर्मी में लोग परेशान थे। शुक्रवार की रात से चली ठंडी हवा ने गर्मी से कुछ राहत दी, तो वही शनिवार को पूरे दिन आकाश में बादल छा जाने से तापमान में थोड़ी गिरावट आई। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली। ● अमृत विचार

## लापता युवक का शव लेकर परिजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पाकबड़ा थाना क्षेत्र से लापता युवक का शव बरामद होने के बाद परिजनों ने शनिवार को मझोला थाने के सामने जमकर हंगामा किया। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दी। परिजनों ने युवक की हत्या कर पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने लोगों शांत किया। बाद में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मझोला थाना प्रभारी केके वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को पाकबड़ा पुलिस ने रतनपुर कला निवासी अंकित (22) पुत्र रामवीर का शव बरामद किया था। उसका शव गांव के निकट जंगल में पेड़ से लटका मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद शनिवार को अंकित के परिवार व गांव वालों ने मझोला थाने के निकट गागन चौराहा पर शव को रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दी। गांव के ही लोगों पर युवक की हत्या कर पेड़ से लटकाने का आरोप लगाने लगे। रोड जाम होने से घंटों तक आवागमन बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। इसके बाद वाहनों का परिचालन शुरू किया। उन्होंने बताया है कि घटना पाकबड़ा थाने की है, लेकिन उनके थाना क्षेत्र में श्मशान घाट आता है। जिससे परिजन थाने के सामने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। हंगामे के बाद पाकबड़ा पुलिस ने गांव के जगदीश, कलुआ, सोनू, मोनू, जागेश और निवेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मझोला थाने के सामने लगे जाम को खुलवाती पुलिस। ● अमृत विचार

- गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगाया, कार्रवाई की मांग पर अड़े
- पाकबड़ा क्षेत्र के जंगल में पेड़ से लटका मिला था शव

### प्रेम-प्रसंग को लेकर हुई युवक की हत्या

मृतक के पिता रामवीर सिंह ने दी तहरीर में बताया कि उनके बेटा का गांव के ही जगदीश की बेटी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करने के लिए तैयार थे। इससे जगदीश एतराज जताते थे। करीब डेढ़ माह पहले प्रेमिका ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी थी। तब से युवती के परिवार वाले उसे परेशान कर रहे थे और जान से मारने की धमकी देते थे। अंकित ने इसकी जानकारी परिवार वालों को दी थी। 29 जुलाई को वह घर से किसी काम से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। लापता होने के बाद पांच दिन बाद पुलिस ने युवक का शव बरामद किया।

## एक नजर

### त्योहारों को देखते हुए जिले में निषेधाज्ञा लागू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, चेहल्लुम, ईद-ए-मिलाद/बारावफात, विश्वकर्मा पूजा/अनन्त चतुर्दशी के अलावा जिले में आयोजित होने वाली परीक्षाओं को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट अनुज सिंह ने 26 सितंबर तक जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत इसका उल्लंघन दंडनीय होगा। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि कानून व शान्ति व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञा लागू की गई है।

### बारिश शुरू होते ही गुल हो जाती है बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम में नमी के बाद भी महानगर वासियों को बिजली कटौती से कोई राहत नहीं मिल पा रही है। उमस भरी गर्मी में घंटों तक बिजली गुल रहने से लोगों का बुरा हाल है। बिजली विभाग के उपकरण बारिश की बूंदों को भी नहीं झेल पा रहे हैं। बारिश शुरू होते ही बिजली कर्मचारी बिजली आपूर्ति के उपकरणों में फाल्ट होने के डर से घंटों के लिए आपूर्ति ही बंद कर देते हैं। ऐसे में लोगों के फोन मिलाने पर बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी फोन उठाने से भी बचते हैं। सरकार के शहरी क्षेत्र को 20 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति दिए जाने के दावे धराशायी हो रहे हैं।

**आयोजन** — तीज के फिल्मी गानों पर थिरकीं क्लब की महिला सदस्य, बांधा समां

## रोटरी क्लब समर्पण ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण का हरियाली तीज उत्सव कार्यक्रम रामगंगा विहार स्थित एक होटल में हुआ। जिसमें क्लब की महिला सदस्यों ने हरियाली तीज के गाने पर नृत्य किया। क्लब के सदस्यों ने इस दौरान कपल डांस भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निशा मौर्य मिस यूनिवर्स डिवाइन 2022 का स्वागत अध्यक्ष राजीव अग्रवाल व सचिव विक्रम रस्तोगी और महिला सदस्यों ने किया। सभा का आरंभ हरियाली तीज कार्यक्रम की संयोजिका रंजना अग्रवाल, पल्लवी रस्तोगी और सिल्की अग्रवाल ने किया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में इशिता पावनी और बच्चों ने शानदार डांस प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. शुभि कसेरा ने रानी लक्ष्मी बाई पर प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। हिमानी और आशुतोष, पुलकित और सलोनी, स्मिता और विशाल ने मनमोहक कपल डांस की प्रस्तुति दी। रंजना अग्रवाल और अनामिका भारद्वाज ने सास बहू के ऊपर हास्यप्रद नाटक से सबका मन मोह लिया। वहीं मौके ए दस्तूर पर फिल्मी हरियाली तीज के गानों पर क्लब की महिलाओं ने डांस किया। वहीं पुरुष सदस्यों ने भी अपने फन का प्रदर्शन कर हरियाली तीज के गाने गाए। इसके बाद मुख्य अतिथि निशा मौर्य ने रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण की चुनी गई तीज क्वीन को ताज पहनाया।

इसके बाद बर्थडे एनिवर्सरी संयोजक ने सभी को बर्थडे और एनिवर्सरी की शुभकामनाओं के साथ गिफ्ट दिए। क्लब अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उसके बाद अध्यक्ष और सचिव द्वारा कार्यक्रम संयोजिका रंजना अग्रवाल, पल्लवी रस्तोगी, सिल्की अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। अंत में वोट आफ थैंक्स देकर क्लब के सभी सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया। इस दौरान अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सचिव विक्रम रस्तोगी, सुबोध भारद्वाज,डीआर, गोपेश मल्होत्रा, अधिवक्ता निखिल गुप्ता, पंकज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सौरभ मदान, गोपाल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, परमीत सिंघल, राजीव गुप्ता, मयंक अग्रवाल, राम रतन शर्मा, अंजनी शर्मा, अनामिका भारद्वाज, पल्लवी रस्तोगी, रंजना अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल नेहा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


रामगंगा विहार स्थित रेस्टोरेंट में रोटरी क्लब मुरादाबाद समर्पण के तीज उत्सव में उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रेमिका को जान से मारने की दे रहा था धमकी

**अमृत विचार:** शादी का झांसा देकर युवती के साथ एक होटल में प्रेमी ने दुष्कर्म किया। युवती ने शादी के लिए कहा तो आरोपी टालमटोल करने लगा। दबाव बनाने पर प्रेमी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कटघर थाना क्षेत्र की निवासी युवती ने दी तहरीर में बताया है कि छह माह पहले वह अपने नाना के घर एक शादी समारोह में शामिल होने रामपुर के टांडा क्षेत्र में गई थी। इस दौरान उसकी मुलाकात टांडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दुलीवाला निवासी मनोज सैनी से हो गई थी। आरोपी मनोज ने युवती का मोबाइल नंबर भी ले लिया था। इसके बाद आरोपी युवती से बात करने लगा। युवती का कहना है कि मनोज ने 11 जुलाई 2024 को उसे मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद वह उसे कोतवाली क्षेत्र के एक होटल में ले गया। आरोपी ने उसे यहां शादी करने का झांसा दिया। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अब आरोपी शादी करने से मना कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी ऊषा मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### आईएमए की आम सभा में चुनाव कार्यक्रम घोषित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कचहरी परिसर में शनिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की मासिक आम सभा हुई। सभा का आरंभ आईएमए प्रार्थना से हुआ। जिला इकाई के अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद सदस्यों के बीच निगम के हाउस-वाटर टैक्स और एमडीए द्वारा बेसमेंट सर्वे के बारे में किए प्रयासों के बारे में चर्चा हुई। संगठन के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम की भी रूपरेखा तय हुई। इस सभा में मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. सुधीर कुमार मिड्ढा ने कार्यक्रम घोषित किया। परिणाम 25 अगस्त की शाम को घोषित होगा। इसके पूर्व नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त घोषित की है। निर्वाचन 25 अगस्त को आईएमए भवन में तीन बजे से शाम छह बजे तक होगा। उसी शाम को परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे। आम सभा में डॉ. सैयद मोहम्मद रजी ने डायबिटीज और बचाव के बारे में जानकारी दी गई। आईएमए की सेक्रेटरी डॉ. श्रुति खन्ना ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ. बबीता गुप्ता, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. नितिन बत्रा, डॉ. सीमा मिड्ढा, डॉ. ऋचा गंगल, डॉ. संगीता मदान, डॉ. यूसी रस्तोगी भी थे।

### ट्रेनों का संचालन बेपटरी होने से यात्री परेशान, गर्मी में ट्रेनों के इंतजार में बीत रहा समय

# न्यू तिनसुकिया व अमृतसर क्लोन कई घंटे लेट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक बार फिर से ट्रेनों का संचालन बेपटरी हो गया है। ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। ट्रेनों के देरी से पहुंचने पर यात्रियों की गर्मी के बीच दुश्वारियां बढ़ रही हैं। शनिवार को कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची, जिससे यात्री परेशान हुए।

मई व जून में गर्मी की छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में जहां एक तरफ यात्रियों की भीड़ थी तो वहीं ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बिगड़ा हुआ था। जुलाई में ट्रेनों के संचालन में सुधार हो गया था। ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर पहुंच रही थी, लेकिन अगस्त शुरू होते से ट्रेनों का संचालन एक बार फिर से गड़बड़ हो गया है। कई जगहों पर बारिश होने से भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। शनिवार को छह ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची। जिसमें न्यू तिनसुकिया स्पेशल सात घंटे और अमृतसर क्लोन स्पेशल सुपरफास्ट पांच घंटे की देरी से पहुंची। जिसके चलते यात्री गर्मी के बीच काफी परेशान हुए।



रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

**परेशानी**

- **कई राज्यों में अधिक बारिश भी ट्रेन संचालन में बन रही बाधा**
- **अगस्त शुरू होते ही बढ़ने लगी ट्रेनों की लेटलतीफी**

| ट्रेन सं. | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 05920 | न्यू तिनसुकिया समर स्पेशल | सात घंटे 45 मिनट |
| 04653 | अमृतसर क्लोन सुपरफास्ट स्पेशल | पांच घंटे 30 मिनट |
| 15211 | जननायक एक्सप्रेस | दो घंटे 39 मिनट |
| 02504 | डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | एक घंटे 15 मिनट |
| 13152 | कोलकाता एक्सप्रेस | चार घंटे 27 मिनट |
| 04680 | गुवाहाटी समर स्पेशल | तीन घंटे सात मिनट |
| 13151 | जम्मूतवी एक्सप्रेस | एक घंटे 57 मिनट |
| 19601 | न्यूज लपाईगुढ़ी साप्ताहिक | एक घंटा 41 मिनट |

### दिव्यांगों को मिलेंगे पुरस्कार, मांगे आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीन दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने राज्य पुरस्कारों के लिए 12 श्रेणियों में दिव्यांगों के चयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगों के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को बाधा मुक्त वातावरण के सृजन के लिए सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी व संस्थाएं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय से आवेदन पत्र ले सकते हैं। जिसमें विवरण, अभिलेखों सहित तीन प्रतियों में तीन दिवस के अन्दर जमा करा दें।

# मोबाइल छिनैती करने वाले चार गिरफ्तार

## अपने खर्चे पूरे करने के लिए करते थे वारदात, अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले चार आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। इनके पास से 17 मोबाइल समेत अन्य सामग्री जब्त की है। ये खर्चे पूरे करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे और बाद में सस्ते दामों में मोबाइल बेच देते थे। पुलिस इनसे जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि गलशहीद के ईदगाह निवासी फैज पुत्र राशिद, कोतवाली के ताड़ीखाना धोसीवाली का रहने वाला इमरान पुत्र अजीजुल रहमान और सिविल लाइंस के चक्कर की मिलक निवासी दनान पुत्र हामिद अली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों पक्के दोस्त हैं। तीनों मिलकर अदनान की बाइक पर घूमते रहते हैं। मौका पाकर राहगीरों से मोबाइल, पर्स छीन लेते थे। आरोपी अपने खर्चे के लिए काफी दिनों से इस काम को कर रहे थे। इसके बाद लोगों को मोबाइल सस्ते दामों में बेच देते थे और पैसों को बांट लेते थे। एसपी सिटी ने बताया कि करीब पांच दिन पहले थाना क्षेत्र के लाजपतनगर स्थित एक रेस्टोरेन्ट के पास से रात में तीनों आरोपियों ने एक युवक का मोबाइल और पर्स छीन लिया और भाग गए। युवक की शिकायत पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शनिवार को मोबाइल बेचने जा रहे आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से छह मोबाइल और कुछ पैसों समेत अन्य सामग्री जब्त की है। वहीं एक अन्य आरोपी चंदौसी के कोतवाली क्षेत्र के खुर्जा गेट निकट निवासी राहुल कश्यप पुत्र हरीश कश्यप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 11 मोबाइल समेत कुछ पैसे बरामद किए हैं। राहुल मझोला के लाइनपार सूर्यनगर में सत्यपाल के मकान में किराये पर रहता था और वारदात को अंजाम देता था। राहुल ने पूछताछ में बताया है कि उसके अन्य दो साथी उधम सिंह नगर के रूद्रपुर निवासी राहुल कोली और विसौली के रवि कश्यप मिलकर लोगों के मोबाइल छीनते थे। वह यहां से उत्तराखंड व अन्य शहरों में चोरी के मोबाइल सस्ते दामों में बेचता था। एसपी सिटी ने बताया है कि राहुल व रवि की तलाश की जा रही है। चोरों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।



पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया।



हरिद्वार से गंगाजल लेकर आते कांवड़िये। ● अमृत विचार

# कांवड़ियों की आवाजाही से शिवमय हुआ नेशनल हाईवे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सावन के तीसरे सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये हरिद्वार व बृजघाट के लिए रवाना हो रहे हैं। शनिवार को महानगर के कांठ रोड व दिल्ली रोड पर पूरे दिन कांवड़ियों के जत्थे आते जाते रहे।

सावन का तीसरा सोमवार पांच अगस्त को है। जिसके लिए कांवड़ियों के जत्थे रवाना होना शुरू हो गए हैं। दिल्ली रोड पर रामपुर, मिलक, शाहबाद समेत अन्य क्षेत्रों के कांवड़ियों के जत्थों ने शनिवार को वापसी शुरू कर दी। वहीं हरिद्वार से जल लेने गए कांवड़िये भी अब वापसी कर रहे हैं। मूंढापांडे से गंगाजल लेने के लिए निकले बेड़े के महंत रामऔतार ने बताया कि वह लोग शनिवार को गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार के लिए रवाना हो रहे हैं। गंगाजल लेकर रविवार सुबह ही वापसी करेंगे और सोमवार सुबह तक अपने गांव के शिवालय में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।



जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

# बिजली कटौती पर भड़के कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को कांग्रेसियों ने अनियमित बिजली आपूर्ति के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग की।

जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि इस बार बारिश कम हुई है। जिसके चलते गर्मी ज्यादा है। ऐसे में बिजली की कम आपूर्ति से जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ किसान, कामगार व विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धान की फसल पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। करूला में जर्जर तारों व ताड़ीखाना में वोल्टेज में उतार चढ़ाव के चलते उपकरणों को नुकसान पहुंचने पर रोष जताया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन में अमीरुल जाफरी, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, अकरम खां, अल्पसंख्यक चेयरमैन अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, गौरव त्रिवेदी आदि शामिल रहे।

# विकास कार्य से दो गुनी निकाली ग्रापं निधि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**गोलमाल**

- **संचारी रोग के बढ़े मरीजों को लेकर डीपीआरओ ने किया गांवों का निरीक्षण**
- **जांच में कई गांवों में मिली गंदगी नोटिस देकर एक सप्ताह में बिल बाउचर दिखाने को कहा**

**अमृत विचार :** संचारी रोगों की रोकथाम के बाद भी बढ़ रहे मरीजों को लेकर किए निरीक्षण में मूंढापांडे ब्लॉक व मुरादाबाद की ग्राम पंचायतों के आधा दर्जन से अधिक प्रधान और सचिवों की लापरवाही का मामला सामने आया है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में फैली गंदगी की फोटोग्राफी कराने के बाद सभी प्रधानों और सचिवों से दिए नोटिस का सप्ताह भर में जवाब मांगा है। वहीं, दलपतपुर के ग्राम प्रधान के द्वारा किए गए कार्य से अधिक धनराशि निकालने का मामला सामने आने पर प्रधान व सचिव को विकास कार्य के लिए निकाली गई धनराशि के बिल वाउचर तीन दिन में दिखाने के लिए कहा है। समय से बिल वाउचर न दिखाने पर कार्रवाई की जाएगी।

संचारी रोग अभियान को प्रधानों के साथ सचिव भी विफल कर रहे हैं। सरकार के लाख प्रयास के बाद भी संचारी रोगों के बीमारों की संख्या बढ़ रही है। जिसको लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने दो दिन में 12 गांवों का निरीक्षण किया। जिसमें सबसे अधिक मूंढापांडे ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में गंदगी मिली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुरादाबाद ब्लॉक गांव भैसियां में प्रधान मोहम्मद शान को मौके पर बुलाकर गांव में फैली गंदगी दिखाई और संचारी रोग में लापरवाही बरतने व गांव में किए गए विकास कार्य के सापेक्ष अधिक धनराशि निकालने का मामला भी पकड़ा।

इसके बाद इसी ब्लॉक के गांव शाहूनगला में भी गंदगी मिली और विकास कार्य के लिए निकाली गई धनराशि में धांधली का सामने आया है। मूंढापांडे ब्लॉक के गांव वीरपुर में गांव में घुसते ही गंदगी के अंबार मिले। उन्होंने ग्राम प्रधान अकरम को मौके पर बुलाया। गांव सफाई न कराने की वजह पूछी तो प्रधान कोई जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद गांव प्रधान निधि से कराए विकास कार्य में निकाली धनराशि का अधिक होना पाया गया। दलपतपुर में किए गए विकास कार्य का निरीक्षण किया जिसमें विकास कार्य से अधिक धनराशि निकालने की बात सामने आई। उन्हें गांव के प्राथमिक विद्यालय व सामूहिक शौचालय के पास गंदगी मिली।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण में बरती जा रही लापरवाही की बात सामने आने पर 12 गांवों का निरीक्षण किया गया है। जिसमें सात गांवों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लापरवाही के साथ प्रधानों द्वारा ग्राम पंचायत निधि से विकास कार्य से अधिक धनराशि निकालने की बात सामने आई है। जिसको लेकर सभी को नोटिस दिए गए हैं। विकास कार्य में लगे बिल वाउचर सप्ताह के भीतर नहीं दिखाने पर निकाली गई धनराशि की वसूली के साथ धांधली के मामले में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इन गांव के सचिवों पर भी कार्रवाई होगी।

**आयोजन** नोएडा में शुरू हुआ आईएचई 2024 का 7वां संस्करण, केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री ने किया उद्घाटन

# आईएचई का हिस्सा होना गर्व की बात : गजेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को नोएडा में इंडिया इंटरनेशनल हास्पिटैलिटी एक्सपो (आईएचई-2024) के सातवें संस्करण की शुरूआत केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र दूसरा सबसे बड़ा रोजगार सृजनकर्ता है। हम इस क्षेत्र में विविधता और नए व्यावसायिक अवसर देख रहे हैं ताकि नए रोजगार पैदा किए जा सकें।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आईएचई 2024 का हिस्सा होना हमारे लिए गर्व की बात है। आईएचई वैश्विक मंच भारतीय हास्पिटैलिटी क्षेत्र की क्षमता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पर्यटन और अतिथ्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व धरोहर समिति की बैठक सरकार के गठन के 40 दिनों के भीतर ही आयोजित की गई थी, जिसमें 170 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। भारत अब एक आकर्षण के केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने राकेश कुमार के प्रयासों की सराहना की है। वहीं इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि सात सफलतापूर्वक आयोजन पर गर्व महसूस करते हैं जो बड़ी सफलता रहे। आईएचई केवल एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को और अधिक प्रतिष्ठित और उल्लेखनीय बनाने की जिम्मेदारी है। सातवां मेला सभी पूर्व निर्धारित और दीर्घकालिक रिकॉर्ड को तोड़ने जा रहा है। हमने वियतनाम के साथ एक साझेदार देश के रूप में सहयोग किया है। वियतनामी प्रदर्शक अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

हिमाचल प्रदेश को फोकस स्टेट के रूप में शामिल किया है। इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में हुए उद्घाटन समारोह में म्यांमार के राजदूत एचई मो क्याव आंग, वियतनाम के दूतावास के मुख्य व्यापार सलाहकार बुई ट्रुंग थुओंग, आकार प्रदर्शनी के निदेशक प्रेमल मेहता, हिमाचल सरकार की आईएएस मीरा मोहंती, टॉप्स इंडिया के निदेशक भारत कुमार सवर्णी, नूर्नबर्ग मेस की प्रबंध निदेशक सोनिया पाराशर, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार, आईएचई अध्यक्ष हरी दादू, मार्ट के सीईओ सुदीप सरकार शामिल रहे।




आईएचई 2024 का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अन्य लोग।

# नलकूप कॉलोनी में घर से सामान और नकदी चोरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **समाधान दिवस में शामिल होने कांठ गए थे राशिद खां**

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नलकूप खंड प्रथम प्रशासनिक अधिकारी के घर में दिनदहाड़े चोरी हो गई। वह संपूर्ण समाधान दिवस में शामिल होने कांठ गए हुए थे। इसी दौरान मौका पाकर चोर नकदी समेत घर का सामान ई-रिक्शा में लादकर ले गए। जानकारी पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

थाना क्षेत्र के मंडलायुक्त आवास के पीछे नलकूप कॉलोनी निवासी राशिद हुसैन खां नलकूप विभाग में प्रशासनिक अधिकारी हैं। शनिवार को वह समाधान दिवस में शामिल होने के लिए कांठ गए हुए थे। इसी दौरान चार युवक ई-रिक्शा लेकर आए और घर की दीवार फांदकर अंदर घुस गए और कमरे का ताला तोड़कर सिलेंडर समेत घरेलू सामान ई-रिक्शा में लादकर ले गए। चोर घर में रखे 50 हजार रुपये भी चुरा ले गए। चोरी की भनक लगने पर पड़ोसी ने चोरों को रोकने की कोशिश की तो चोर छीनाझपटी कर मौके से फरार हो गए। पड़ोसी ने घटना की जानकारी राशिद हुसैन खां को दी। राशिद घर पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा था। उन्हें बच्चों की गोलक फूटी मिली और अलमारी में रखी नकदी भी गायब थी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर घरेलू सामान चोरी हुआ है। घटना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की शिनाख्त के लिए घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।



## एक नजर

### दहेज उत्पीड़न में महिला सहित चार पर रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में दहेज के लिए महिला को मार पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले में महिला सहित चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम नसीरपुर निवासी रजनी पत्नी महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी शादी सात वर्ष पहले महेंद्र पुत्र लेखराज निवासी नसीरपुर से हुई थी। उसके ससुराल वाले दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। जब उसने असमर्थता जताई तो 19 जुलाई को रजनी के पति महेंद्र सिंह, ससुर लेखराज सिंह, सास कृपा, देवर चंचल आदि ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला अपने मायके पहुंची और इसके बाद थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### मिनी बैंक के लाइसेंस के नाम पर ठगी, एक पर रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मिनी बैंक का लाइसेंस दिलाने के नाम पर तीन लाख 35 हजार रुपये हड़पने में एक व्यक्ति पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम डुडेला निवासी दिग्विजय सिंह पुत्र तिलक राज सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर देशराज नाम के एक व्यक्ति पर जन सेवा केंद्र व मिनी बैंक का लाइसेंस दिलाने के नाम पर तीन लाख 35 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। मामले में न्यायालय ने पुलिस को आरोपी पर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने आरोपी देशराज सिंह पर मामला दर्ज कर लिया है।

### सीएचसी में ऑपरेशन से कराया प्रसव

**कांठ, अमृत विचार :** सीएचसी में ऑपरेशन कर चिकित्सकों ने प्रसव कराया है। ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। शनिवार को सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह के नेतृत्व में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अलवीना, निश्चेतक डॉ. आरके शर्मा, सर्जन डॉ. जुनैद, नर्स इंचार्ज आयशा व चिकित्सकों की टीम ने ग्राम कुरी रवाना निवासी ममता पत्नी सुरेंद्र सिंह का सिजेरियन ऑपरेशन कर प्रसव कराया। ममता ने बेटे को जन्म दिया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। अब सीएचसी पर सीजर ऑपरेशन कर प्रसव कराए जाएंगे।

### दंपति पर मारपीट व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना डिलारी के गांव सरकार बिश्नोई निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो अगस्त की सुबह वह घर पर आई तो उसके जेठ-जेठानी ने गाली गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों मारपीट कर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर जेठ और जेठानी धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जेठ संजीव कुमार व जेठानी पूनम देवी पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 25 लाभार्थियों के प्रमाण पत्र बने व 18 ने भरे फॉर्म

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को ब्लॉक सभागार में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा लगे शिविर का आयोजन खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। एडीओ समाज कल्याण विख्यात चौहान ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन 25 लाभार्थी दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए गए और 18 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए फॉर्म भरे गए। शिविर में डॉ. रामकिशोर सिंह, डॉ. शेर सिंह, डॉ. एके अंसारी आदि शामिल रहे।

### शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में शिव पुराण के पांचवें दिन कथावाचक पंडित नितिन भारद्वाज ने शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई। शनिवार को कथावाचक ने बताया कि भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए मां पार्वती ने कठिन तपस्या की थी। महाशिवरात्रि के दिन शिव पार्वती का विवाह हुआ था। पार्वती राजा हिमवान और रानी मैनावती की पुत्री थी। शिव से विवाह के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की। पार्वती का प्रेम देख भोलेनाथ विवाह के लिए राजी हो गए। कथा के बाद आरती की गई और प्रसाद वितरण हुआ। कथा में अपर्णा संस्थान के डायरेक्टर अनिरुद्ध चौहान, महेश कुमार, वीरेंद्र शर्मा, अशोक गहलोत, दानवीर राठी, अश्वनी कुमार, अभय गौड़, बृजनंदन शर्मा, ज्ञान प्रकाश चौहान, गीता शर्मा, शांति देवी, ज्योति चौहान, शीला देवी, संतोष त्यागी, रीमा गुप्ता आदि ने भाग लिया।

# 42 शिकायतें दर्ज, महज दो का किया निस्तारण

## ढकिया के ईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि का दिया नोटिस, पांच अधिकारी रहे अनुपस्थित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस पर 42 लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने दो का मौके पर निस्तारण करा दिया। जबकि पांच शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई। पांच अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं, ढकिया नगर पंचायत के ईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि का नोटिस जारी दिया गया।

शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में शिकायतें सुनी गईं। जिसमें ग्राम पंचायत नगलिया निवासी इब्ले हसन, मोहित कुमार, विनीत कुमार, भारत सिंह, नवल किशोर, मोहम्मद हफीज ने शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव में सरोज सफाई कर्मचारी है। परंतु वह स्वयं काम न कर दूसरे व्यक्ति से मजदूरी पर सफाई कराती है। लेकिन वह गांव में सफाई नहीं करता। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से भी शिकायत की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बहापुर बलिया निवासी नन्हे सिंह, इमरती देवी, सतीश कुमार ने बताया कि गाटा संख्या 502 की हदबंदी कराई थी। आरोप लगाया कि चंद्रपाल, काशीराम, नाहर सिंह, बिट्टू आदि ने हदबंदी के लगाए निशानों को उखाड़ दिया। ग्रामीणों ने मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मनी अरोड़ा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार भूपाल सिंह, वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार, नायब तहसीलदार आदित्य कुमार, शिवकुमार सरोज, खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता आदि थे।


ठाकुरद्वारा में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्य विकास अधिकारी व अन्य।

### एसडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में 143 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। जहां 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। शेष के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि सभी शिकायतों की गंभीरता से जांच करने के बाद निस्तारण किया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी अजय कृष्ण ने कहा कि फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से लेकर पहले निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद शिकायत का निस्तारण किया जाए, तो बार-बार फरियादी शिकायत लेकर नहीं आएगी। एसडीएम अजय मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए की संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों में लापरवाही न हो।

### 33 शिकायतें दर्ज, किसी का समाधान नहीं

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्रा ने लोगों की शिकायतें सुनीं और निस्तारण करने के संबंधित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व विभाग से 15, पुलिस विभाग से 08, विकास विभाग से 03, विद्युत विभाग से 04, अन्य विभागों की 03 शिकायतें दर्ज की गईं। कुल 33 शिकायतें दर्ज की गईं। लेकिन किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। एडीएम सत्यम मिश्रा ने पारदर्शिता से सभी शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए। इस दौरान तहसीलदार कमलेश तिवारी, एडीएम सत्यम मिश्रा, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### नकली कीटनाशकों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाकियू कार्यकर्ताओं की बैठक ब्लाक परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र चौधरी व संचालन हरीराज सिंह ने किया। बैठक में कहा कि क्षेत्र में धान की फसल में कई बीमारियां फैल रही हैं। कई कीटनाशक दवाओं के दुकानदार किसानों को नकली दवाएं बेच रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने समाधान दिवस में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, क्षेत्र में बिजली के जर्जर तार ठीक कराने, करनपुर में सार्वजनिक लाइट लगवाने, गझेडा आलम से सरकड़ा करीम तक नहर की पटरी को पक्का निर्माण कराने आदि मांग की। प्रदर्शन में घनेंद्र शर्मा, सुशील विश्नोई, संजीव कुमार, राजेंद्र नारायण सिंह, जयपाल सिंह, सोमवीर सिंह, सोमवीर सिंह, मंसाराम यादव, जयपाल सिंह, हरकेश सिंह, गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन करने पहुंचे जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

# कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ियों की सेवा के लिए लगाए गए पुलिस प्रशासन के भंडारों व सेवा शिविरों का उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल शनिवार को सहसपुर, गढ़ी सलेमपुर पुलिस चेक पोस्ट पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस द्वारा लगाए कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन किया। तहसील के पास मुख्य मार्ग पर तहसील प्रशासन द्वारा कांवड़ियों की सेवा के लिए भंडारे का भी उद्घाटन किया। दोनों अधिकारियों ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम अजय मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार आनंद कुमार नायक मौजूद रहे। वहीं, शिवभक्तों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सात स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए हैं। कांवड़ियों के लिए एंबुलेंस से लेकर अस्पताल तक की व्यवस्थाएं कराई गई है।

# घर में कूमल लगाकर लाखों की चोरी

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** गर्मी के कारण परिवार के लोग घर पर सोते रहे। जबकि चोरों ने मकान की पिछली दीवार में कूमल लगाकर लाखों रुपये के जेवर, कपड़े और डेढ़ लाख रुपये की नकदी साफ कर दी।

शनिवार रात गांव नूरपुर निवासी संजय की पत्नी अरुणा परिजनों के साथ गर्मी के चलते मकान की छत पर सो रही थी। रात में किसी समय चोर मकान के पीछे कूमल लगाकर घुस गए। जहां चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ा और जेवर, तीन साड़ी, डेढ़ लाख रुपये समेत 12 लाख रुपये का सामान ले गए। सुबह जागने पर अरुणा ने घर का सामान इधर-उधर पड़ा देखा तो दंग रह गई। क्षेत्रवासियों ने बताया कि रात में पुलिसकर्मी सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर सो जाते हैं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की और फॉरेंसिक की टीम ने साक्ष्य जुटाए। सीओ राजेश कुमार ने कहा कि कार्रवाई की जा रही है।


घटनास्थल की जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

### ग्रामीण के घर में चोरी, तीन के खिलाफ तहरीर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम मधुपुरी निवासी भारत सिंह पुत्र ईश्वरी सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 31 जुलाई की रात परिवार के सदस्य कमरे में सो रहे थे। इस बीच आहट होने पर परिवार के सदस्यों की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचाया और दरवाजे पर पहुंचे तो देखा कि गांव के दो लोगों के साथ एक अज्ञात घर का सामान उठाकर ले जा रहे थे। पीछा करने पर तीनों फरार हो गए। उसके घर से तीनों ने जेवर, तीन फोन और छह हजार रुपये नकदी चोरी की है। पीड़ित ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है।

## सार संक्षेप

### एसबीएस स्कूल में कैबिनेट का चयन

**बिलारी, अमृत विचार :** एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2024 25 के लिए स्कूल कैबिनेट का चयन किया गया। शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ ने चयनित सदस्यों को शपथ दिलाई। विद्यालय में हेड गर्ल, स्कूल कैप्टन कक्षा 12 विज्ञान की छात्रा जूबिया को चुना गया। शौर्य शर्मा कक्षा 11 विज्ञान हेड ब्वॉय व स्कूल कैप्टन चुने गए। विद्यालय प्रबंधक राजीव सहाय ने कैबिनेट सदस्यों को बधाई दी।

### किसानों को मोटे अनाज के बीज बांटे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** किसानों को बीमारियों से दूर रहने के लिए मोटा अनाज का प्रयोग करने और इनका उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को निशुल्क बीज का भी वितरण किया और जैविक खाद का प्रयोग करने की अपील की। खंड विकास कार्यालय में शनिवार को मिलेट्स योजना के अंतर्गत ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि डॉ. वीर सिंह सैनी ने 200 किसानों को मंडुआ, कुटकी, सांबा, रागी, ज्वार, बाजरा आदि के बीज का निशुल्क वितरण किया। उन्होंने भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए जैविक खाद प्रयोग करने का आह्वान किया। चिकित्सकों की सलाह पर अब लोग मोटा अनाज खाने का प्राथमिक्ता दे रहे हैं। इस अवसर पर रमेश चंद्र, संदीप कुमार, नाजिम, चंद्र प्रकाश, दिनेश कुमार, भूपेंद्र सिंह आदि थे।

### खाद व कूड़े के गड्ढे आबादी से हटाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम काला झंडा के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी मनी अरोड़ा को शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ही खाद व कूड़े के गड्ढे बनाये जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों के घरों के आसपास गन्दगी फैल रही हैं और बदबू व बीमारी की आशंका से ग्रामीणों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी मनी अरोड़ा को शिकायती पत्र देकर आबादी के बीच बनाए जा रहे गड्ढों को जंगल में बनवाने की मांग की है। शिकायती पत्र पर लाखन सिंह, रामचंद्र सिंह, पदम सिंह, मोहन सिंह, दिले हसन, सूरज, सुधीर, रोताश सिंह के हस्ताक्षर थे।

### सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** समाधान दिवस में अधिवक्ता ने शिकायत पत्र देकर ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है। नौशाद उस्मानी ने शिकायती पत्र देकर बताया कि ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग पर नगर से लेकर रतुपुरा मोड़, रामनगर खागूवाला, पृथ्वीपुर गांवड़ी व शरीफनगर व भायपुर, मोड़ के पास कई फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं।

### युवती को फुसलाकर ले जाने में एक पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि एक अगस्त को वह अपनी छोटी बेटी की दवा लेने मुरादाबाद गई थी। जब वह मुरादाबाद से आई तो देखा तो उसकी बड़ी बेटी घर पर नहीं थी। तलाश के बाद उसका कोई पता नहीं चला। बाद में जानकारी हुई कि एक युवक उसकी पुत्री को फुसलाकर ले गया है। उसकी बेटी अपने साथ सोने के छह व चांदी के दो जेवर ले गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई करने और पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जसपुर निवासी पवन पर युवती के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।

### लाठी-डंडों से मारपीट में चार पर रिपोर्ट

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम खईया खादर निवासी महिला रुकसाना ने थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पति इसरार खेत पर काम कर रहा था। तभी गांव निवासी फरमान, याकूब, अय्यूब और मुजफ्फर लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंच गए और मेढ़ काटने की बात कहकर गालियां देने लगे। गालियां देने से मना करने पर आरोपियों पति को लाठी-डंडों से पीटा। मामले में पुलिस को दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रति यूनिट दो किलो कम राशन देने की शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी निवासी राशन कार्ड धारकों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई की गांव का राशन डीलर प्रति यूनिट दो किलो राशन कम दे रहा है। ज्ञापन देने वालों में छत्रपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, दिवेश कुमार, ऋषि राम, रूप सिंह, कुवर पाल सिंह, नरेश सिंह, राकेश कुमार, यशपाल सिंह, नरेश कुमार आदि के हस्ताक्षर थे।

### साइबर ठग ने अधिवक्ता से 10 हजार रुपये ठगे

**कांठ, अमृत विचार :** अधिवक्ता का मोबाइल हैक कर साइबर ठग ने 10 हजार रुपये दूसरे अधिवक्ता से ठग लिये। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम समसपुर बुनियादपुर निवासी यशवीर सिंह अधिवक्ता हैं। 22 जुलाई की शाम को पांच बजे उनका मोबाइल नंबर का व्हाट्सएप हैक कर लिया। ठग ने डीपी पर अधिवक्ता का नाम लिखकर मोबाइल नंबर के माध्यम से अनेक लोगों से व्हाट्सएप के माध्यम से पैसों की मांग की थी। 23 जुलाई को अधिवक्ता ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद अधिवक्ता संजीव कुमार से कॉल करके 10 हजार रुपये मांगे। जिस पर अधिवक्ता ने अपने मित्र जसप्रीत पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी कांठ से कह बैंक खाते से रुपये भिजवा दिए। इसके अलावा कई अधिवक्ताओं से मोबाइल फोन पर बात कर ठगी करने का प्रयास किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाई के तीजे में गई महिला से पति ने की मारपीट, तहरीर दी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पति व ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ थाना कुंदरकी में शिकायती पत्र दिया है। महिला ने ससुराल के लोगों पर एक लाख रुपये नकदी न देने पर मायके में मारपीट का आरोप लगाया है।

महिला के अनुसार उसकी शादी दो माह पहले क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति, देवर और जेठ अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उससे मारपीट करते थे। महिला ने बताया कि वह शनिवार को अपने मायके में भाई के तीजे में गई थी, वहां उसका पति भी गया था। महिला का आरोप है कि मेहमानों के सामने पति ने उससे मारपीट की और एक लाख रुपये नकद लाने पर ही घर आने की बात कही। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### ठेकेदार ने काम कराने के बाद नहीं दी मजदूरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम पंडिया निवासी राधेश्याम का आरोप है कि उसने गांव के ही ठेकेदार के पास लंबे समय तक मजदूरी की थी। जिसके करीब सात हजार रुपये मजदूरी के ठेकेदार के पास निकल रहे हैं और वह काफी समय से आनाकानी कर रहा है। ठेकेदार उसकी मजदूरी के बकाया रुपये नहीं दे रहा है। तगादा करने पर गाली गलौज करता है और मारपीट पर आमादा हो जाता है। मजदूर की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीएचसी की ओपीडी में पहुंचे 397 मरीज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बारिश और गर्मी के कारण सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार, उल्टी और दस्त से पीड़ित मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भीड़ उमड़ी। वहीं, निजी अस्पतालों में भी मरीजों की कतार लगी रही। सीएचसी में उल्टी और दस्त के छह मरीजों को भर्ती किया गया, जबकि कुल 397 रोगियों ने चिकित्सकों को दिखाकर दवा ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह ने बताया कि बारिश के मौसम में बाहर का खाना न खाएं। फास्ट फूड, मिर्च मसाले और चिकनाई से परहेज करें। पानी उबालकर ठंडा करके पिएं। बारिश के मौसम में जरा सी लापरवाही से बच्चे डायरिया व दस्त के शिकार हो सकते हैं। बीमार होने पर चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं।

### खादर में खेतों में भरा पानी, फसलें हो रहीं बर्बाद

**छजलैट, अमृत विचार :** रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने और बारिश से खेतों में फसलें नष्ट हो रही हैं। खादर में रामगंगा नदी के किनारे बसे गांवों में जलभराव से गन्ने व धान की फसल को नुकसान हुआ है। ग्राम रामसराय निवासी राम केवल सिंह ने बताया कि इस वर्ष अधिक बारिश होने से धान व गन्ने की फसल को नुकसान हुआ है। ग्राम पंचायत पायंदापुर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि खेतों में पानी भरा हुआ है, जिसके कारण धान की रोपाई नहीं हो पा रही है और गन्ने की फसल खराब हो गई है। किसानों ने जांच कराकर मुआवजे की मांग की है। मांग करने वालों में मोहम्मद जफर, खालिद हुसैन, जयवीर, रमेश, छोटू, धनपाल, बृजपाल, जयवीर, रामवीर आदि थे।


भगवान शिव का जयघोष करते शिवभक्त। ● अमृत विचार


अब्दुल्लापुर पट्टी से हरिद्वार रवाना होने से पहले जयकारा लगाते कांवड़िये।

# रायसत्ती मंदिर में भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** शनिवार को बजरंग दल डाक कांवड़ बेड़ा के कांवड़ियों ने बृजघाट से गंगाजल लाकर रायसत्ती मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। बजरंग दल डाक कांवड़ बेड़ा के कांवड़ियों का जत्था दो अगस्त को बृजघाट रवाना हुआ था। वहां से गंगाजल लाकर शनिवार को भोलेनाथ के जयकारे लगाए हुए नगर में प्रवेश किया और रायसत्ती मंदिर में भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक किया। कांवड़ियों के जत्थे में छविराज चावला, आयुष गुप्ता, गोलू गुप्ता, पारस गुप्ता, अमन गुप्ता, दीपक गुप्ता, यश गुप्ता, सहित भोले भक्त मौजूद रहे।

### तूफानी डाक कांवड़ बेड़ा हरिद्वार रवाना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव अब्दुल्लापुर से तूफानी डाक कांवड़ लाने के लिए कई श्रद्धालु हरिद्वार रवाना हुए। शनिवार को गांव के शिव मंदिर में कांवड़ियों का जत्था एकत्र हुआ। महंत आकाश चौधरी ने बताया कि रविवार रात 11 बजे हरिद्वार से गंगाजल भरकर सोमवार सुबह सात बजे सादुल्लापुर स्थित शिव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। बेड़े में आकाश चौधरी, शिवम चौधरी, मोहित, ठाकुर मनु चौधरी, खिलेंद्र सैनी, सुमित सैनी, अनमोल सागर, रघुवीर, महेंद्र दिवाकर, ओमप्रकाश चौहान आदी शामिल रहे।

### भक्तों ने कराया भंडारा

**बिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को मोहल्ला हर्ष नगर में शिव भक्तों ने मिलकर भंडारे का आयोजन किया। सर्व प्रथम सभी ने भगवान गणेश और भगवान शंकर का पूजन किया। इसके बाद भंडारे में प्रसाद बांटा। भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान भजन-कीर्तन भी किया गया।



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेंडेन्ट) मो. 7521001987

## एक नजर

### साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी

**भोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम खैरुल्लापुर निवासी मुकेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा है कि 20 जुलाई को उसका भाई सुभाष कुमार थाना क्षेत्र के पत्थरखेड़ा गांव स्थित साप्ताहिक बाजार गया था। बाइक को मिस्त्री की दुकान के सामने खड़ी करके बाजार में चला गया था। थोड़ी देर बाद वापस आया तो बाइक वहां नहीं थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट में छह घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव भंवरकी में दो पक्षों के बीच पुराना विवाद चला आ रहा था। शनिवार को दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। इसमें छह लोग घायल हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रामनिवास, ऋषिपालख् उसकी पत्नी अनीता, अम्बरीक सिंह, राय सिंह और उसकी पत्नी धर्मवती का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है।

### शहर विधायक करेंगे प्याऊ का उद्घाटन

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर नागरिक समाज द्वारा बनवाए गए 120वें प्याऊ का उदघाटन रविवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना करेंगे। प्याऊ कचहरी गेट पर बनाया गया है। रानास के संस्थापक सतीश भाटिया ने बताया कि यह प्याऊ गर्मी में ठंडा और सर्दी में गरम पानी देगा। कचहरी में इसे बनवाने का उद्देश्य यही है कि यहां दिनभर वादकारियों व अधिवक्ताओं को आवाजाही रहती है।

### करंट से किशोरी झुलसी

**शाहबाद, अमृत विचार :** मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव रेबड़ी खुर्द निवासी शाकिब की 12 वर्षीय बेटी खुशनुमा पंखे का रुख अपनी ओर कर रही थी। इस दौरान पंखे में करंट आ आया। इससे वह झुलस गई। उसे शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

## मुरादाबाद जिले के कुंदरकी कस्बे में फर्नीचर ठेकेदार के पास काम करते थे दोनों

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/सैफनी



मृतक शाहनवाज।

**अमृत विचार :** शाहबाद-बिचपुरी मार्ग पर शनिवार की रात करीब आठ बजे डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक ठेकेदार के पास रहकर फर्नीचर का कार्य करते थे। पुलिस ने दोनों दोस्तों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी शाहनवाज (25) कस्बा कुंदरकी में फर्नीचर की दुकान पर काम करता था। इसी दुकान पर कुशीनगर जिले का निवासी दिनेश (25) भी काम करता था। एक साथ काम करने के दौरान दोनों में दोस्ती हो गई थी। कुछ दिन पहले शाहनवाज अपने घर चला गया था। शनिवार की शाम करीब आठ बजे फर्नीचर ठेकेदार ने दिनेश को शाहनवाज को बुलाने के लिए उसके घर भेजा था। वहां से दोनों दोस्त बाइक पर सवार होकर कुंदरकी लौट रहे थे। देर रात करीब नौ बजे शाहबाद-बिचपुरी रोड पर लाला के मोड़ के पास डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। उनकी जेब से मिले कागजों के आधार पर मृतकों की शिनाख्त हुई। इसके बाद पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही शाहनवाज के परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। वह दोनों घायलों को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों दोस्तों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए।



घटना स्थल पर रोते-बिलखते शाहनवाज के परिजन। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल में खड़े मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। बाद में उपचार के दौरान युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव झुनइया निवासी सर्वेश कुमार ईस्ट वेस्ट स्कूल में चपरासी हैं। उनका 18 साल का बेटा दीपक हाईवे किनारे स्थित टाटा मोटर्स में हेल्पर था। सुबह 11 बजे वह कहीं जा रहा था। टाटा मोटर्स से कुछ ही दूरी पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दीपक घायल हो गया। उसे आनन-फानन में सीएचसी मिलक ले गए। डाक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान दोपहर में उसकी मौत हो गई।

#### घर का इकलौता चिराग था दीपक

पिता सर्वेश ने बताया कि दीपक चार बहनों का इकलौता भाई था। इसके चलते वह पूरे परिवार का लाडला था। उसकी बड़ी बहन की शादी कर दी थी। भाई की मौत से सभी बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हाईवे पर हुए तीन हादसों में छह लोग घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हाईवे पर हुए तीन हादसों में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार की रात दिल्ली से अर्टिगा कार उत्तराखंड की ओर जा रही थी। इसी बीच रास्ते में नैनीताल हाईवे स्थित नवीन मंडी के निकट हाईवे पर खड़े एक वाहन में तेज रफ्तार कार पीछे से जा घुसी। घायलों की चीख-पुकार पर सभासद फैजान खां सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में घायलों को कार से निकाल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। सभासद ने बताया कि कार में चार लोग सवार थे। इनमें प्रवीण कुमार और प्रमोद कुमार घायल हो गए। उधर, मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी गोविंद किसी काम से जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को रौंद दिया। घायल की हालत नाजुक होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इसके अलावा देर रात दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। इसमें हरपाल सिंह और ओमप्रकाश सिंह निवासी गांव सेहरी सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दहेज के लोभी पति ने महिला को सरेराह पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** दहेज में बुलेट नहीं मिलने पर सुसराल वाले गर्भवती से मारपीट करते थे। दो अगस्त को वह दवा लेने जा रही थी तो रास्ते में पति ने उसे पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव कुंडेसरी निवासी निकित का कहना है कि एक साल पहले उसका विवाह इसी गांव के अजय से मंदिर में हुआ था। शादी के कुछ समय बाद से ही पति अजय, सास अंगूरी, ससुर करन सिंह व जेठ रंजीत सिंह आए दिन उसके साथ गाली- गलौज और मारपीट करते थे। वह दहेज में बुलेट बाइक की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसका उत्पीड़न करते थे। इस दौरान व गर्भवती हो गई थी। दो अगस्त को वह दवा लेने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में पति ने लात-घूसों से पीटकर उसे घायल कर दिया। इसके बाद बाद महिला थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पति, सास-ससुर और जेठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चोरों ने दो घरों से पांच लाख का माल समेटा

**शाहबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात क्षेत्र में एक ही रात में दो घरों में घुसकर चोरों ने पांच लाख रुपये की नकदी और जेवरात चुरा लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया।

गांव मडैयान वदे निवासी आले हसन शुक्रवार की रात परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। करीब ढाई बजे उनकी आंख खुलीं तो मेन गेट खुला था। आरोप है कि किसी समय चोर दीवार फांदकर उनके घर में घुस आए और एक लाख रुपये तथा करीब तीन लाख रुपए के जेवर चुराकर मुख्य द्वार से फरार हो गए। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाली तारमीन की भी आंख खुल गई। अपने घर का गेट खुला देख वह चौंक गई। उसके घर में भी दीवार फांदकर घुसे चोर 18 हजार रुपये, मोबाइल फोन और एक लाख रुपये का जेवर चुरा कर ले गए।



राम-रहीम पुल पर गड्ढे भरते कर्मचारी। ● अमृत विचार

## लोनिवि ने राम-रहीम पुल के गड्ढे भरवाए, मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग की ओर से शनिवार को राम-रहीम पुल के गड्ढे भरवाए गए। गड्ढे भरने से राहगीरों को राहत मिली है।

अमृत विचार में 17 जुलाई को राम रहीम पुल में गड्ढे होने का समाचार प्रकाशित किया गया था। सावन में शिव भक्त राम-रहीम पुल से होकर पंजाब नगर मंदिर में जलाभिषेक करने जाते हैं। समाचार प्रकाशित के बाद सक्रिय हुए अधिकारियों ने शनिवार की शाम पुल के गड्ढों को भरवा दिया। इस दौरान पुल पर राहगीरों की भीड़ लग गई। निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता केवी सिंह ने बताया कि बारिश की वजह से काम नहीं हो सका था। मौसम साफ होने पर गड्ढों को भरवा दिया है। राम रहीम पुल के डिवाइडर से सटे बैरियर के नीचे की सड़क भी धंसी हुई थी। इसे भी ठीक करा दिया है।

### कार के लिए रास्ता मांगने पर युवक को पीटा, तहरीर

**शाहबाद, अमृत विचार :** रास्ते में खड़ी बाइकों को हटाने के लिए कहने पर तीन लोगों ने कार सवार युवक को बुरी तरह पीट दिया। पीड़ित ने फोन कर अपने सथियों को बुलाया और कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

नगर के फर्राशान मोहल्ले में रहने वाले जहीन खान अपनी कार से घर आ रहे थे। घर के रास्ते में कुछ लोगों ने अपनी मोटरसाइकिलें खड़ी कर रखी थीं। उन्होंने कार के लिए रास्ता मांगा। इसे लेकर जहीन खान की बाइकों के मालिकों से कहासुनी हो गई। वह युवक से गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीन लोगों ने उसे बुरी तरह पीटा। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस ने उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गाली देने पर कांवड़ियों ने किया हंगामा, जाम

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** वाहन चालक द्वारा कांवड़िये से गाली-गलौज करने विरोध में हंगामा हो गया। आक्रोशित कांवड़ियों ने कार्रवाई की मांग को लेकर जाम लगा दिया। इस दौरान कांवड़ियों ने जमकर नारेबाजी की। उन्हें समझाने में पुलिस के पसीने छूट गए। सूचना मिलते ही सीओ अतुल कुमार पांडे भी मौके पर पहुंच गए।

शनिवार की शाम करीब सवा सात बजे मिलक-नौखरीद गांव में ओवरब्रिज के नीचे से होकर कई कांवड़िए मसवासी की ओर आ रहे थे। बताते हैं कि मिनी ट्रक (छोटा हाथी) में पशु लादकर ला रहे चालक ने कांवड़िये को गाली दे दी। इसकी सूचना कांवड़िये ने अपने साथियों को दी। इससे कांवड़ियों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए कांवड़ियों ने मुख्य मार्ग अवरुद्ध कर दिया और नारेबाजी करते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कांवड़ियों को समझाने में पुलिस के पसीने छूट गए। कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे सीओ अतुल कुमार पांडे ने कांवड़ियों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

खबर लिखे जाने तक कांवड़िये जाम लगाए हुए थे। इस बीच चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन कब्जे में ले लिया है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।



मिलक-नौखरीद में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करते कांवड़िए।

- आक्रोशित कांवड़ियों को समझाने में छूटे पुलिस के पसीने
- क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे भी मौके पर पहुंचे

## सांप-नेवले की लड़ाई देख रही युवती की सर्पदंश से मौत

संवाददाता, बिलासपुर

- लड़ते समय सांप ने नेवले को छोड़ युवती को डसा



**अमृत विचार :** घर के आंगन में सांप और नेवले की लड़ाई देख रही युवती को अचानक सांप ने काट लिया। घटना के 14 घंटे के अंदर ही युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई।

ग्राम पंचायत नरखेड़ा निवासी मोहम्मद यासीन शुक्रवार की शाम पांच बजे घर से बाहर गए थे। उनकी पुत्री गुलिस्ता उर्फ छोटी तथा पत्नी घर पर थीं। अचानक एक सांप और नेवला लड़ते हुए उसके घर में घुस आए। सांप और नेवले की लड़ाई देखने के लिए उनके घर में मोहल्ले वासियों की भीड़ लग गई। गुलिस्ता नेवले और सांप की लड़ाई देखने उनके करीब पहुंच गई। इस दौरान सांप ने नेवले से लड़ाई छोड़ कर युवती को काट लिया। इससे मौके पर खलबली मच गई। बाद में परिजन युवती को नजदीकी अस्पताल ले गए। यहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह युवती ने दम तोड़ दिया। युवती की मौत से कोहराम मच गया। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## वित्त मंत्री ने बजट में किए 153 संशोधन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पीके चावला ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए वर्तमान बजट पर चर्चा की। बताया कि इस बजट में 153 संशोधन किए गए हैं। इसमें एक से 99 तक आयकर कानून से संबंधित संशोधन किए गए हैं। 100 से 109 तक कस्टम एंड एक्साइज से संबंधित संशोधन एवं 110 से 153 तक जीएसटी कानून से संबंधित संशोधन किए गए हैं।

रामपुर टैक्स बार एसोसिएशन की सत्र 2024-25 की पहली सभा का आयोजन एक होटल में हुआ। एसोसिएशन के सचिव पीके भांडा ने पिछली कार्रवाई पढ़कर सुनाई। इसकी सभी सदस्यों ने पुष्टि की। सभा में शैक्षिक सत्र के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं का स्वागत करते हुए रामपुर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पीके चावला ने जीएसटी अधिनियम की धारा 111-ए एवं धारा 16 पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। अधिवक्ता सदस्यों ने इस कानून की बारीकियों पर चर्चा की। अध्यक्ष से प्रश्न पूछे और अपनी शंकाओं और जिज्ञासा का समाधान किया।

सभा में सैयद मोहम्मद महमूद रिजवी, एसके विद्यार्थी, पीके अग्रवाल, मशकूर अहमद शम्सी, अजीम इकबाल खां, राजेश कुमार सैनी, रामकृष्ण टंडन, आशीष कमथानियां, नवीन कुमार जैन, अंकुर चावला, गुलरेज खान, नदीम खान, गौरव अग्रवाल, अंकित जिंदल, सय्यद आमिर मियां, एवं दीन दयाल वर्मा आदि शामिल रहे।




बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- लोकसभा में पेश किए गए बजट पर हुई चर्चा

### किसानों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तहसील सदर में एकत्र हुए। उन्होंने बिना गाटा नंबर दर्ज किए की जा रही रजिस्ट्रियों को रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एडीएम वित्त एवं राजस्व हेम सिंह को ज्ञापन सौंपा।

इसमें उस्मान अली पाशा ने कहा कि एक ओर सरकार ने नॉन जेड जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है। जबकि दूसरी ओर सब रजिस्ट्रार सदर धड़ल्ले से बिना गाटा नंबर दर्ज किए केवल चौहद्दी के आधार पर बैनामे कर रहे हैं। इसके कारण भूमाफिया ने शहर में हजारों बीघा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे कर प्लाटिंग कर दी है। ज्ञापन देने वालों में दिनेश कुमार सागर, मुशाहिद हुसैन, शैजी अली, अब्दुल वारिस, विनोद कुमार, राजेंद्र लोधी, अजय राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।



तीज महोत्सव में शामिल वैश्य समाज की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## अर्चना बनीं तीज दुल्हन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वैश्य समाज यूथ क्लब द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। नई थीम सात फेरे सात वचन पर तीज महोत्सव को नये अंदाज में मनाया गया। इसमें वैश्य समाज की महिलाओं ने विभिन्न नृत्यों से विवाह में होने वाले रीति रिवाज को दर्शाया। कन्वीनर्स ने हाउजी, सरप्राइज गेम, पंचुअलटी आदि का आयोजन भी किया।

तीज दुल्हन एवं रनर अप का चुनाव भी किया गया। तीज दुल्हन अर्चना अग्रवाल चुनी गईं जबकि तीज रनर अप दीपिका अग्रवाल रहीं। इस मौके पर शालिनी अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, सीमा अग्रवाल, सीमा रस्तोगी, प्रीति गुप्ता, सुप्रिया अग्रवाल और संगीता अग्रवाल ने दर्शाया। मेहंदी के गानों पर मेघा अग्रवाल,शुभी अग्रवाल, शिवांगी अग्रवाल, रुचि जिंदल, नेहा जिंदल, वंदना अग्रवाल ने नृत्य किया।

**प्रतियोगिता** गाजियाबाद में हुआ प्रदेश बास्केटबॉल लीग मैच का आयोजन

## देवभूमि लाइंस रामपुर ने किया ट्राफी पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में हुए प्रदेश बास्केटबॉल लीग के फाइनल मैच के अंतिम दिन देवभूमि लायंस रामपुर ने लखनऊ एएसपी फिटनेस टीम को कड़े मुकाबले में 88-69 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को एक लाख रुपये का चेक और ट्रॉफी दी गई। उप विजेता टीम को 70,000 रुपये का चेक दिया गया। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 50,000 रुपये का चेक दिया गया। उद्यमी मुकुल अग्रवाल ने पुरस्कार राशि में डेढ़ लाख रुपये का सहयोग किया। यूपी बास्केटबॉल एसोसिएशन ने एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप भेंट किए। प्लेयर ऑफ द मैच प्रिंस त्यागी को घोषित किया गया।

उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल संगठन की ओर से उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल लीग का आयोजन 27 जुलाई से किया गया। मेजबानी नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद ने की। कार्यक्रम के सातवें दिन मैच का शाम सात बजे समापन हो गया। आखिरी दिन रोमांच से भरा रहा। शाम 4:30 बजे मैच शुरू हुआ। इसमें अलीगढ़ डिवल्यर्स टीम ने भारतीय वॉरियर्स गाजियाबाद को 86 के मुकाबले 103 से मात देकर तीसरे स्थान पर कब्जा किया। फाइनल मैच की पहले डंक कॉन्टेस्ट में 10 खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंकों के आधार पर फैजल खान को विजेता घोषित किया गया। उन्हें 3100 रुपये का पुरस्कार भी दिया गया।

फाइनल मैच देवभूमि लाइंस रामपुर और एएसपी फिटनेस लखनऊ के बीच खेला गया। 69 के मुकाबले में 88 अंकों से रामपुर की टीम ने लखनऊ टीम को हरा दिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एचआर आईटी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल भी मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा, गुलशन चौधरी, अंजुल अग्रवाल (चेयरमैन डीपीएस), जेके गौड़ (चेयरमैन जेकेजी स्कूल), नीरज शर्मा (सचिव गाजियाबाद बास्केटबॉल एसोसिशन), वरुण गौड़, डॉ. तरुण गौड़, डॉक्टर अरुणाम सिंह एवं केपी सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. सीमा शर्मा ने प्रशिक्षकों व रेफरी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



ट्रॉफी के साथ मौजूद विजेता टीम। ● अमृत विचार

### साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई से आए विशेषज्ञ प्रतीक गोयल ने जिले के प्रतिष्ठित सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में बताया और प्रशिक्षण दिया।

शंकरपुर स्थित ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल में शनिवार को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उत्कृष्टता केन्द्र देहरादून के तत्वावधान में कार्यशाला हुई। शुरूआत विद्यार्थियों ने स्वागत गीत से की। इसके बाद साइबर सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत सत्र हुआ। इसमें सभी सीबीएसई विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। अन्त में प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में प्रबन्धक अनवार उल्लाह खां, प्रधानाचार्य ईस्ट वेस्ट सिटी ब्रांच नीलोफर खान तथा ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य फहीम हैदर मौजूद रहे।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन कांवड़िया समेत पांच लोग घायल

संवाददाता, नगीना (बिजनौर)

**अमृत विचार :** नगीना बूंदकी मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 18 वर्षीय बालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में एक बाइक पर सवार तीन कांवड़िया तथा दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य युवक घायल हो गए। घायलों को नगीना चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बिजनौर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायलों में तीन जिला पीलीभीत के निवासी हैं। तथा दो बढ़ापुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौमी के हैं। मिली जानकारी के अनुसार पीलीभीत जनपद निवासी तेजपाल सिंह 35 वर्ष पुत्र रामस्वरूप, दीपक 8 वर्ष पुत्र तेजपाल, पप्पू 30 पुत्र देवदत्त बाइक से देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल लेकर घर लौट रहे थे। रात्रि करीब 9:30 बजे नगीना स्थित पेट्रोल पंप के पास बढ़ापुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नौमी निवासी सलीम 40 वर्ष तथा नावेद 26 वर्ष पुत्र रियाज की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइकों पर सवार सभी पांच घायल हो गए। पेट्रोल पंप के पास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नगीना चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में सभी घायलों को रेफर कर दिया गया।



नगीना के अस्पताल में भर्ती घायल।

### अवैध खनन पर अंकुश लगाने को अधिकारी तैनात

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए तहसीलों के मुख्य चौराहों पर 15 चेक प्वाइंट बनाए हैं। रात आठ से सुबह सात बजे तक सघन चेकिंग कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि चेक पोस्ट मसवासी तिराहा तहसील स्वार में उपजिलाधिकारी स्वार, क्षेत्राधिकारी स्वार, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी, खनन अधिकारी, नायब तहसीलदार स्वार, चौकी इंचार्ज स्वार, राजस्व निरीक्षक स्वार को तैनात किया है। इसके अलावा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक स्वार, उपायुक्त उद्योग, मिलक नौखरीद तहसील स्वार में जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत स्वार, वन दरोगा स्वार, लेखपाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी को स्वार में तैनात किया गया है।

## एक नजर

### एआरटीओ कार्यालय में फिटनेस शिविर आज

**रामपुर, अमृत विचार :** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उनके कार्यालय में चार अगस्त को स्कूली एवं यात्री वाहनों की फिटनेस जांच के लिए शिविर लगाया जाएगा। इसमें सभी स्कूलों व शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों एवं यात्री वाहन स्वामियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर में वाहनों को ठीक हालत में प्रस्तुत कर भौतिक व तकनीकी निरीक्षण संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) से कराकर फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लें।

### तहसील परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** वरिष्ठ अधिवक्ता सुहेल खान ने तहसील परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कैमरे लगाना आवश्यक हैं। अधिवक्ता ने समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें उन्होंने अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए तहसील में कैमरे लगवाने की मांग की। उन्होंने मांग की है कि उपनिबंधक कार्यालय को जाने वाले रास्ते में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए।

# मिलक में 78 में से आठ शिकायतों का हुआ निस्तारण

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील मिलक के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 78 शिकायतें मिलीं। इनमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने जनसुनवाई करते हुए मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को समस्याओं की त्वरित जांच कराकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की पुष्टि और गुणवत्ता की जांच भी की।

जिलाधिकारी ने पूर्व में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ललिता प्रसाद निवासी मुबारकपुर द्वारा चक खुलवाने के संबंध में की गई शिकायत के बारे में फोन पर बात कर निस्तारण की पुष्टि की। सत्यवीर सिंह निवासी ग्राम पटिया ने नाली का निर्माण कराने की शिकायत दर्ज कराई थी। डीएम ने सत्यवीर से भी शिकायत के निस्तारण के बारे में पूछा। दोनों शिकायतकर्ताओं ने निस्तारण से संतुष्टि जताई। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार



स्वार में समाधान दिवस में शिकायतें सुनते सीडीओ डॉ. नंद किशोर कलाल।

### तहसील सदर में निपटीं तीन शिकायतें

तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं हेम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 16 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील बिलासपुर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। इसमें आई 27 शिकायतों में से तीन का मौके पर समाधान कर दिया गया। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें मिलीं। इनमें से तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील टांडा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आई 21 शिकायतों में से छह का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

### संपूर्ण समाधान दिवस में तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण

**स्वार, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने कहा कि अधिकारी मौके पर पहुंच कर शिकायतों का निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायतें मिलीं। इनमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इसके बाद सीडीओ ने सीएचसी का निरीक्षण किया। शनिवार को तहसील में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। इसमें में 17 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसके बाद सीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और चिकित्साधीक्षक डॉ. देवेश चौधरी को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम अमन देओल, तहसीलदार अशोक संत, बीईओ बबीता सिंह, वन रेंजर मुजाहिद हुसैन, एडीओ सुरेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा, नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, ईओ सुरेन्द्र केसरवानी आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां।

### मुस्लिमों को दिया जाए 20 प्रतिशत आरक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि आजादी से पहले मुसलमानों को नौकरियों में 37 प्रतिशत आरक्षण था। अब यह काफी कम हो गया है। मुस्लिमों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। कहा कि कोर्ट पर भरोसा है जल्द ही आजम खां जेल से बाहर आएंगे। शनिवार को चाह खजान खां स्थित कार्यालय पर फेडरेशन की बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष शुऐब यूनुस खां ने कहा कि मुस्लिम अपने बच्चों को तालीम जरूर दिलाएं। शिक्षित कौम ही दुनिया में तरक्की करती है। जिलाध्यक्ष असलम खां ने पदाधिकारियों से फेडरेशन की नीतियों के बारे लोगों को बताकर सदस्यता दिलाने की अपील की। इस अवसर पर बाबू खां, फैजान खां, मसरूर मियां, मौलाना शादाब कदीरी, राहत जान खां, मास्टर फिरोज खां आदि मौजूद रहे।



वृद्ध आश्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

### वृद्ध आश्रम में बच्चों ने प्रस्तुत किए भजन

**रामपुर, अमृत विचार :** सृजन एक प्रयास संस्था द्वारा सावन व तीज उत्सव के उपलक्ष्य में ताशका के वृद्ध आश्रम में भजन संध्या का आयोजन किया। इसमें संस्था के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वृद्ध आश्रम में रहने वालों ने भी मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में संस्था द्वारा आमंत्रित विशेष अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी, अपर निदेशक मतस्य अनीता टम्टा, जिला असिस्टेंट कमिश्नर सुनील शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बीएसए ने बच्चों से हल कराए गणित के सवाल

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने ब्लॉक मिलक के प्राथमिक विद्यालय मेहंदी नगर, प्राथमिक विद्यालय लोहा पट्टी भागीरथ का निरीक्षण किया। शिक्षा की गुणवत्ता जांचने के लिए उन्होंने बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर गणित के सवाल हल कराए। छात्रों से हिंदी की पुस्तक भी पढ़ाई गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सवाल हल करने के नए-नए तरीकों के बारे में भी बताया।

### सात अगस्त को होगी बीडीसी बोर्ड की बैठक

**शाहबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत बोर्ड की बैठक का एजेंडा जारी हो गया है। बीडीसी बोर्ड की बैठक सात अगस्त को पूर्वाह्न ग्यारह बजे से होगी। अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी करेंगी। बीडीसी सदस्यों से आह्वान किया गया है कि वह समय से उपस्थित रहें। इसमें गत बैठक की कार्रवाई पर पुष्टि के साथ ही तमाम सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार किया जाएगा।

### गो रक्षा वाहिनी ने कराया नील गाय का अंतिम संस्कार

**सैफनी, अमृत विचार :** शनिवार को भारतीय गो रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी को सूचना मिली कि बिसौली गांव में एक नील गाय तालाब के किनारे मृत पड़ी है। उन्होंने तुरंत पदाधिकारियों एवं थाना अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह को सूचना दी। इसके बाद पदाधिकारीयों के साथ वह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने नगर पंचायत से जेसीबी मंगवाकर नीलगाय का अंतिम संस्कार कराया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह कश्यप, बबलू कश्यप, अंकित कश्यप, नगर पंचायत से विनोद कुमार, अरशद अली, पुलिसकर्मी और ग्रामीण भी मौजूद रहे।



भोट थाने में कांवड़ियों को फल बांटतीं प्रभारी निरीक्षक व पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

# पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों का स्वागत कर कराया जलपान

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा पर निकले कांवड़ियों का पुलिस भी स्वागत कर रही है। पुलिस ने शनिवार को हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल लेकर हाईवे से गुजर रहे कांवड़ियों के लिए थाने के सामने चाय-नाश्ते की व्यवस्था की। राजमार्ग पर सुगम यातायात की व्यवस्था भी की।

शनिवार को तीर्थ स्थलों से गंगा जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के जत्थे का भोट थाने के समीप पहुंचने पर पुलिस ने स्वागत कर विश्राम की व्यवस्था की। इसके साथ ही जलपान की व्यवस्था भी की। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह व अपराध निरीक्षक अजयवीर सिंह ने शिवभक्तों को फल व पानी की बोतलें वितरित कीं। व्यवस्था में मनकरा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह, राधा कृष्ण, भूरे सिंह, पुष्पेन्द्र, अंकित चौधरी, धर्मेन्द्र आदि शामिल रहे।

# कांवड़ियों की संख्या के मद्देनजर रोडवेज बसों का रूट बदला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बृजघाट और हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के जत्थों का लौटना शुरू हो गया है। कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए रोडवेज बसों का रूट भी बदल दिया गया। अब बसों को शाहबाद-पटवाई के रास्ते से गुजारा जा रहा है। ताकि कांवड़ियों के साथ किसी प्रकार का हादसा न हो सके।

पांच अगस्त को सावन का तीसरा सोमवार है। इसके चलते गुरुवार और शुक्रवार को भारी संख्या में शिवभक्तों के जत्थे जल लेने के लिए बृजघाट और हरिद्वार के लिए रवाना हो गए थे। शनिवार को सुबह से ही कांवड़ियों का जल लेकर वापस आना शुरू हो गया। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने रोडवेज बसों का भी रूट बदल दिया है। शनिवार सुबह से बसों को शाहबाद-पटवाई रोड से गुजारा गया। ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। मंगलवार रात से ही भारी वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया था।



कोसी पुल पर तैनात पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

> शनिवार को सुबह से रोडवेज की बसों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया है। इसके तहत बसों और भारी वाहनों को शाहबाद-पटवाई मार्ग से गुजारा जा रहा है।
>
> -आरपी सिंह, सीओ, ट्रैफिक



जिला अस्पताल में भर्ती मूंढापांडे क्षेत्र में हुए हादसे में घायल कांवड़िया।

### हादसे के बाद कोसी पुल पर लग गया था जाम

शनिवार की सुबह करीब आठ बजे मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बस ने कांवड़ियों को टक्कर मार दी। इससे गुस्साए कांवड़ियों ने हंगामा कर दिया था। इसके बाद जाम भी लगा दिया। सूचना के बाद अधिकारी कोसी पुल पर पहुंच गए। मूंढापांडे से जाम खुलने के बाद कोसी पुल पर जाम जैसे हालात बन गए। पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाया। करीब एक घंटे तक अफरा-तफरी मची रही। हादसे में घायल बरेली निवासी कांवड़िए नरेंद्र ने बताया कि वह हरिद्वार से कांवड़ लेने गए थे। वहां से जल लेकर वापस आ रहे थे कि मूंढापांडे क्षेत्र में बस ने टक्कर मारकर घायल कर दिया।

### कांवड़ियों को रास्ता पार करा रही पुलिस

शनिवार सुबह हुए हादसे के बाद पुलिस सतर्क हो गई। क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ियों को पुलिस ने रास्ता पार कराया। शनिवार को करीब दस बजे कांवड़ियों के दो जत्थे शहर के अंदर प्रवेश कर गए थे। हाईवे पर तैनात पुलिस ने कांवड़ियों को भीड़भाड़ वाले इलाके से निकाला।

### बीच सड़क पर बैठी महिला, लगा जाम

**मिलक, अमृत विचार :** बरेली निवासी एक महिला दोपहर के समय बिलासपुर रोड स्थित उत्सव मंडप के सामने बीच सड़क पर बैठ गई। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम लगता देख किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर कस्बा इंचार्ज मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे और महिला से बात की।

महिला ने बताया कि उसके पति का मिलक निवासी एक महिला से प्रेम प्रसंग है। महिला उसके पति का पीछा नहीं छोड़ रही है। उसका पति अपनी आधे से अधिक कमाई अपनी प्रेमिका को दे देता है। महिला अपने पति और उसकी प्रेमिका को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ी रही। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस उसे कोतवाली ले गई। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने महिला को समझाया और उसे गांव ले गया।

# रक्षाबंधन से पूर्व दिलाया जाए पांच माह का एरियर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** संविदा सफाई कर्मचारियों को पांच माह का एरियर नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि रक्षाबंधन के पहले कर्मचारियों को एरियर दिलाया जाए। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश ने इस संबंध में ईओ को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष प्रेमराज वाल्मीकि के नेतृत्व में पदाधिकारी पालिका पहुंचे। उन्होंने ईओ के नाम ज्ञापन कर्मचारी को सौंपा। इसमें उनका कहना था कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी महंगाई भत्ता 339 प्रतिशत की दर से एक जनवरी से लागू किया गया। इसका शासनादेश 21 जून को जारी किया है। इसमें संविदा सफाई कर्मचारियों के मूल वेतन 7000 रुपये का नौ प्रतिशत के हिसाब से 630 रुपये प्रतिमाह एरियर हो रहा है। उन्होंने एरियर को 19 अगस्त यानी रक्षाबंधन से पहले दिलाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में दिनेश, अरुण, अर्जुन, अमित कुमार, अमित, सुदेश, मनोज कुमार, सूरज आदि शामिल रहे।



नगर पालिका में ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष।

- सफाई मजदूर संघ ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

### डीएम ने नवनिर्मित मिनी स्टेडियम में किया पौधरोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने विकास खंड मिलक की ग्राम पंचायत तिरहा में नवनिर्मित मिनी स्डेडियम में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ खेल का भी अलग ही महत्व है। यह तभी संभव है जब पर्याप्त संसाधान उपलब्ध हों।

जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत तिरहा में लगभग एक हेक्टयेर जमीन पर ग्रामवासियों ने घूर आदि डालकर कब्जा कर रखा था। इसे कब्जा मुक्त कराकर मिनी स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया। इस भूमि पर चहारदीवारी, समतलीकरण, वाटर हार्वेस्टिंग, चेंजिग रूम, शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता कराते हुए मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है। मिनी स्टेडियम सम्पर्क मार्ग से जुड़ा है। क्षेत्रों के जो बच्चे खेलों में रुचि रखते हैं, यह उनके लिए अत्यन्त लाभकारी सिद्ध होगा।

# जेई टीकाकरण अभियान को सफल बनाये स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता, शाहबाद

- उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बैठक में दिए निर्देश
- जनपद में 22 अगस्त से 20 सितंबर तक चलेगा अभियान

**अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी ने जेई टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए बैठक की। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों को भी अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

तहसील व ब्लॉक टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि 22 अगस्त से 20 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों एवं मदरसों की सूची जल्द से जल्द तैयार करें। सभी विभागों का माइक्रो प्लान तैयार कर शिक्षा विभाग, आईसीडीएस के साथ साझा करते हुए जिला स्तर पर आठ अगस्त तक भेजें। स्कूलों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रैली, प्रभात फेरी इत्यादि से जेई अभियान टीकाकरण से पूर्व प्रचार-प्रसार किया जाए।

बैठक में तहसीलदार शिव कुमार शर्मा, बीडीओ नरेंद्र पाल सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहित रस्तोगी, सप्लाई इंस्पेक्टर सनत कुमार सिंह, बीईओ पीएल निरंकारी, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा, जीआईसी रेबड़ी कला के प्रधानाचार्य अरशद अली, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) विकास कुमार व ब्लॉक कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) उपकार सिंह आदि मौजूद रहे।



एसई को ज्ञापन सौंपते रालोद के प्रदेश महासचिव। ● अमृत विचार

### क्षेत्र में शेड्यूल के अनुसार की जाए बिजली आपूर्ति

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि दुर्ग नगला बिजली घर से लगातार कटौती की जा रही है। इससे उमस भरी गर्मी में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ज्ञापन में मांग की है कि शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति दिलाई जाए। ज्ञापन देने वालों में मजहर अली, बब्लू, मोहसिन खान आदि मौजूद रहे।

### छात्र संख्या कम होने पर प्रधानाध्यापकों को नोटिस

**रामपुर, अमृत विचार :** दो अगस्त को महानिदेशक स्कूल की एक बैठक जूम के माध्यम से हुई। इसमें प्रेरणा पोर्टल पर 2024-25 में जिन विद्यालयों में छात्र संख्या दस या उससे कम है, उस पर चर्चा की गई। कहा कि इससे पता चलता है कि स्कूल चलो अभियान में छात्र-छात्राओं के नवीन प्रवेश कराने में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। इसे देखते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश पर जिन स्कूलों में छात्र नामांकन संख्या 10 या उससे कम है, उनके प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज अध्यापकों को नोटिस जारी कर छह अगस्त तक स्पष्टीकरण साक्ष्यों के साथ कार्यालय में पेश होने के आदेश दिए गए हैं।

### जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कक्षा एक और छह के छात्रों की संख्या शून्य होने पर मांगा स्पष्टीकरण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के 56 स्कूलों में कक्षा एक और छह में छात्र संख्या शून्य होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने राघवेंद्र सिंह ने इंचार्ज और प्रधानाध्यापक से तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। जिले में सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने को लेकर विभाग सतर्क है। इसके बाद भी स्कूलों में छात्र संख्या नहीं बढ़ रही है। जिले के 44 स्कूलों में कक्षा एक में शून्य और 12 स्कूलों में कक्षा छह में छात्र संख्या शून्य है। इसी को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इंचार्ज और प्रधानाध्यापकों को तीन दिन में कार्यालय में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

### अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मांगी दुआएं

**रामपुर, अमृत विचार :** सैयद एजाज हुसैन उर्फ छबीले शाह मियां के एक दिवसीय उर्स मुबारक पर अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर दुआएं मांगी। शनिवार को जोहर की नमाज के बाद कुरान पाक खत्म हुआ। अस्र की नमाज के बाद महफिल ए वाज, कुलशरीफ हुआ। मगरिब की नमाज के बाद लंगर, इशा की नमाज के बाद नात और कव्वालियों की महफिल सजी। इसमें दूर-दराज से आए शायरों ने हजरत की शान में कलाम पेश किए। इस अवसर पर सज्जादनशीन आरिफ विल्ला, सैयद मासूम शाह मियां, सैयद सज्जाद मियां आदि मौजूद रहे।

### सिविल लाइंस क्षेत्र में आज छह घंटे रहेगा बिजली संकट

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र के भमरौआ रोड, बाबा दीप सिंह नगर, रोशन बाग, सिविल लाइंस, आवास विकास, रेलवे स्टेशन के छह हजार उपभोक्ताओं को आज छह घंटे बिजली संकट से जूझना पड़ेगा। सिविल लाइंस बिजलीघर की 33/11केवीए की जर्जर इनकमिंग केबिल को 28 जुलाई को बदलना था। लेकिन किन्हीं कारणों के चलते यह काम नहीं हो सका। उपखंड अधिकारी प्रथम सचिन रस्तोगी ने बताया कि इनकमिंग को बदलने की वजह से रविवार सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। क्षेत्र में जर्जर तारों व खंभों को भी बदला जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से आपूर्ति मिल सके। इनकमिंग की नई केबिल डाली जाएगी। इसके बाद रोज-रोज लाइनों में आ रही दिक्कत से छुटकारा मिल जाएगा।

# दो किस्तों में किया जाएगा अनुदान का भुगतान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत सरन ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली योजना के लक्ष्य के 40 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्र होंगे जिन्होंने योजना का लाभ पाने के लिए समय से आवेदन कर दिया है। कहा कि खेतों में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली योजना के तहत किसानों को दो किस्तों में अनुदान का भुगतान किया जाएगा।

भूमि संरक्षण अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के इच्छुक किसानों को खेत में तालाब बनवाने पर अनुदान तभी देय होगा जब वह सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के लिए उद्यान विभाग का त्रिपक्षीय अनुबंध सत्यापन के समय उपलब्ध कराएंगे। योजना के अन्तर्गत अनुदान का भुगतान दो किस्तों में किया जाएगा। देय अनुदान का 75 प्रतिशत निर्धारित न्यूनतम आकार के तालाब की खुदाई का कार्य पूर्ण करने के उपरान्त प्रथम किस्त के रूप में एवं शेष 25 प्रतिशत का भुगतान पक्का कार्य (इनलेट) पूर्ण करने पर द्वितीय किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा।

योजना के अन्तर्गत वाटर लिफ्टिंग डिवाइस अन्तर्गत पंपसेट (इलैक्ट्रिक/डीजल), जिस पर मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम रुपये 15000 प्रति इकाई अनुदान भी कृषक के खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। इच्छुक कृषकों को किसी भी प्रकार की समस्या,जानकारी के लिए भूमि संरक्षण कार्यालय अथवा अवर अभियन्ता प्रशान्त कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

लापरवाही | बिजली के पैनलों को पानी से बचाने के लिए बांधी गई पॉलीथिन

# बिजलीघरों की हालत खस्ता, लिंटर से टपक रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के अधिकतर बिजलीघरों की हालत काफी खस्ता है। किसी के लिंटर से पानी टपक रहा है तो किसी का फर्श भी उखड़ा हुआ है। बिजलीघरों में रखे जरूरी कागजात व उपकरण भीग रहे हैं। अधिकारियों को बैठने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। पैनलों में पानी चले जाने से शहर की बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रहती है।

वर्ष 2023 में हुई झमाझम बारिश से बिजलीघरों में पानी भर गया था। इससे शहर की बिजली आपूर्ति कई दिन तक ठप रही थी। लिंटरों से भी पानी टपकने लगा था। ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े इसके लिए शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट, रजा, किला बिजलीघर के लिंटर पर पन्नी बांध रखी है। ताकि पैनलों को पानी से बचाया जा सके। शाहबाद गेट बिजलीघर के एसडीओ संजीव कुमार रवि ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए काफी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। लिंटर से टपकने वाली पानी की बूंदों से पैनलों को बचाने के लिए पॉलीथिन बांधी गई है। यही हाल पहाड़ी गेट बिजलीघर का भी है। बरसात से पहले ही एक्सईएन प्रथम को स्थिति से अवगत करा दिया था। मुरादाबाद से आई निर्माण शाखा की टीम ने बिजलीघर का निरीक्षण भी किया था। उन्होंने बिजलीघरों के लिंटर में पानी आने की आशंका जताई थी।



शाहबाद गेट बिजलीघर के लिंटर पर बंधी काली पॉलीथिन। ● अमृत विचार

### 60 लाख रुपये की लागत से बना था भवन

सिविल लाइंस बिजलीघर भी काफी जर्जर था। इसके लिंटर से पानी टपकता था। इससे उपकरण व जरूरी कागजात भीग जाते थे। ऐसे में तत्कालीन एक्सईएन ने भवन की हालत सुधारने के लिए निर्माण शाखा को पत्र लिखा था। तब 2022 में 60 लाख रुपये की लागत से इस भवन का निर्माण कराया गया था।

> पहाड़ी गेट बिजलीघर को बिजनेस प्लान के तहत सही कराया जाएगा। पिछले दिनों मुरादाबाद की निर्माण शाखा की टीम ने निरीक्षण किया था। अन्य उपकेंद्रों की रिपोर्ट संबंधित एसडीओ व जेई से मांगी गई है।
>
> -इमरान खान, एक्सईएन प्रथम

# दुनिया में चर्चित रामचरितमानस



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> रामचरितमानस में सबसे अच्छा वर्णन रामराज्य का है। दुनिया में राजव्यवस्था के अनेक मॉडल हैं। साम्यवाद, समाजवाद, उपयोगितावाद, लोककल्याण पर आधारित लोकतांत्रिक संसदीय पद्धति और प्लेटो का दार्शनिकवाद आदि राजव्यवस्था के कई उदाहरण हैं, लेकिन रामराज्य अनूठा है।

यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर' में रामचरितमानस को एशिया पेसिफिक की 20 धरोहरों में शामिल किया गया है। रामचरितमानस पूरे विश्व में श्रद्धा के साथ पढ़ी जाती है। वैसे श्रीराम से जुड़ी घटनाओं पर राम कथा में अनेक ग्रंथ लिखे गए हैं। श्री वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण रामकथा का उत्कृष्ट ग्रंथ है। 20 हजार से अधिक श्लोकों में विस्तृत रामायण सारी दुनिया में चर्चित है। रामायण और महाभारत को भारत में महाकाव्य कहा जाता है। रामायण और महाभारत में दर्शन है, इतिहास है। तमाम प्रभावशाली आख्यान भी हैं, लेकिन रामचरितमानस की बात ही दूसरी है। रामचरितमानस में भक्ति है, परम सत्ता के प्रति समर्पण है। यह सीधी-सादी सरल भाषा में लिखी गई प्रतिष्ठित संरचना है। इसकी भाषा प्रवाहमान है, सरल है, बिना प्रयास के ही मस्तिष्क से हृदय में पहुंच जाती है। इसकी कथा ज्ञान और भक्ति से भरी पूरी है। तुलसीदास ने स्वयं इस कथा को लोकमंगल का दाता बताया है। मानस बालकांड मैं तुलसीदास जी ने लिखा है, ''कबि न होउँ नहिं चतुर कहावउँ। मति अनुरूप राम गुन गावउँ। कहँ रघुपति के चरित अपारा। कहँ मति मोरि निरत संसारा।" यहां विनम्रता का चरम है।

रामचरितमानस भक्ति भाव का ग्रंथ माना जाता है, लेकिन तुलसीदास दार्शनिक स्तर पर वेदांती हैं। वे मानस की रचना की शुरुआत में उपनिषदों वाले ब्रह्म की चर्चा करते हैं, ''एक अनीह अरूप अनामा। अज सच्चिदानंद पर धामा। व्यापक विस्वरूप भगवाना। तेहिं धरि देह चरित कृत नाना-परमेश्वर एक हैं। वे इच्छारहित हैं। उनका कोई रूप और नाम नहीं है। वे अजन्मा हैं। सच्चिदानंद हैं। परमधाम हैं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। विश्वरूप हैं। उन्हीं भगवान ने दिव्य शरीर धारण करके अनेक प्रकार की लीला की है।" ब्रह्म अशरीरी हैं। रूप रहित हैं। सर्वत्र हैं। यह सर्वत्र उसके भीतर भी व्यापक है। वेदांतियों के लिए यह अजन्मा भले ही परमधाम हो, लेकिन तुलसीदास इस विराट ब्रह्म को जन्म लेता हुआ देखते हैं। लिखते हैं कि वह भक्तों के हित के लिए शरीर धारण करता है। लीला करता है। तुलसी समाज के कवियों को प्रणाम निवेदन करते हैं-'कलिके कविन करहुँ परनामा'। रामकथा गाने वाले सभी कवि तुलसीदास के लिए प्रणम्य हैं। काव्य के स्तर पर वेद पुराने हैं। तुलसीदास वेदों की प्रतिष्ठा से परिचित हैं। वे वेदों की वंदना भी करते हैं। कहते हैं, "बंदउँ चारिउ बेद-वेद रामचरितमानस से प्राचीन हैं।"

संसार विजयकामी है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में युद्ध में विजय के लिए जरूरी रथ का उल्लेख किया है। तुलसी कहते हैं, "रावनु रथी बिरथ रघुबीरा/देखि बिभीषन भयउ अधीरा-रावण रथ पर है और श्रीराम रथहीन।" विभीषण दुखी थे, उन्होंने श्रीराम से कहा, "नाथ न रथ नहिं तन पद त्राना/केहि बिधि जितब बीर बलवाना-श्रीराम के पास न रथ है न कवच। जूते भी नहीं हैं।" राम महानायक हैं। अयोध्या के राजकुमार हैं फिर भी रथ आदि का अभाव है। विभीषण के प्रश्न के उत्तर में श्रीराम कहते हैं, "हे मित्र सुनो, जिस रथ से विजय होती है, वह रथ दूसरा ही है।" श्रीराम युद्ध के मैदान में हैं,लेकिन युद्ध में भी वे राष्ट्रजीवन के आदर्शों की ही चर्चा करते हैं। बताते हैं कि विजय रथ कैसा है, "सौरज धीरज तेहि रथ चाका/सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका। बल बिबेक दम परहित घोरे/छमा कृपा समता रजु जोरे।" श्रीराम कहते हैं कि, "शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिए हैं। सत्य और शील रथ के ध्वज पताका हैं। बल, विवेक, इन्द्रिय संयम व परोपकार उस रथ के घोड़े हैं। ये घोड़े क्षमा, दया और समता रूपी डोरी से रथ में जुड़े हुए हैं।" आगे कहते हैं, "ईस भजनु सारथी सुजाना/बिरति चर्म संतोष कृपाना। दान परसु बुधि शक्ति प्रचंडा/बर बिग्यान कठिन कोदंडा-ईश्वर का भजन रथ का चालक है। वैराग्य ढाल है। संतोष तलवार है। बुद्धि प्रचंड शक्ति। विज्ञान धनुष है। यम और नियम बाण हैं।" श्रीराम कहते हैं, "एहि सम बिजय उपाय न दूजा-इसके अलावा विजय का कोई दूसरा मार्ग नहीं है।" श्रीराम कहते हैं, "जिसके पास ऐसा धर्ममय रथ है उसे जीतने के लिए कोई शत्रु ही नहीं है। रामचरितमानस में राष्ट्रजीवन की सभी मर्यादा रथ प्रतीक में सम्मिलित है।"

रामचरितमानस में सबसे अच्छा वर्णन रामराज्य का है। दुनिया में राजव्यवस्था के अनेक मॉडल हैं। साम्यवाद,समाजवाद, उपयोगितावाद, लोककल्याण पर आधारित लोकतांत्रिक संसदीय पद्धति और प्लेटो का दार्शनिकवाद आदि राजव्यवस्था के कई उदाहरण हैं,लेकिन रामराज्य अनूठा है। अद्वितीय है। ऐसे राज्य दुनिया की किसी विचारधारा का सपना भी नहीं है। तुलसी इस राज्य पर मोहित हैं। तुलसी ही क्यों लगभग 500 वर्ष पहले लिखी गई रामचरितमानस का एक-एक शब्द जवान है। अजर अमर है। इसके शब्द और अर्थ चिर युवा हैं। राम रस से भरे पूरे। भारतीय अध्यात्म की अग्नि से तप्त। राम रसायन है मानस। श्रीराम लंका से लौटे, अयोध्या में स्वागत हुआ। तुलसी लिखते हैं, "राम राज बैठे त्रैलोका। हर्षित भए गए सब सोका। बयरु न कर काहू सन कोई। राम प्रताप बिषमता खोई-गैर बराबरी और विषमता को लेकर आधुनिक राजनीति में काफी नारेबाजी होती है,लेकिन तुलसी जैसा आत्मविश्वास अन्यत्र नहीं मिलता। तुलसीदास रामराज्य में सभी प्रकार के दुख की अनुपस्थित मानते हैं-"दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा। सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।" गांधी दुनिया के सबसे बड़े सेकुलर और सबसे बड़े धार्मिक नेता थे। डॉ. लोहिया भी ऐसे ही थे। गांधी ने रामराज्य का स्वप्न देखा,लोहिया ने रामायण मेला आयोजित किया। वे रामचरितमानस को रामायण कहते थे।

तुलसी का राम राज्य तप मुक्त है। न दैहिक और न दैविक ताप। भौतिक ताप किसी को नहीं होता। तुलसी इसका कारण बताते हैं। सब नर करहि परस्पर प्रीती/चलहि स्वधर्म निरत श्रुति नीती। समाज के सभी सदस्य परस्पर प्रेम करते हैं। वैदिक नीति के अनुसार चलते हैं। रामराज्य में अल्प मृत्यु नहीं। कोई पीड़ा नहीं। सब सुदर्शन हैं। सब स्वस्थ शरीर वाले हैं। कम उम्र में किसी की मृत्यु नहीं होती। गरीबी का नामोनिशान नहीं, "नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना/नहि कोऊ अबुध न लक्षन हीना।" समता और संपन्नता का वर्णन बहुत सुंदर है। वृक्ष हमेशा फूलते-फलते हैं। हाथी और सिंह एक साथ रहते हैं। पक्षी मीठी बोली बोलते हैं। शीतल सुगंधित वायु चलती है। वृक्ष मांगते ही मधुरस टपका देते हैं-लता बिटप मागें मधु चवहीं। गाएं मीठा दूध देती हैं-मनभावतो धेनु पय स्रवहीं। मानस के शब्दों में सम्मोहन है। तुलसीदास ऋग्वेद से सामग्री लेते हैं और उपनिषदों से भी। यह बात वह छुपाते नहीं हैं। लिखते हैं कि यह कथा सभी पूर्ववर्ती ग्रंथों, पुराणों का अंश लेकर रची गई है। वर्षा ऋतु के वर्णन में तुलसी लिखते हैं, "दादुर धुनि चहु दिसा सुहाई। बेद पढ़हिं जनु बटु समुदाई"-वर्षा ऋतु में मेंढकों का गायन बोलना बड़ा अच्छा लगता है। यह वैसे ही बोलते हैं जैसे वेद पाठी बोल रहे हों। यह उदाहरण सीधे वैदिक साहित्य से लिया गया है। रामचरितमानस में प्राचीन भारतीय चिंतन की सभी धाराएं हैं। भारत के लिए प्रसन्नता की बात है कि रामचरितमानस यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर' सूची में है।

# आचार संहिता का महत्व



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

भारतीय जनमानस में 'जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं' का भाव बहुत गहरे तक समाया हुआ है। इसका कारण है कि धर्मग्रंथों में नारी को सशक्त और सम्मानपूर्ण दर्जा देने के लिए इस तरह के विचार प्रकट किए गए, लेकिन कहे गए सत्-वाक्य की गहराई से विवेचना कर इसके वास्तविक अर्थों को समझने की भी जरूरत है।

प्रथमतः सत्-वाक्य में व्यक्त 'नारी' शब्द पर विचार की जरूरत है। 'नारी' शब्द कुछ विचारकों के अनुसार संस्कृत के 'नृ' से और कुछ के अनुसार 'नर' शब्द से बना है, जिसका अर्थ नृत्य तथा नर्तन किया गया है। नर पक्ष हो या नारी पक्ष, जब जीवन के कामधाम में दोनों पक्षों को लगना पड़ता है तो उसे हाथ-पैर चलाना पड़ता है। इसका अर्थ हुआ, जो क्रियाशील है वही नर या नारी कहलाने योग्य है। वैदिक ग्रंथों में 'नृ' का अर्थ वीरता एवं नेतृत्व के लिए किया गया है। इसके साथ 'नर' शब्द का भी अर्थ नेता के रूप में उल्लिखित है। इस दृष्टि से वाह्य युद्ध हो या जीवन के किसी स्तर पर संघर्ष की स्थिति हो, नर और नारी एक दूसरे के सहायक जब बनते हैं तभी विपरीतताओं से मुकाबला और वांछित लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

सायण ऋषि ने 'नारिः' शब्द का प्रयोग करते हुए इसका अर्थ 'न अरिः' कहा है। यानी जिंदगी के युद्ध में जो शत्रु नहीं, बल्कि मित्र एवं सहयोगी रहे वही नारी है। नारी के लिए स्त्री शब्द का भी प्रयोग होता है, जिसकी व्याख्या महर्षि पतंजलि एवं पाश्चात्य विद्वान यास्क ने 'लज्जा' के रूप में की है। इसका अर्थ हुआ कि स्त्री में पुरुषों की अपेक्षा लज्जा अधिक होती है। इन व्याख्याओं के मद्देनजर जब 'जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं' को देखा जाए तो उसी नारी की पूजा का भाव झलकता है, जिसमें 'नारी' के लिए जिस तरह की भी आचार संहिता' निर्धारित की गई है, वह सब होनी चाहिए। ऐसी ही अचार संहिता पुरुष के लिए भी निर्धारित है। इतना ही आचार-संहिता प्रकृति एवं जड़ पदार्थों तक में होती है। ऋतुओं का परिवर्तन, समय पर वर्षा आदि का पालन प्रकृति भी करती है। आचार संहिता का पालन करते पशु जब तक उपयोगी रहते हैं, तब तक उनकी देखभाल होती है। हिंसक पशुओं का स्वभाव हानिप्रद होता है तो उससे दूरी बनाई जाती। आकाश में सूरज जब हितकारी आचार संहिता का उल्लंघन कर ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक कड़ी धूप देता है तो उससे बचा जाता है, जबकि शीत ऋतु में उसी सूरज की बेसब्री से प्रतीक्षा की जाती है।

आचार संहिता के महत्व को देखते हुए जहां 'नारी की पूजा, वहां देवता' का संदेश इसलिए भी उपयोगी है, क्योंकि नर और नारी में एक-दूसरे के सम्मान का भाव रहेगा तो वहां हर कार्य अनुकूल होता जाएगा। 'देवता' संस्कृत के 'दिव' धातु से बना है। 'दिव' का अर्थ प्रकाश है। इसी शब्द से 'दिवस' (दिन) शब्द की व्युत्पत्ति हुई है। ऐसी स्थिति में उसी नारी की पूजा का संदेश दिया गया, जिसमें नारी के गुण-धर्म हों। अपने गुण-धर्म से हटकर आचरण करने वाली नारी की पूजा के लिए नहीं कहा गया है। यदि ऐसा ही होता तो श्रीराम शूर्पणखा को दंड देने के लिए लक्ष्मण से न कहते।

आचार संहिता का महत्व सामाजिक क्षेत्र में भी निर्धारित किया किया गया है। हर देश का ही नहीं हर तरह के सामाजिक संगठनों का अपना संविधान होता है। उसी के तहत सारे कार्य होते है और छोटे स्तर पर इसकी महत्ता देखी जाए तो घर-परिवार का भी अलिखित संविधान होता है। माता-पिता, संतान तथा रिश्ते-नाते के लोग उस संविधान का पालन करते हैं तब वहां सुख-शांति विद्यमान रहती है।

# उच्च शिक्षा में डिजिटलीकरण



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> आज हम भले ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हों, किंतु कहीं न कहीं आज भी उच्च शिक्षा हेतु विद्यार्थियों का विदेशों के उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर झुकाव बना हुआ है।

हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की गई है। खास बात तो यह है कि यह पहल पूर्णतया डिजिटल तकनीकी पर आधारित है। केंद्र सरकार द्वारा 2022 में नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी के गठन का ऐलान किया गया था। अभी कुछ ही दिन पूर्व जारी बजट में इसके गठन हेतु सरकार के द्वारा 100 करोड़ की धनराशि का आवंटन किया गया है। इस धनराशि से राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय हेतु आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अध्ययन सामग्री की व्यवस्था की जाएगी।

आज से चार वर्ष पूर्व अर्थात वर्ष 2020 में पूरे विश्व ने कोरोना जैसी भयंकर महामारी के प्रकोप का सामना किया था। निश्चित रूप से इस महामारी में व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, औद्योगिक एवं प्रत्येक उस क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति उठानी पड़ी थी, जिसका ताल्लुक कहीं न कहीं मानव जीवन से होता है। किंतु अगर गौर किया जाए तो शिक्षा के क्षेत्र में इस महामारी के दौरान अनेक नवोन्मेषी गतिविधियों का प्रादुर्भाव ठीक उसी तरह हुआ जैसे कि किसी बड़ी आपदा में कुछ अवसर जन्म लेते हैं। ऑनलाइन माध्यमों से शिक्षा कोरोनाकाल की जरूरत अथवा दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मजबूरी बन गई थी,लेकिन समय के साथ वही ऑनलाइन एवं डिजिटल शिक्षा लोकप्रियता के उस स्तर तक पहुंच गई कि आपदा के दूर हो जाने पर भी ऑनलाइन शिक्षा उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होती गई। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय जोकि जल्द ही अस्तित्व में आने वाला है, शिक्षा में डिजिटलीकरण के समावेश का ही सुपरिणाम है। डिजिटल यूनिवर्सिटी के गठन के उपरांत विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का एक भंडार खुल जाएगा। सबसे पहली बात तो यह है कि चूंकि विश्वविद्यालय डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होगा। अतः इसके लिए किसी भी बड़े कैंपस की आवश्यकता नहीं होगी।

प्रशासनिक गतिविधियों के संचालन के लिए एक छोटा कैम्पस बनाकर ही मिशन को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस विश्वविद्यालय की शुरुआत यद्यपि सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों से होगी, लेकिन जल्द ही इसमें वे सभी कोर्स उपलब्ध होंगे, जोकि भारत अथवा विश्व के किसी भी विश्वविद्यालय में पाए जाते हैं। किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की कोई निश्चित संख्या नहीं होगी। विद्यार्थी के लिए यह सुविधा होगी कि वह किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान से आवश्यक क्रेडिट प्राप्त करके राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय से संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री प्राप्त कर सकेगा।

राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय का डिजिटल कंटेंट स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स अर्थात 'स्वयं' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होस्ट होगा,जबकि तकनीकी एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जिम्मेदारी समर्थ प्लेटफार्म पर होगी। कुल मिलाकर यह विश्वविद्यालय 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर बनाया गया है, जिसमें स्वयं व सामर्थ जैसे प्लेटफार्म हब की भूमिका में होंगे, जबकि उच्च शिक्षण संस्थान स्पोक की भूमिका में होंगे। देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए यह सुविधा रहेगी कि यदि वे राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय की शर्तों का पालन करते हैं तो वे उसके लिए ऑनलाइन प्रोग्राम ऑफर कर सकेंगे।

आज हम भले ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हों, किंतु कहीं न कहीं आज भी उच्च शिक्षा हेतु विद्यार्थियों का विदेशों के उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर झुकाव बना हुआ है। उच्च शिक्षा में लगातार सुधार एवं नवोन्मेष को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान का आरंभ किया गया है, जिसके लिए 1814 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। इस अभियान का मूल उद्देश्य भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों को विश्व के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान दिलाने का एवं उनको निरंतर अपग्रेड करते रहने का प्रयत्न करना है। निस्संदेह केंद्र सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा की दिशा में किया गया यह अद्भुत प्रयोग बहुद्देश्यीय, बहुआयामी एवं पूर्णतया छात्रोन्मुखी है। राष्ट्रीय डिजिटल विश्वविद्यालय के स्थापित हो जाने एवं पूर्णरूपेण क्रियान्वयन मोड में आने के उपरांत निश्चित रूप से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलावों की एक श्रृंखला परिलक्षित होगी। अवसरों एवं विकल्पों के मामले में संकीर्णता एवं सीमा को छोड़कर व्यापकता की ओर बढ़ने के लिए नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी एक महत्वपूर्ण मिशन है। आज उच्च शिक्षा का स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है। नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी के अस्तित्व में आ जाने के उपरांत विद्यार्थी की वे सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी, जो उसके लिए प्रवेश, विषयचयन, संस्थानचयन आदि बिंदुओं को लेकर एक चुनौतीपूर्ण एवं असमंजसयुक्त स्थिति को जन्म देती थीं। किंतु इस मिशन को पूर्ण गति प्राप्त करने में कहीं न कहीं कुछ चुनौतियां एक बाधा के रूप में मौजूद होंगी। उदाहरण के लिए डिजिटल निरक्षरता एक ऐसी चुनौती है,जो इस मिशन के विकास में पूर्णरूपेण बाधक है।

भारत के विद्यार्थियों का एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा है, जोकि डिजिटल तकनीकी से पूर्ण रूपेण परिचित नहीं है जबकि नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी के स्वप्न को साकार होने के लिए डिजिटल साक्षरता नितांत आवश्यक है। किंतु यह कोई ऐसी चुनौती नहीं है, जिसका निराकरण बहुत मुश्किल हो। शासन के द्वारा विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित करके डिजिटलीकरण के प्रति उनके रुझान को प्रोत्साहित करने का कार्य कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। यदि कुछ छोटी-मोटी समस्याओं एवं बाधाओं को दरकिनार कर दिया जाए तो नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी हर हालत में एक विकासोन्मुखी पहल है। इसके क्रियान्वयन से शिक्षा में नवाचार, नवोन्मेष एवं समावेशी विकास को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## सांपों से बचाव



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

बारिश में सांप शिकार की तलाश में या भूले भटके हमारे घरों के पास या भीतर आ जाते हैं। इन्हें मारना नहीं चाहिए। हां बिना छुए यदि इन्हें घर के बाहर का रास्ता दिखा दिया जाए तो सबसे अच्छा है। मगर इसके लिए स्नेक कैचिंग स्टिक या फिर कुछ अलग युक्ति लगानी होगी, जिनकी सहज सुलभता नहीं हो पाती तो विवशतः हाथ लगाना पड़ता है।

ये सभी खानिकारक कीट पतंगों, चूहों आदि को खाकर एक तरह हमारा भला ही करते हैं। इनसे मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। एक धामन सांपिन भी हमारे घर के भीतर प्रवेश करने के पहले ही नजर में आ गया। यह बगल के लता गुल्म में घुस गई। देर तक बिना हानि पहुंचाए इसे बाहर निकालने का उपक्रम चला। आखिर बाहर निकलते ही पकड़ना पड़ा ताकि दूर छोड़ा जा सके।

यह पकड़े जाने पर हाथ में अपनी पूंछ से एक खास पहचानशुदा (कैरेक्टरस्टिक) अंग्रेजी की संख्या 8 की संरचना बनाती है। इसकी आंखे खूबसूरत होती हैं। हालांकि आंखों की खूबसूरती के मामले में ट्रिन्केट स्नेक का नंबर पहला है, जिसका वैज्ञानिक नाम सीलोग्नैथस हेलेना ही लीजेंडरी ब्यूटी सुंदरी हेलेन के ऊपर ही है।

## लोक से अपरिचय



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए। लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं, परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता?

यों तो साधारण से साधारण आदमी अपनी-अपनी शब्दावली में कह देता है कि "भारत में लोकतंत्र है जरूर, किंतु तंत्र लोक की छाती पर बैठा हुआ है।" बात सच है और इस बात में मतभेद की कोई गुंजायश भी नहीं है। परंतु सवाल तो यह है कि ऐसा हुआ कैसे? क्यों हुआ? स्वतंत्रता का आंदोलन लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था, संविधान बना, लोकतंत्र की प्रतिष्ठा भी हुई किन्तु अंग्रेजों के जमाने से जो तंत्र चला आ रहा था, उसमें कोई आधारभूत परिवर्तन नहीं हुआ। बस कलेक्टर का नाम जिलाधीश या उपायुक्त हो गया। लोकसंपर्क के सरकारी विभाग बन गए, किंतु अंग्रेजी भी बनी रही और अंग्रेजियत भी बनी रही। अंग्रेजों के जमाने में लोक के प्रति शासकों का जो " रैयत" वाला नजरिया था, वह आज भी बना हुआ है। कलेक्टरी का चपरासी आधार कार्ड बनवाने के लिए जनता को हांक लगाता है और नौ बजे से लाइन में लगा देता है, जबकि बाबू आराम-आराम से दस बजे बाद आता है और ग्यारह बजे से काम शुरू करता है। यह मानसिकता पता नहीं क्यों बन गई या बना दी गई कि हमारे लोकतंत्र की समस्याओं के समाधान का रास्ता विदेशों से होकर आता है। विशेषज्ञों के दल विदेशों में जाते रहे हैं, अभी भी जाते हैं। वे कुछ शब्द विदेशों से आयात कर के ले आए। लोकतंत्र के प्रतिनिधियों ने कमर कस ली कि भारत के लोकतंत्र को इन शब्दों के चौखटे में जड़ के ही मानेंगे। हथौड़ा चला रहे हैं, परेशान हैं कि भारत का लोकतंत्र इन शब्दों के चौखटे में क्यों नहीं आता? परंतु दूसरों को देखकर हम चलना सीख सकते हैं,किंतु दूसरों के पैरों से नहीं चल सकते। चलने के लिए पैर भी अपने होंगे और रास्ता भी अपना होगा। ग्लोबल युग है तो संसार के देशों से मेलजोल,आदान-प्रदान जरूरी है। विशेषज्ञों के दल आएंगे भी और जाएंगे भी, ठीक है, सवाल यह है कि पिछले सत्तर वर्षों में क्या किसी एक विशेषज्ञों के दल ने भी इस विशाल देश के लोगों के जीवन में गहरे स्तरों पर पंहुचकर लोकमानस कविषमताओं, विडंबनाओं, संगतियों, विसंगतियों, आस्थाओं, कल्पनाओं, सपनों को समझने का कोई एक भी सच्चा और योजनाबद्ध प्रयास किया है? नहीं हुआ तो इसका कारण, लोक के प्रति वही रैयत वाला दृष्टिकोण है। जमाना आगे बढ़ चुका है, किंतु लोक के प्रति दृष्टिकोण नहीं बदला, कारण लोक से अपरिचय।

# किन्नर समाज में भी पाई जाती हैं संघर्ष एवं उपलब्धियां



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

> किन्नर समाज की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि यदि किन्नर समाज को भी अवसर प्रदान किए जाएं तो वह भी सामान्य स्त्री-पुरुषों की भांति किसी से कम नहीं है।

भारत में किन्नर सामाजिक, धार्मिक, लैंगिक एवं शैक्षिक आधार पर एक विशिष्ट पहचान रखने वाले लोगों का एक विशेष समुदाय है। भारत में किन्नरों की विशिष्ट पहचान ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथाओं में दिखाई प्रतीत होती है। मुगलकाल में किन्नरों को जीवनयापन करने हेतु सभी सुविधाएं एवं विशेष सम्मान प्राप्त था परंतु ब्रिटिश काल में किन्नरों की दशा अत्यधिक दयनीय हो गई थी। तत्पश्चात आधुनिक काल में किन्नर अपनी अस्मिता को बचाए रखने हेतु निरंतर संघर्षरत हैं।

किन्नरों की दुर्दशा में सर्वाधिक योगदान परिवार का होता है। यदि पारिवारिक सदस्य किन्नरों को शिक्षित कर योग्य नागरिक बनाएंगे तो अशिक्षा के कारण भविष्य में उनके सम्मुख उतनी समस्याएं नहीं आएंगी, जितनी समस्याओं का सामना वह आए दिन करते रहते हैं। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के सुखद जीवन हेतु विशेष महत्व रखती है, परंतु किन्नर समाज सबसे अधिक शिक्षा से ही वंचित है, जिसके कारण उनका जीवन विभिन्न कठिनाइयों एवं समस्याओं से ही घिरा रहता है। इसके पश्चात भी किन्नर समाज ने निरंतर संघर्ष करके कुछ उपलब्धियां हासिल की हैं, जो कि सभ्य समाज के लिए उदाहरण स्वरूप हैं। आज किन्नरों ने अपने संघर्ष के दम पर ऐसी बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, जो एक सामान्य व्यक्ति के लिए दूर का तारा नजर आती हैं। विश्व में किन्नर समुदाय एक ट्रांसजेंडर के रूप में जाने जाते हैं, जिनका इतिहास अधिक प्राचीन नहीं है इन्हें एलजीबीटी समुदाय का एक वर्ग भी माना जाता है। विश्व में किन्नरों की प्राचीनतम उपस्थिति दक्षिण अफ्रीका और वर्तमान में अधिकतर अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप आदि देशों में मिलती है। भारतीय संविधान में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है, परंतु अधिकांशतः किन्नर समाज आज भी सर्वसुलभ शिक्षा से वंचित हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में यह आज भी अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं। किन्नरों के साथ शैक्षिक संस्थाएं भी समान नागरिकों की अपेक्षा भेदभाव करती हैं। बहुत सी शैक्षिक संस्थाएं किन्नरों को अपनी संस्था में प्रवेश भी नहीं देती हैं,इसीलिए किन्नर समाज में शैक्षिक दर अत्यधिक निम्न पाई जाती है। शिक्षा से वंचित होने के कारण ही इनमें आर्थिक समस्याएं एवं संस्कारों का अभाव देखने को मिलता है। जब शैक्षिक संस्थाएं इन्हें अपनी संस्था में पढ़ने से रोकती हैं तो यह शिक्षा के अभाव में उस काबिल नहीं बन पाते हैं कि यह अपना रोजगार प्राप्त कर पाएं, जिसके फलस्वरूप उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर ही रहती है और इन्हें अपनी आजीविका चलाने हेतु नाच-गाना, मनोरंजन, चोरी, डकैती और अनैतिक कार्यों का सहारा लेना पड़ता है, जिसके कारण समाज में इन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। एक तरफ शिक्षा का अभाव और दूसरी तरफ शारीरिक निर्योग्यताएं, जिसकी वजह से घरों, दुकानों एवं कारखानों में भी कोई इन्हें छोटा-मोटा काम नहीं देता है, जिससे धनोपार्जन कर यह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें।

समय के साथ-साथ किन्नरों की शैक्षिक एवं आर्थिक परिस्थितियों में भी परिवर्तन आया है। आज वह शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा आदि तक ग्रहण कर रहे हैं और समाज में सम्मान प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्हें विभिन्न प्रकार की उपेक्षा एवं उपहास का पात्र बनना पड़ता है, परंतु यह भी दृढ़ निश्चय कर लेते हैं कि उन्हें अपनी वर्तमान परिस्थितियां स्वीकार नहीं है, जिन्हें परिवर्तित करने हेतु वह हर संभव प्रयास करेंगे। सभ्य समाज में होने के बावजूद किन्नर समाज अत्यंत दयनीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। समाज में उनके साथ भेदभावपूर्ण एवं उपेक्षित व्यवहार किया जाता है, जिससे उनकी भावनात्मक एवं मानसिक स्थिति अत्यंत नकारात्मक पाई जाती है।

संपूर्ण किन्नर समाज में से कुछ प्रतिशत किन्नर ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी वर्तमान स्थिति से समझौता न कर स्वयं के जीवन से संघर्ष करके यह मुकाम हासिल किया है,जिसमें 'शबनम मौसी' देश की 'पहली किन्नर विधायक' हैं, जो मध्य प्रदेश की विधानसभा द्वारा 1998 निर्वाचित हुई तथा 2003 में एमएलए रहीं। इन्होंने अपने साक्षात्कार में कहा था कि "लोग अपने कुत्ते को पालते हैं उसको इतनी इज्जत देते हैं कितने प्यार से उसको खाना खिलाते हैं। गाड़ियों में बिठाते हैं, उसको बिस्तर पर सुलाते हैं वह तो कुत्ता है जब आप उसे जीने का अधिकार देते हैं तो एक किन्नर को क्यों नहीं।" ऐसे अनेक किन्नर समाज के लिए उदाहरण हैं, जो भारत सरकार के प्रमुख पदों पर विराजमान होकर सरकार एवं व्यवस्था में भी शामिल हैं और अपने समाज के हित में कार्य कर रहे हैं तथा जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कर देश के विकास में अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं। किन्नर समाज की उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि यदि किन्नर समाज को भी अवसर प्रदान किए जाएं तो वह भी सामान्य स्त्री-पुरुषों की भांति किसी से कम नहीं है।

## पुरानी पेंशन की मांग



जगपाल सिंह भाटी
बरेली

पुरानी एवं नई पेंशन की स्कीम का मुद्दा लगातार चर्चा में ही बना रहता है। देशभर में सभी विभागों के केंद्रीय एवं राज्य कर्मचारी अनवरत रूप से आंदोलित हैं। कहीं न कहीं किसी न किसी संगठन के द्वारा पुरानी पेंशन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन और रैली चलती ही रहती है। कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन मिलने तक अपना संघर्ष और प्रदर्शन जारी रखना चाहते हैं। उनका तर्क है कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की लाइफ लाइन है, उनके लिए उम्र भर का सहारा बनती है। सरकार एवं उसके नुमाइंदे अपने-अपने तर्कों के साथ पुरानी पेंशन को लागू करने में असमर्थता जताते रहते हैं।

सरकार की अपनी मजबूरी हो सकती है, परंतु कर्मचारियों की चिंता भी जायज है। जहां पुरानी पेंशन में कर्मचारियों को अपनी सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में ताउम्र लाभांश मिलता है, वहीं दूसरी तरफ नई पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को पेंशन की निश्चितता की कोई गारंटी नहीं है। अभी हाल ही में कई राज्यों में नई पेंशन व्यवस्था के तहत सेवा-निर्मित हुए कई कर्मचारियों को केवल 1000 से 2000 ही पेंशन मिली है। पेंशन की इस विकृति के कारण ही कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। विपक्ष की कई पार्टियों भी अपने घोषणा पत्र में इसको शामिल कर चुकी हैं।

सरकार के पास भले ही पुरानी पेंशन चालू न करने का ठोस कारण हो, परंतु विपक्षी सरकारों का समर्थन और कर्मचारी संगठनों का लगातार आंदोलन ये साबित करता है कि कर्मचारी पुरानी पेंशन से कम पर मानने को तैयार नहीं है। कर्मचारी सरकार के अभिन्न अंग होते हैं। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम सरकारी कर्मचारी ही करते हैं। आपातकाल की स्थिति में हमेशा सरकारी कर्मचारी ही ढाल बनकर खड़ा रहा है कोरोना काल में यह साबित भी हो चुका है। इसलिए सरकार को सहानुभूति पूर्वक कर्मचारी हित को ध्यान में रखकर फैसला लेना चाहिए।

## एक नजर

### अलग अलग जगह से विवाद में तीन गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को अलग अलग जगह गाली गलौज व मारपीट पर उतारू तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला शाजीपुरा निवासी वीर सिंह व प्रदीप पुरानी रंजिश को लेकर आपस में गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमदा थे। वहीं सरायतरीन के मुहल्ला भूड़ा निवासी रईय्यान किसी बात को लेकर मुहल्ला के ही फरदीन के साथ विवाद कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वीर सिंह, प्रदीप और रईय्यान को गिरफ्तार कर लिया और शांतिभंग में चालान कर दिया।

### अवैध खनन कर मिट्टी लेकर जाती ट्रैक्टर ट्राली सीज

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव कैली के जंगल में ट्रैक्टर ट्राली से अवैध खनन कर मिट्टी ढोई जा रही थी। शनिवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर ट्राली को रुकवा लिया और खनन से संबंधित कागजात मांगे, लेकिन चालक खनन के दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया और थाने लाकर सीज कर दिया।

### घास काट रहे व्यक्ति को सांप ने काटा

**संभल, अमृत विचार :** चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में जंगल में धान की फसल की मेढ़ से घास काट रहे व्यक्ति को सांप ने डस लिया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल संभल आ गए और उपचार के लिए ग्रामीण को भर्ती कराया। गांव पतरुआ निवासी विपिन शनिवार की सुबह छह बजे खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गया था। चारा काटने के बाद विपिन खेत में खड़ी धान फसल की मेड़ से घास काटने लगा इस बीच घास में छिपे सांप ने विपिन को डस लिया।

### फसल की निराई करती महिला को सांप ने डसा

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** कस्बा जुनावई निवासी सरदार सिंह यादव की पत्नी राजवती देवी (55 वर्ष) शनिवार को खेत में बाजरे की फसल की निराई कर रही थी। उसी समय राजवती देवी को सांप ने डस लिया। जानकारी देने पर परिजन राजवती देवी को लेकर निजी चिकित्सक के पास पहुंचे। चिकित्सक ने इलाज के लिए संभल भेज दिया। संभल के अस्पताल में राजवती देवी का उपचार कराया जा रहा है।

### अभियान में 12 ई रिक्शा का चालान, छह सीज

**संभल, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता ने अनाधिकृत ई-रिक्शा के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 12 ई- रिक्शा का चालान कर छह ई -रिक्शा को सीज किया। जिन ई-रिक्शा का क्षमता से अधिक सीट लगाकर संचालन किया जा रहा था उनमें अतिरिक्त सीट हटवा दी गई और कहा गया कि चालक बिना लाइसेंस और बिना वैध बीमा के ई-रिक्शा न चलाएं।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसा बुजुर्ग

**संभल, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव गंगहेटा निवासी अप्पू (65 वर्ष) शनिवार को शाम घर की छत पर कबूतरों को दाना खिला रहा था। छत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर अप्पू झुलस गया। परिजनों ने अप्पू को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### फोटो व वीडियो वायरल करने में दो लोग गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर थाना थाना क्षेत्र के मुहल्ला एक मुहल्ला निवासी जुबैर ने डेढ़ वर्ष पहले अपने बहनोई मुजम्मिल हुसैन निवासी भूडा व उवैश निवासी शाहजीपुरा और आमिर की मदद से महिला को घर में बुलाकर व अलीगढ़ होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया था। जुबैर ने महिला के साथ दुष्कर्म करते समय फोटो व वीडियो भी बनाई थी। जिसके बाद जुबैर वीडियो व फोटो महिला के पति के फोन पर भेजकर सऊदी अरब चला गया था। अप्रैल माह में मुजम्मिल हुसैन ने फोटो व वीडियो अन्य लोगों को वायरल किए थे। महिला ने जुबैर, मुजम्मिल हुसैन, उवैश व आमिर के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे आहत होकर महिला ने गुरुवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया था। शनिवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मुजम्मिल हुसैन व उवैश को गिरफ्तार कर लिया।

# कलेक्ट्रेट में गरजे जिले के सफाई कर्मी

## मांगों के समर्थन में धरना दिया, बोले, बायोमेट्रिक हाजिरी से हो रहा शोषण

संवाददाता, बहजोई



कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

- पांच सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े जिले भर के सफाई कर्मचारियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी के विरोध में कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। अपनी मांगों को पूरा करने के लिए सफाई कर्मियों ने नारेबाजी की। बायोमेट्रिक हाजिरी व्यवस्था समाप्त करने की जोरदार मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष धीरज पाल यादव के नेतृत्व में जिले भर के सफाई कर्मी कलेक्ट्रेट के निकट श्री भगवानपुर देवी मंदिर पार्क में एकत्रित हुए। वहां उन्होंने बायोमेट्रिक हाजिरी सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया और नारेबाजी की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद के राजस्व ग्राम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को बायोमेट्रिक हाजिरी से मुक्त किया जाए। शासन द्वारा सफाई कर्मियों के निर्धारित जॉब चार्ट में ग्राम प्रधान से हस्ताक्षर वेतनमान पत्र के आधार पर ही वेतन भुगतान करने का आदेश है। परंतु सफाई कर्मियों की शैक्षिक योग्यता साक्षर होने के बाद भी सफाई कर्मचारियों से कंप्यूटर पर बायोमेट्रिक हाजिरी लगवाई जाती है। अनपढ़ एवं साक्षर होने के कारण कंप्यूटर पर सफाई कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लग पाती है। उनका अनावश्यक रूप से वेतन काट दिया जाता है। जिससे उनका शोषण हो रहा है। इसलिए बायोमेट्रिक हाजिरी से सफाई कर्मियों को मुक्त किया जाए। मंडल अध्यक्ष सुभाष जैनवाल ने कहा कि जनपद स्तर विकास खंड स्तर पर विभिन्न कार्यालय में सफाई कर्मियों को संबद्ध किया गया है। उनके राजस्व ग्राम में सफाई कार्य के लिए कार्य मुक्त किया जाए। ताकि ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था सुचारू हो सके।

डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया। इस दौरान जिला महामंत्री रंजीत सिंह, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, विनोद कुमार प्रजापति, कौशल कुमार, केसरी सिंह, धर्मवीर सिंह, दौलत राम, अनीस अहमद, संजय कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह, रतिराम सिंह यादव, सुनील सिंह, अजय कुमार, जोगिंदर सिंह, सूरजपाल सिंह आदि सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर पर छापा

**संभल, अमृत विचार :** औषधि निरीक्षक ने ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र में अवैध मेडिकल स्टोर पर छापेमारी में चार संदिग्ध दवाएं मिलीं। दवाओं का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया जबकि 15 हजार रुपये की दवा सीज किया गया।

आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण को लेकर शनिवार को औषधि निरीक्षक जयेन्द्र कुमार ने थाना ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र के गांव अशरफपुर में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। स्टोर का संचालन नवाजिश पुत्र मोहम्मद रिजवान कर रहा था। नवाजिश से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस मांगा तो लाइसेंस नहीं दिखा सके। मेडिकल स्टोर पर अवैध रूप से दवाओं का स्टॉक मिला। उपलब्ध दवाओं में से चार संदिग्ध दवाओं का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा। औषधि निरीक्षक ने लगभग 15 हजार रुपये की दवाएं सील करने की कार्रवाई की है।

# धर्मस्थल पर नया दरवाजा लगाने से गरमाया माहौल

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**विवाद**

- पुलिस गांव पहुंची तो दोनों वर्ग के लोगों में बनी सहमति

**अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र में एक वर्ग द्वारा धर्मस्थल पर स्टील का दरवाजा लगाए जाने से माहौल गरमा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वर्गों की बात सुनी तो सहमति बन गई।

थाना क्षेत्र के गांव गौंजनी मिलक में एक वर्ग के धर्मस्थल का दरवाजा लकड़ी का था, जो बरसात से खराब हो गया था। शुक्रवार की शाम को कुछ लोग धर्मस्थल पर स्टील का दूसरा दरवाजा लगवाने लगे। दूसरे वर्ग के युवक ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा लगने से रुकवा दिया। जिससे वर्गों के बीच माहौल गर्माने लगा। जिसकी जानकारी थाना पुलिस को हुई तो शनिवार की सुबह को पुलिस गांव पहुंच गई। पुलिस ने दोनों वर्गों के लोगों को बुलाकर जानकारी की और बात सुनी। जिसके बाद एक वर्ग ने अपने स्थल पर दरवाजा लगाने तथा दूसरे वर्ग ने अपने धर्मस्थल पर दरवाजा लगाने को लेकर सहमति दी। थाना प्रभारी रेनू सिंह ने बताया की धर्मस्थल पर दरवाजा लगने की सूचना मिली थी। जिसे रुकवा दिया गया। बाद में दोनों वर्गों के बीच समझौता हो गया।

### कांग्रेस ने बिजली कटौती पर जताया आक्रोश

**संभल, अमृत विचार :** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेसियों ने बिजली कटौती को लेकर आक्रोश जताया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई।

शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता बिजली विभाग के एक्सईएन दफ्तर पर पहुंचे। राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर कहा कि प्रदेश में बिजली कटौती हो रही है। अघोषित बिजली कटौती से आम जनमानस, किसान, कामगार, छात्र परेशान हैं। उद्योग धंधों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बिजली कटौती के कारण किसान धान और अन्य फसलों की नलकूप से सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। जिससे फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कांग्रेसियों ने बिजली समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, मीनू शर्मा, दुष्यंत कुमार सिंह, मंजर अब्बास, मोहम्मद उसमान, मोहम्मद मोमिन, नजारुल आदि रहे।

# अधिवक्ताओं ने अधिकारियों के सामने रखी कई समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

- तहसीलदार ने कहा-काश्तकारों के हित में होगा कार्य

**अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की वार्ता तहसीलदार और नायब तहसीलदार से हुई। जिसमें मुख्य रूप से अविवादित नामांतरण पत्रावलियों, राजस्व संहिता की धारा 24, 30, 80, 134 आदि की रिपोर्ट में हो रहे विलंब समेत कई समस्या उठाई गईं।

अधिवक्ताओं ने अधिकारियों के सामने विरासत समय से न होने, विवादित पत्रावलियों में बहस हो जाने के बाद लंबे समय तक आदेश पारित न होने, रियल टाइम खतौनियों में काश्तकारों के अंश गलत दर्ज होने, असंक्रमणीय भूमिधर काश्तकारों के नियमानुसार संक्रमणीय भूमिधर घोषित जाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। तहसीलदार रवि सोनकर ने कहा कि सभी समस्याओं को नोट किया गया है। उनका जल्द ही निराकरण किया जाएगा। कुछ समस्याओं के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। प्राथमिकता रहेगी कि बार और बेंच के बीच मधुर संबंध बनाकर काश्तकारों के हित में कार्य किया जाए।

इस दौरान शरद भारद्वाज, वसी हसन, मोहम्मद जावेद, गुरुदत्त गुप्ता, अनिल त्यागी, अनीस अहमद, अफजाल अहमद, अतुल रस्तोगी, रवेंद्र सिंह, रवि चौधरी, रामकिशन सिंह, मनीष आर्य, मुस्तकीम अहमद, शादाब बिन मुस्तकीम, अली सादिक, सचिन चौहान आदि रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने तथा संचालन डॉ.अमित कुमार उठवाल ने किया।

### अवैध अस्पताल सील, महिला डॉक्टर सहित दो पर रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में स्थित अवैध रुप से संचालित हो रहे अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत होने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया और झोलाछाप महिला सहित दो डॉक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कबीर की सराय निवासी फहीम की गर्भवती पत्नी फूलजहां को आशा कार्यकत्री ने प्रसव के लिए सोमवार को मुहल्ला रायसत्ती में स्थित न्यू हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कराया था। ऑपरेशन के दौरान फूलजहां व पेट में उसके बच्चे की मौत हो गई थी। परिजनों ने हंगामा किया तो मुहल्ला दीपासराय निवासी झोलाछाप शब्बू व महिला डॉक्टर मरियम अरकान अस्पताल से भाग गए थे। नोडल अधिकारी मनोज चौधरी ने न्यू हेल्थ केयर सेंटर को खुलवाकर देखा और जांच पडताल की। रजिस्ट्रेशन के कागजात नहीं मिलने पर अवैध रुप से संचालित न्यू हेल्थ केयर सेंटर को सील कर दिया गया। देर शाम थाने में तहरीर देकर न्यू हेल्थ केयर सेंटर संचालक दीपासराय निवासी झोलाछाप डॉक्टर शब्बू व मरियम अरकान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।


**कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, शाहजहांपुर**

पत्रांक: 816-4 गोसदन/2024-25/नीलामी **इश्तहार नीलामी** दिनांक:- 03.08.2024

जिला गोसदन सिमरा बीरान की कृषि योग्य भूमि, जो विभिन्न गाटा संख्या (ग्राम सिमरा वीरान एवं महोलिया वीरान, शाहजहांपुर) की भूमि पर भरी पतेल एवं गोबर की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एक वर्ष के लिए दिनांक 05.08.2024 को समय 11:00 बजे प्रात: स्थान कलेक्ट्रेट सभागार शाहजहांपुर में होगी।

**नीलामी की शर्तें निम्नवत् होगी:-**

1. बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति को प्रत्येक प्लाट हेतु दो हजार रूपये की दर से जमानत राशि जमा करनी होगी जो सर्वोच्च बोली लगाने वाले को छोड़कर शेष बोली दाताओं की जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।
2. बोली की आधी धनराशि बोली के तत्काल बाद जमा करनी होगी, अन्यथा बोली निरस्त कर जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। जमानत राशि को जमा की जाने वाली आधी धनराशि में ही समायोजित किया जायेगा।
3. किसी भी बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला गोसदन सिमरा वीरान / जिलाधिकारी शाहजहांपुर का होगा।
4. शेष आधी धनराशि एक माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त राशि जमा न होने की दशा में बोली की आधी धनराशि जो जमा की गयी है उसे राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करते हुए बोली निरस्त कर दी जायेगी।
5. बोली दाता अगर गाटा संख्या की जानकारी लेना चाहता है तो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे प्राप्त कर सकते हैं, तथा पशु चिकित्सा अधिकारी, खुटार के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल
मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी/
सचिव, जिला गौसदन सिमरावीरान, शाहजहांपुर


## सार संक्षेप

### कुत्तों ने हमला कर बाइक सवार दो लोगों को काटा

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर कुत्तों के झुंड ने घेरकर चलती बाइक पर हमला कर सवार दंपति सहित तीन लोगों को सड़क पर गिरा दिया। कुत्तों के झुंड ने हमलाकर दो लोगों को जख्मी कर दिया। वहीं महिला सड़क पर गिरने से घायल हो गई। मुरादाबाद जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव ईमरतपुर निवासी शाने आलम शनिवार की सुबह 11 बजे बाइक पर सवार होकर पत्नी नजमा और पिता दिलशाद के साथ रिश्तेदारी में संभल आ रहे थे। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर के पास संभल मुरादाबाद मार्ग पर खड़े कुत्तों के झुंड ने घेरकर बाइक सहित शाने आलम, नजमा व दिलशाद को सड़क पर गिरा लिया और हमलाकर कर दिया। आसपास के लोगों ने लाठी डंडे दिखाकर कुत्तों के झुंड को भगाया। बाइक के साथ सड़क पर गिरने से नजमा भी घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### सहेली का मामा छात्रा पर बना रहा शादी का दबाव

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में कक्षा आठ की छात्रा के साथ अश्लीलता कर शादी का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा की सहेली का मामा बताया जा रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को एक व्यक्ति फोन कर पिछले कई दिन से परेशान कर रहा था। पता चला कि फोन पर परेशान करने वाला व्यक्ति छात्रा की सहेली का मामा था और सहेली से ही उसने किसी तरह छात्रा का फोन नंबर लिया था। फोन पर जब व्यक्ति हदें पार करने लगा तो परेशान होकर छात्रा ने परिजनों को उसकी हरकत बता दी। गुरुवार को छात्रा जब खेत पर जा रही थी तब कई दिन से फोन पर अश्लीलता कर परेशान कर रहा सहेली का मामा रास्ते में मिल गया और छात्रा को रोककर उससे अश्लील हरकतें करने लगा। छात्रा से कहा कि वह उससे शादी कर ले। छात्रा के इनकार पर उसने छात्रा को धमका कर उसे व उसके परिवार के लोगों की हत्या कर देने की धमकी दी। इसके बाद परिजन छात्रा को लेकर थाने पर पहुंचे। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी प्रदीप कुमार की तलाश शुरु कर दी गई है।

### पूर्व सभासद की नो एंट्री का नोटिस चस्पा

**बबराला, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय के प्रवेश द्वार पर चस्पा नोटिस सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पूर्व सभासद की नो एंट्री की सूचना है।

शनिवार को नगर पंचायत दफ्तर के मेन गेट पर नोटिस चस्पा हुआ देखा गया। इसमें विजेंद्र पाठक पर कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने और दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए उनके कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाने की बात लिखी है। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने नोटिस लगाने की पुष्टि करते हुए बताया कि डीएम के स्पष्ट आदेश हैं कि दलाल प्रवृत्ति के बाहरी लोगों को आफिस में नहीं आने दिया जाए। कर्मचारियों ने अभद्रता करने की शिकायत की थी इसलिए कार्यालय में बिना अनुमति आने पर रोक लगाई है। वहीं, पूर्व सभासद विजेंद्र पाठक ने नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का आरोप जड़ा है। उनका कहना है कि उनकी पत्नी नगर पंचायत में ठेकेदार है, इसलिए वह एक बिल के भुगतान को लेकर नगर नगर पंचायत कार्यालय गए तभी विवाद हुआ।

# श्री महाकाल पालकी यात्रा में आग के करतब दिखाए, कई स्थानों पर स्वागत

कार्यालय संवाददाता, संभल




महाकाल पालकी यात्रा के दौरान आग का करतब दिखाते कलाकार। ● अमृत विचार

- इस दौरान गूंजते रहे महाकाल के जयकारे, माहौल भक्तिमय हो गया

**अमृत विचार :** श्री महाकाल सेवा परिवार कल्कि नगरी संभल के तत्वावधान में नगर में श्री महाकाल सरकार (उज्जैन वालों) की पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें कलाकारों ने आग के हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को अचंभित किया। विभिन्न स्थानों पर पालकी यात्रा का स्वागत हुआ। इस दौरान महाकाल के जयकारे गूंजते रहे। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।

नगर के मुहल्ला कोट पूर्वी में गौरी सहाय मंदिर से निकली श्री महाकाल सरकार (उज्जैन वालों) की पालकी यात्रा का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने किया। पालकी यात्रा गौरी सहाय मंदिर, शुक्ला पान भंडार, टंडन तिराहा से पंजाबी मंदिर होकर वापस मंदिर पर समाप्त हुई। अघोरी आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने आग के करतब दिखाकर श्रद्धालुओं को अचंभित किया। शंकर कॉलेज चौराहा पर आरती की गई। इस दौरान निशिकांत तिवारी, दिपांशु राजपूत, शिवांश शर्मा, शिवा कश्यप, कुलदीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, हर्षित गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, पवन कश्यप, शुभम रस्तोगी आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर जनपद-रामपुर**

पत्रांकः- 619/सीमा-स्तम्भ/विज्ञाप्ति प्रकाशन / 2024-25 दिनांक- 02/08/24

**अति अल्पकालीन निविता सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ०प्र० की ओर से खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर रामपुर द्वारा अर्ह प्रतिश्ठित विकास खण्ड बिलासपुर में पंजीकृत ठेकेदारों से समेकित ग्राम निधि से सीमा स्तम्भों का ग्राम पंचायत वार सीमा स्तम्भों (सिहददों) के पुननिर्माण / पुनास्थापना निर्माण कार्य कराये जाने वाले कार्य हेतु प्रतिशत दर पर/टेण्डर (निविदा) टैक्नीकल / फाइनेनशियल विड दिनांक 02.08.2024 से 06.08.2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 07.08.2024 अपरान्ह 3:00 बजे विकास खण्ड बिलारापुर में अधोहस्ताक्षरी/गठित समिति एवं निविदाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर के कक्ष में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | जिला/वि० ख०का नाम | कार्य का नाम जो निर्मित कराये जाने है। जो कि निम्नानुसार अंकित है। | लागत लाख रूपयें में | धरोहर राशि लाख रू. में 02 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में | सीमा का स्तम्भों की संख्या | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्यालय का नाम जहाँ पर निविदा खोली जायेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | समेकित ग्राम निधि | | | | | | |
| 1 | बिलासपुर | विकास खण्ड बिलासपुर की 113 ग्राम पंचायतों में सीमा स्तम्भों का ग्राम पंचायत वार सीमा स्तम्भों (सिहददों) के पुननिर्माण /पुनार्स्थापना निर्माण कार्य | 772716 | 40000 | 766 | 546 नग | 15 दिन | वि.ख. बिलासपुर |
| | | योग | | | | | | |

1-निविदा डालने वाले ठेकेदार/कान्टेक्टर को विकास खण्ड में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना आवश्यक होगा। विकास खण्ड मे पंजीकृत, न होने की दशा में निविदा मान्य नहीं होगी।
2-प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि उपरोक्तं तालिका के कालम 07 में दर्शाई गयी है प्रत्येक दशा में निविदा में डाले गये कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में जमानत की धनराशि जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए टेण्डरदाता पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा।
3-निविदा की वैधता निविदा प्राप्ति के दिन से 15 दिन के लिए वैध होगी। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नही लिया जा सकेगा।
4-प्रत्येक निविदा के साथ कालम 06 मे अंकित निविदा का मूल्य ही मान्य होगा जो किं किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत डाफट के रूप में खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। या खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर के खाता सं० 11156675384 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिलासपुर व IFSC CODE SBIN0007250 में धनराशि जमा करने पर ही निविदा प्रपत्र कार्यालय से क्रय किये जा सकते है। इच्छुक निविदादाता अधिक जानकारी के लिए कालम सं0-08 में अंकित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सॉय 03.00 बजें तक प्राप्त कर सकते है।
5-निविदा प्रपत्र दिनाँक 03.08.2024 से 06.08.24 तक प्रातः 11.00 बजें से अपराहन 4.00 बजें तक कार्यालय से कार्य दिदस में प्राप्त किये जा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात निविदा प्रपत्र किसी भी दशा में देय नही होगा।
6-निविदादाता का पैन कार्ड एवं जी०एस०टी०में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। यदि यह नहीं है तो निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी। जिसके लिए टेण्डरदाता स्वयं जिम्मेदार होगा।
7- निविदादाता दिनांक 05.08.24 को प्रातः 12.00 बजे खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर के कार्यालय में मूल प्रपत्र सहित समस्त अभिलेख सत्यापन हेतु उपलब्ध करायेगें। जैसे चरित्र प्रमाण हैसियत , हैसियत प्रमाण पत्र, जी०एस०टी० रजिस्टेशन एवं पैन कार्ड आधार कार्ड एवं विकास खण्ड में पंजीकरण, श्रम विभाग में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्रं सभी अभिलेख की मूल प्रतियाँ जिसकी वैधता टेण्डर जारी होने के पूर्व से तथा टेण्डर प्रकाशन के दिनोंक से 06 माह तक होनी आवश्यक होगी।
8-निविदा समविष्ट करने की अन्तिम तिथि 06.08.2024 कों 12.00 बजे तक होगी। तथा उक्त समय तक प्राप्त निविदा ही दिनोंक 07.08.24 को अपराहन 03.00 बजें विकास खण्ड कार्यालय में खोली जायेगी।
9-सीमा स्तम्भों को ग्राम पंचायतों में पहुंचाने हेतु फर्म को अपने परिवहन साघन लगाना अनिवार्य होगा। सीमा स्तम्भों की ड्राइग व लागत विकास खण्ड के अवर अभियन्ता से प्राप्त कर सकते है। .
10-सीमा स्तम्भों की गुणवत्तापूर्वक निर्माण सुनिष्चित करने हेतु उपजिलाधिकारी निर्माण स्थल पर रोस्टर वार लेखपालों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें। लेखपाल ब्लांक स्तर तैनात खण्ड विकास अधिकारी व अवर अभियन्त्रा के साथ निर्माण कार्य का सततः पर्यवेक्षक करेगें। इसके अतिरिक्त नायब तहसीलदार और उप जिलाधिकारी भी पर्यवेक्षक करेगें।
11-निर्माण स्थल पर जैसे-जैसे स्तम्भों का निर्माण होता जाये तो उसे सम्बन्धित साइट पर लगवाने के उपरोन्त सीमा स्तम्भ के दोनों तरफ उसकी यूनिक कोड संख्या को अंकित किया जाए।
12-टेण्डर प्रक्रिया की समस्त शर्ते टी0-01 पुस्तिका (गाईड लाइन) के अधीन होगी। जो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्माण कार्यों के लिए जारी नियमावली के अन्तर्गत अनुमोदित / स्वीकृत की गई है। की प्रति निविदादाता कार्यालय से टेण्डर प्रपत्र क्रय के साथ अवश्य प्राप्त कर लें।

खण्ड विकास अधिकारी
बिलासपुर रामपुर।

# समाधान दिवस : 231 शिकायतों में 30 निस्तारित

## तहसील सभागार में डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं, शेष शिकायतें शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। 231 शिकायतों में 30 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने शिकायतें सुनीं। डीएम व एसपी के आने की सूचना मिलने पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शिकायतें लेकर तहसील पहुंचे। जिसमें दोनों अधिकारियों के सामने विभिन्न गांवों की भूमि पर अवैध कब्जे, गांव में जलभराव आदि शिकायतें आईं। इनमें राजस्व विभाग की 118, पुलिस की 23, चकबंदी की 14, विकास विभाग की 12, खाद्य एवं रसद विभाग की 21, समाज कल्याण की छह समेत अन्य 37 शिकायतें आई। कुल 231 शिकायतों में राजस्व विभाग की 118, पुलिस की तीन, विकास व खाद्य एवं रसद विभाग की दो-दो, समाज कल्याण की एक, अन्य चार सहित 30 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम नीतू रानी, सीओ प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य जनपद के अधिकारी मौजूद रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायत सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### किसानों के खेत में चकरोड निकालने पर रोष

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के पदाधिकारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर कहा कि गांव ततारपुर के किसान ओमकार, महेंद्र, जयपाल, लक्ष्मण, इंद्र, ब्रह्मपाल, कृपाल की जमीन में कोई चकरोड नक्शे में दर्ज नहीं है। आरोप लगाया कि लेखपाल कुछ लोगों के दबाव में आकर किसानों के खेत में चकरोड़ निकाल रहे हैं। लोगों ने गांव के तालाबों और ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर रखा है। एसडीएम से मामले में किसानों को न्याय दिलाने और लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर तालाब, ग्राम समाज और गोशाला की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव और किसान मौजूद रहे।


कोतवाल से नोकझोंक करते बमनेटा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

### तहसील गेट पर की नारेबाजी, पुलिस से नोकझोंक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में थाना बहजोई के गांव बमनेटा के लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इन्होंने तहसील गेट पर जमकर अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस से ग्रामीणों व महिलाओं की जमकर नोक-झोंक हुई। शोर शराबा होने पर डीएम व एसपी ने अपने अधीनस्थों से मामले की जानकारी ली। इसके बाद चार लोगों को बुलाकर वार्ता की व उनका शिकायती पत्र लिया। अधिकारियों ने एक सप्ताह में समस्या का समाधान कराने की बात कही। शिकायती पत्र में कहा है कि गांव बमनेटा में कई वर्ष पहले कुछ लोगों ने खाद के गड्ढों पर पक्के आवास बना लिए हैं। जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। रास्ता न होने के कारण घरों से गंदा व बारिश का पानी घर में भरा रहता है। रास्ता न होने के कारण बच्चे बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। गर्भवती महिलाओं तथा अर्थी निकालने के लिए दीवार कूदकर जाना पड़ता है। बताया कि वह कई बार से उच्चाधिकारियों से शिकायतें करते चले आ रहे हैं। मगर समाधान नहीं निकाला गया है। इस अवसर पर चिरंजी लाल, लेखपाल, प्रदीप, सीमा, कैलाशो, जयदेई, मोरकली, सरिता, फूलवती, जयप्रदा, सोमवती, रामवती, सरिता, भागवती, नन्दिनी, सीमा, ममता, राजवती, सुनीता, दीपक, फूल सिंह, रीना, राजू, चंद्रपाल, चिरंजी, अनीता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### छह दंपति ने समझौता कर समाप्त किया विवाद

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र में काउंसलर ने 6 दंपति को समझाया। उनकी बात समझकर छह परिवारों ने अपना विवाद समझौते के आधार पर समाप्त कर दिया। महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद ने बताया कि कुल 77 पत्रावली में से 17 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। छह परिवारों को मिलाया गया तथा एक पत्रावली में विधिक कार्रवाई करने की संतुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, सीमा आर्य, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा आदि ने सहयोग किया।

### मिट्टी उठाने का विरोध करने पर पीटा, घायल

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के भैंतरी फाटक निवासी रिजवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपने घर के बाहर सड़क पर मिट्टी डलवायी थी। शुक्रवार को मोहल्ले के ही कुछ लोग मिट्टी उठा कर अपने घर में डालने लगे। उसने इस का विरोध किया तो गाली-गलौच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। फावड़े से सिर व शरीर पर वार किए। घायल का सीएचसी में उपचार कराया गया है।

# 84 शिकायतों में आठ का ही हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, संभल

- एडीएम की अध्यक्षता में लगा संपूर्ण समाधान दिवस, उमड़े फरियादी

**अमृत विचार :** संभल में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 84 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से 8 शिकायतों का मौके पर समाधान करा दिया गया।

संभल में नई तहसील सभागार में एडीएम प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। भीषण गर्मी के बावजूद फरियादी उमड़े और अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। अधिकारियों ने भी समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुनते हुए समाधान कराने के निर्देश दिए। यह सिलसिला दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 39, पुलिस विभाग की 19, विकास विभाग की 5, खाद्य एवं रसद विभाग की 6, समाज कल्याण विभाग की 3, अन्य विभागों की 12 शिकायतें दर्ज हुईं। राजस्व विभाग की 7 और पुलिस विभाग की एक शिकायत का मौके पर समाधान करा दिया गया। शेष शिकायतें संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शासन की मंशा के अनुरूप समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान एसडीएम विनय कुमार मिश्र, तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर और अनुज कुमार आदि अधिकारी रहे।


संभल में शिकायतें सुनते एडीएम व एएसपी। ● अमृत विचार

### राशन कार्ड बनवाने की लगाई गुहार

**संभल अमृत विचार :** मुहल्ला सोतीपुरा की सोनम ने समाधान दिवस में राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत की। कहा कि फरवरी में आवेदन किया था लेकिन राशन कार्ड नहीं बना। उसने राशन कार्ड जारी कराने की गुहार लगाई।

### भूमि पर कब्जा दिलाएं

**संभल अमृत विचार :** चौधरी सराय के यूनुस ने कहा कि उसकी भूमि सुल्तानपुर बुजुर्ग के बाहर चुंगी में है। उसने लेखपाल से भूमि की पैमाइश कराकर कब्जा दिलाने की मांग की। वहीं गांव मिलक भारतल के सुन्दर लाल ने कहा कि उसकी गांव भारतल सिरसी में भूमि का रकबा कम है। उसने नापतौल कराकर भूमि पूरी कराने की मांग की है।

# जिलाधिकारी के सामने किया प्रदर्शन, सौंपा शिकायती पत्र

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- वर्षों से नारकीय जीवन जी रहे हनुमानगढ़ी नई बस्ती के लोग
- जलभराव से होकर गुजरने को हैं मजबूर

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की हनुमानगढ़ी नई बस्ती के लोग अपनी शिकायत को लेकर तहसील पहुंचे। वहां जिलाधिकारी के सामने लोगों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। साथ ही कहा कि उनकी बस्ती में 25 वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। मगर किसी भी अधिकारी द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। इसके बाद कुछ लोग तहसील सभागार में पहुंचे और जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया को शिकायती पत्र सौंपा।

शिकायती पत्र में कहा है कि हनुमान गढ़ी नई बस्ती में गंदे पानी की निकासी नहीं है। जिससे वहां पांच फिट जलभराव बना हुआ है। बस्ती की न तो सड़कें ही पक्की है और न ही नालियां। जिससे स्कूली बच्चों व महिलाओं को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यह बस्ती नगर पालिका में आती है, बस्ती वाले जलकर व गृहकर दोनों ही अदा करते हैं। कई बार डीएम व एसडीएम बस्ती का निरीक्षण कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दे चुके हैं। मगर अभी तक समाधान नहीं हो सका है।

# चकरोड संबंधी मामलों का एक सप्ताह में करें निस्तारण

संवाददाता, गुन्नौर

- गुन्नौर में 61 शिकायतें आईं जिसमें से सात का निस्तारण किया गया

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम और सीओ ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 61 शिकायतें आईं। जिसमें से सात शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम दीपक कुमार चौधरी व सीओ डॉ. गणेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को सुना। राजस्व विभाग की 39, पुलिस संबंधित 10, चकबंदी की 9, पूर्ति विभाग की 5 और विद्युत विभाग संबंधी एक शिकायत आई।

चकरोड पर कब्जे की शिकायतों पर एसडीएम दीपक कुमार चौधरी ने हल्का लेखपालों को सख्त चेतावनी दी। बोले- चकरोड संबंधित मामले हर हाल में एक सप्ताह के भीतर निस्तारित कर उन्हें रिपोर्ट दी जाए। तहसीलदार से कहा कि सार्वजनिक उपयोग की सरकारी जमीनों से कब्जे हटाए जाएं। अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका प्रभावी समाधान कराएं, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और आमजन का सरकारी आयोजनों पर विश्वास कायम हो सके।

यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल हैं। इसलिए शिकायतों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने ब्लॉक और नगर पंचायत के अधिकारियों को गांवों में नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस में तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



प्राथमिक विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता के पोस्टर दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

# बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प दिलाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- बताया गया कि हमें कम से कम पानी प्रयोग करना है
- बच्चों को पौधरोपण करने के लिए भी जागरूक किया गया

**अमृत विचार:** पर्यावरण ज्योति संकल्प यात्रा के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जागरूक करने हेतु शनिवार को पांच स्कूलों में अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि प्रांत सहप्रमुख शिखा शर्मा ने प्राथमिक विद्यालय तारापुर में बच्चों को पानी बचाओ व पॉलिथीन- प्लास्टिक मुक्त अभियान के लिए बच्चों को संकल्प दिलाया।

कहा कि सभी बच्चों को यह बताया गया कि हमें कम से कम पानी का प्रयोग करना है। जिससे हम अपने घर में हो रही पानी की बर्बादी को रोक सकें। बच्चों को पौधरोपण करने के लिए भी जागरूक किया गया। तारापुर कैथल फर्स्ट और सेकंड पथरा के दो स्कूल में भी बच्चों को जागरूक किया गया।

इस मौके पर ग्रुप की शालिनी सक्सेना, सीमा अग्रवाल, शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, शीनू शर्मा, रीनू बंसल आदि मौजूद रहे।

## पुत्री के साथ छेड़छाड़ व गाली गलौज का आरोप

**धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सोमवार को मंदिर में शिवलिंग पर चढ़ाने के लिए पुत्री गांव के पास से ही जंगल जा रही थी। आरोप है कि गांव के ही व्यक्ति ने युवती को रोक लिया और हाथ पकड़कर व्यक्ति छेड़छाड़ करते हुए युवती को खेत में खींचने लगा। युवती ने विरोध किया तो व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। घर पहुंचकर युवती ने सारी बात अपनी मां को बताई। जिसके बाद महिला का व्यक्ति से विवाद हो गया। लेकिन महिला ने पुलिस को सूचना नहीं दी। शुक्रवार की रात व्यक्ति अपने दो बेटों के साथ महिला के घर के आगे पहुंचकर गाली गलौज करने लगा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर व्यक्ति भाग गया। तहरीर देकर महिला ने पिता पुत्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

खेल | सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में विभागीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

# खेलकूद में बालक-बालिकाओं ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज हनुमानगढ़ी में विभागीय खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें बालक-बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया और दमखम दिखा कर प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता कपिल गुप्ता ओएलएफ समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित, पुष्पार्चन एवं चक्का फेंक प्रतियोगिता का फीता काट करके किया। इसके बाद मुख्य अतिथि समेत अन्य पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह ने खेल के नियम बताए। इसी क्रम में शिशु एवं बाल वर्ग के बालक-बालिकाओं की प्रतियोगिताएं हुईं। बाल वर्ग में दौड़ में आनंद ने 100 मीटर, अमित ने 200 मीटर, वंश वर्मा ने 400 व 600 मीटर दौड़, गोला फेंक में पीयूष चौधरी एवं चक्का फेंक में शिवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में शिशु वर्ग में दौड़ में जितिन 100 मीटर, विशाल 200 मीटर, विकास चौहान 400 मीटर तथा ऊंची कूद में विशाल एवं गोला फेंक में अंकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एंजिल चौधरी दौड़ में प्रथम स्थान पर रही।

अन्त में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक-बालिकाओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संचालन आचार्य जगपाल ने किया। इस दौरान महिपाल सिंह, रामऔतार शर्मा, छत्रपाल सिंह एडवोकेट, सुनील कुमार, शिवम यादव, राजश्री अग्रवाल, डॉ. टीएस पाल, दिनेश चीनी, भूपाल सिंह शास्त्री, अरुण विपिन शर्मा, भूदेव सिंह, देवेश कुमार, चंद्रपाल, रामपत सिंह, राजेश शर्मा, ह्रदेश कुमार, ऋतु अग्रवाल, सुखलेश आदि के साथ आचार्य एवं बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे।


सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में कबड्डी खेलते बच्चे।


खेलकूद प्रतियोगिता का आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

# 15000 घरेलू कनेक्शन का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

संवाददाता, बहजोई

**बैठक**

- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर डीएम ने की बैठक
- लोगों को जागरूक किया जाए कि वह इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक में डीएम ने 15000 घरेलू कनेक्शन का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। योजना का प्रचार प्रसार अधिक से अधिक करने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से जानकारी की। जिसमें परियोजना अधिकारी नेडा एसके सिंह ने बताया कि शासन द्वारा जनपद को 15 हजार घरेलू कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

डीएम ने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड अधिकारी के द्वारा कैंपों का आयोजन जनपद में किया जाए। जनपद में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। जिससे लोग इस योजना का लाभ उठा सके।

डीएम ने कहा कि पेट्रोल पंप संगठन, व्यापारी संगठन एवं जनपद के अग्रिम पंक्ति के लोगों को जागरूक किया जाए कि वह इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, विधायक गुन्नौर राम खिलाड़ी यादव, राज्य मंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### युवक को रास्ते में घेर कर पीटा, हालत गंभीर

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बोंडा फिरोजपुर में पुरानी रंजिश के चलते शनिवार की सुबह शौच को जा रहे युवक को घेर कर लाठी-डंडों से जम कर पीटा। पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गांव बोंडा फिरोजपुर निवासी रोशन पुत्र किशन लाल शनिवार की सुबह घर से शौच के लिए जंगल को गया था। तब ही रास्ते में गांव के ही कुछ लोगों ने रोशन को घेर लिया और दौड़ा-दौड़ा कर लाठी-डंडों से जम कर पीटा। शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों ने युवक को किसी तरह बचाया। घायल रोशन की पत्नी कुसमा ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि कई वर्षों से पेड़ों के विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है और आरोपी पीछे भी कई बार झगड़ा कर चुके हैं।

### शिविर में 250 बच्चों की आंखों का परीक्षण कर दवा बांटी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब चन्दौसी लक्ष्य की ओर से शनिवार को ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रेंस एकेडमी मुरादाबाद गेट में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ विजय कुमार रीजनल असिस्टेंट गवर्नर रोटरी क्लब ने फीता काट कर किया। शिविर में डॉ. अनुज वार्ष्णेय रोटरी क्लब बिसौली, दिनेश मधु अस्पताल बिसौली की टीम कशिश वार्ष्णेय, प्रभा यादव, कांशी वार्ष्णेय, शिखा यादव ने विद्यालय के 250 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया। डॉ. अनुज वार्ष्णेय ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क चश्में, आंखों की देखभाल संबंधी सलाह व दवा का वितरण किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अजय वार्ष्णेय, सचिव अंकित वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, गीतिका वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय समेत विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### शौचालय में मिली गंदगी, डीएम ने जताई नाराजगी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विकास खंड बनियाखेड़ा के कम्पोजिट विद्यालय नेहटा का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था व शौचालय की सफाई व्यवस्था खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही। इसके बाद जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने विद्यालय के कक्षाओं में जाकर बच्चों से जानकारी की तथा अध्यापकों द्वारा बच्चों की जांची गई कापियों को देखा। साथ ही विद्यालय के निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई तथा भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि आई उसकी जानकारी लेकर संबंधित को दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में देखा कि विद्यालय के सामने बने तालाब का पानी बरसात में विद्यालय में आ सकता है। उसे रोकने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जल निकास की व्यवस्था कराई जाए तथा विद्यालय की चारदीवारी को ऊंचा किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि गांव नेहटा के वर्तमान प्रधान के कार्यकाल में कितनी धनराशि शासन से प्राप्त हुई तथा किस-किस मद पर खर्च की गई है, उसका ब्यौरा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

### माता पिता संग बिस्तर पर सोया बालक सुबह मृत मिला

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में माता पिता व बहन के साथ कमरे में सो रहे पांच वर्षीय बालक का शव शनिवार की सुबह बैड पर पड़ा मिला। थाना क्षेत्र के गांव बायभूड़ निवासी कृष्णा उर्फ कृष्णवीर पांच वर्ष शुक्रवार की रात अपने पिता सोनू, मां रेखा और तीन वर्षीय बहन के साथ कमरे में बिस्तर पर सो रहा था। शनिवार की सुबह परिजनों ने कृष्णा को जगाया तो वह मृत अवस्था में बैड पर पड़ा था। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए कृष्णा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में छात्राओं ने दिखाया उत्साह

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बीएमजी इंटर कॉलेज में एनसीसी का एनरोलमेंट कराया गया। जिसमें एनसीसी बटालियन मुरादाबाद से आए पीआई स्टाफ सूबेदार नंदू कुमार और हवलदार शशि प्रभाकर ने एनरोलमेंट कराया। जिसमें विद्यालय की 80 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एनरोलमेंट सुबह साढ़े नौ बजे से आरंभ किया गया। जिसमें सबसे पहले छात्राओं की लंबाई, वजन, आंखों की जांच कराई गई। उसके बाद छात्राओं को कुछ कसरत कराई गई। इसके बाद उनकी लिखित परीक्षा कराई गई। छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ इन सभी परीक्षाओं में प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा सागर, लेफ्टिनेंट पूजा सक्सेना, एनसीसी सीनियर गायत्री, निशा, पलक, वंशिका सिंह का सहयोग रहा।


लखनऊ में मुख्यमंत्री से भेंट करता प्रतिनिधि मंडल। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री को दिया श्री गणेश रथयात्रा का निमंत्रण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध मेला गणेश चौथ की शुरुआत पांच सितंबर से हो रही है। जो 25 सितंबर तक चलेगा। मेले का उद्घाटन पांच सितंबर को चारों धर्मों के प्रतिनिधि करेंगे। सात सितंबर को गणेश चतुर्थी पर सीता रोड स्थित श्री गणेश मंदिर पर महापूजन के बाद गणपति बप्पा की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। गणेश चतुर्थी पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निमंत्रण देने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल 27 जुलाई को लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को निमंत्रण पत्र देते हुए उनसे कार्यक्रम में उपस्थित होकर आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया किया। सात सितंबर दिन शनिवार को सनातनी परंपराओं के अनुसार विद्वानों की देखरेख में चन्दौसी में गणेश चतुर्थी पर्व मनाया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, श्री गणेश मेला परिषद के रविंद्र कुमार रुपी, बदायूं विधायक महेश चंद्र गुप्ता, उद्योगपति फूलप्रकाश वार्ष्णेय आदि थे।

### छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के प्रति किया प्रेरित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शनिवार को बीएमजी इंटर कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 की जिला कोऑर्डिनेटर संगीता भार्गव ने छात्राओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों के विषय में बताया। छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर सभी हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 182, 1098, 1072 आदि के बारे में जानकारी दी और अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सचेत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा सागर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### दोस्ती दिवस पर सज कर आए बच्चों ने मनमोहा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में शनिवार को पीला दिवस व दोस्ती दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चे पीले परिधान में सज कर आए बच्चों ने मनमोह लिया। साथ ही बच्चों ने अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड उनके हाथों में बांध कर दोस्ती का इजहार किया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि हमारी पहली मित्र हमारी मां होती है। भारत और कई अन्य देशों में, यह विशेष अवसर अगस्त के पहले रविवार को मनाया जाता है। इस साल भारत में 2024 में मित्रता दिवस 4 अगस्त यानी रविवार को मनाया जाएगा। कहा कि दोस्ती का प्रतीक पीला रंग होता है। सभी बच्चों को पीले परिधान में बुलाया गया और दोस्ती के महत्व को समझाया गया। अध्यापिकाओं ने बच्चों को दोस्ती की कहानी सुनाई। कार्यक्रम में प्रिया, नेहा, दिव्या, संतोष, काजल, शालू, निशा, इशिता, मनप्रीत, संतोष, दीक्षा, मीनू, सरस्वती, नीरज, सोनल, सरिता, दिया, सिल्की, लक्षिता, हुमा, अंजु, रूपाली आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।

### पालिका कर्मचारी अपने मूल पदों पर करें कार्य : डीएम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद कार्यालय का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने पत्रावलियों का निरीक्षण कर कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कर्मचारियों की वर्तमान कार्य विभाजन के विषय में जानकारी ली। कहा कि जो कर्मचारी अपने मूल पद हैं, वह उसी पद पर कार्य करें। अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। सफाई निरीक्षक जो कार्य देख रहे हैं वह पूर्ण रूप से उसको देखें। उन्होंने मुख्य लिपिक के दायित्व, कर वसूली, डोर टू डोर कलेक्शन, सरकारी विभागों पर बकाया आदि की जानकारी ली। कहा कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सुचारू रूप से किया जाए। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम एक्टिव किए जाए, जीपीएस रिचार्ज खत्म होने से दो दिन पहले ही उसका रिचार्ज कराया जाए। ताकि प्रक्रिया में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। विनियमित क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण न किया जाए। संविदा सफाई कर्मचारियों का भुगतान समय से किया जाए। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, एसडीएम (अधिशासी अधिकारी) नीतू रानी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर थाने में हंगामा

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा थाना परिसर में मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक परिवार के लोगों ने हंगामा किया। इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हो गई। हंगामा के बाद हरकत में आई पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित मोहित और उसके परिजनों ने बताया कि सुशांत, अरुण, मुंशी राम और सुमित ने उन्हें मारा पीटा था। मोहित के सिर पर लोहे की रोड से हमला किया था। इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। मामला दर्ज करने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। आरोपी पीड़ित परिवार को धमकी दे रहे थे। शनिवार को पीड़ित परिवार के साथ मोहल्ले के लोगों ने थाने का घेराव किया और गिरफ्तारी की मांग की। मोहित की पत्नी और बहन ने आरोप लगाया कि आरोपी उन्हें बार-बार धमका रहे हैं। थाने में हंगामा के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया। अन्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है।

### गंगा जल लेने के लिए कांवड़िये हुए रवाना

**उझारी/सैदनगली, अमृत विचार:** नगर पंचायत सैदनगली में जय शिव कांवड़ सेवा समिति की ओर से गंगा जल लेने के लिए शिवभक्तों का जत्था बृजघाट रवाना किया गया। इस दौरान भक्तों ने भोले के जयकारे लगाए।

मुदित गुर्जर के नेतृत्व में शिवभक्तों का जत्था बाजार में घूमता हुआ बस स्टैंड होकर आंबेडकर मूर्ति और पुराने बस स्टैंड से होकर बृजघाट के लिए रवाना हुआ। जत्थे में 500 से अधिक भक्त शामिल हैं। जगह-जगह लोगों ने शिवभक्तों का स्वागत किया। यह शिवभक्त सोमवार को मंदिरों में भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान अमित गुर्जर, करुण गुप्ता, मयंक गोयल, अमन गुप्ता, उमाशंकर गर्ग, अभिषेक गुर्जर, मोहित भाटी, अंकित कुमार, सचिन चौधरी, अनुपम पटेल, राजीव भाटी, जितेंद्र भाटी, अंशुल वर्मा, विक्की वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बृजघाट से गंगा जल लाकर सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे कांवड़िये, डीजे पर नाचते गाते हुए गए

# हजारों शिवभक्त बृजघाट के लिए रवाना, हर-हर महादेव के जयकारे गूंजे

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के नेतृत्व में शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र से हजारों शिवभक्त गंगाजल लेने के लिए बृजघाट रवाना हुए। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर शिवभक्तों के जत्थे को रवाना किया। शिवभक्त डीजे पर नाचते गाते चल रहे थे। शिवभक्तों के जत्थे की सुरक्षा के लिए व्यवस्था रही।

सैदनगली नगर पंचायत में शनिवार शाम शिवभक्त कांवड़िये बृजघाट जाने के लिए एकत्रित हुए। विधायक एवं भाजपा जिला महामंत्री ने फीता काटकर शिवभक्तों के जत्थे को रवाना किया। कई हजार शिवभक्त एक साथ पैदल ही जल लेने के लिए बृजघाट रवाना हुए।



फीता काटकर शिवभक्तों को रवाना करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व जिला महांत्री अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया। सैदनगली से लेकर उझारी तक सड़क पर शिवभक्त नजर आए। जत्थे में चारों ओर भोले बाबा के ध्वज लहराते दिखाई दिए। पूरा कस्बा शिवमय हो गया। जिला महामंत्री ने बताया कि शिव कांवड़ सेवा समिति का यह सातवां विशाल जत्था हजारों की संख्या में एकत्रित होकर बृजघाट से जल लेने के लिए रवाना हुआ है। रविवार को बृजघाट से पैदल झांकियों के साथ नाचते गाते, भोले बाबा के भजन गाते हुए सैदनगली पहुंचेंगे। सावन के तीसरे सोमवार की सुबह मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। कहा कि शिवभक्तों में काफी उत्साह दिख रहा है। जिले भर में जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम भी किए जाएंगे। इस दौरान अंकुर गुप्ता, उमाशंकर गर्ग, पद्मेश चंद गुप्ता, सचिन गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमराज सिंह, निश्चित गुप्ता, सत्यम गुप्ता, सुभाष टांक, महेश गुप्ता, शेखर गुप्ता, शुभनीत गुप्ता, नीटु भाटी, जगपाल कटारिया, सभासद रशीद मेहरबान, अमित प्रजापति, अनिल कुमार, दीपक गुप्ता, कुलदीप आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के लिए क्षेत्राधिकारी दीपचंद, पुलिसकर्मी तैनात रहे। थाना अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कड़ी सुरक्षा में शिवभक्तों को यहां से रवाना किया गया है।

### बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए गुजर रहे कांवड़िये

**अमरोहा, अमृत विचार :** बृजघाट व हरिद्वार से गंगा जल ला रहे कांविड़यों के जत्थे से नेशनल हाईवे समेत सड़कें केसरिया रंग में नजर आईं। कांवड़िये डीजे की धुन पर नाचते गाते अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। जगह जगह फूल बरसाकर, प्रसाद खिलाकर कांविड़यों का स्वागत किया। सोमवार को वे भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों के जत्थे रवाना हुए। डीजे पर नाचते-गाते, बोल बम का जयकारा लगाते कांवड़ियों के जत्थे नेशनल हाईवे, बिजनौर रोड से होते हुए जोया रोड, धनौरा गजरौला मार्ग पर दिन भर गुजरते रहे। राजमार्ग पर कांवड़ियों की लंबी कतार लगी रही। कांवड़ यात्रा मार्गों पर जगह-जगह कांवड़ियों ने आराम किया। दोपहर बाद कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने लगी। बिजनौर रोड व नेशनल हाइवे पर कांवड़ियों का रेला उमड़ पड़ा। हाथों में कांवड़ लिए डीजे पर नाचते, थिकरते कांवड़ियों की भीड़ शहर पहुंची तो लोग घरों से निकल आए। दिनभर बोल बम के जयकारे गूंजते रहे।

# नेशनल हाईवे पर 48 घंटे तक भारी वाहनों की नो एंट्री

### रूट डायवर्ट होने से चौधरपुर और गजरौला में लगा लंबा जाम, फंसे रहे वाहन, कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

**अमृत विचार :** सावन माह के तीसरे सोमवार को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने नेशनल हाईवे-09 पर 48 घंटे के लिए भारी वाहनों का संचालन रोक दिया है। रूट डायवर्ट होने से भारी वाहन शनिवार को दिन भर जाम में फंसे रहे। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए हाईवे पर भारी पुलिस बल तैनात है। यह प्लान सोमवार दोपहर तक लागू रहेगा।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी के निर्देश पर शनिवार दोपहर 12 बजे से नेशनल हाईवे पर रूट डायवर्जन प्लान लागू किया गया। इस दौरान दिल्ली की ओर से जाने वाली हाईवे की लेन पर लंबा जाम लग गया। चौधरपुर से सीएनजी पंप तक वाहनों की कतार लग गई। ट्रक, कंटेनर, कैंटर समेत अन्य वाहन कई घंटे तक फंसे रहे। सीएनजी पंप के सामने पुलिस टीम ने वाहनों को बदले मार्ग से निकाल गया। बताया कि बरेली, रामपुर, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर समेत कई जिलों के शिव भक्त गंगाजल लेने बृजघाट पहुंचने लगे हैं। कांवड़ यात्रा के चलते जिला प्रशासन ने नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया है। हाईवे पर सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। गजरौला में भी नेशनल हाईवे पर जाम लगने से वाहन फंस गए। शनिवार दोपहर बाद से कांवड़ियों की संख्या बढ़ती देखकर पुलिस ने नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों को रोक दिया। वाहनों को बदले मार्गों से होकर निकाला गया। गजरौला थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि जाम खुलवाकर यातायात सुचारू करा दिया गया। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखकर नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों को नहीं चलने दिया जाएगा।



गजरौला में हाईवे पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

> सुरक्षा के लिए कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखकर नेशनल हाईवे पर रूट डायवर्जन किया गया है। हालांकि एक लेन पर बाइक और कार सवार आ जा सकेंगे।
> – धर्मेंद्र खोकर टीएसआई



चौधरपुर में हाईवे पर वाहनों को निकलवाती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### मुरादाबाद पुलिस ने सीमा में नहीं घुसने दिए वाहन

**चौधरपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद पुलिस ने शनिवार सुबह से ही भारी वाहनों को मुरादाबाद जिले की सीमा में प्रवेश नहीं होने दिया। इससे दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। मुरादाबाद पुलिस ने ट्रक, कंटेनर, निजी बसों व बड़े वाहनों को सीमा में प्रवेश नहीं दिया। इससे हाईवे पर मुरादाबाद की सीमा से लेकर कोतवाली डिडौली सीमा तक कई किलो मीटर तक वाहनों की कतार लग गई। जाम लगते ही डिडौली पुलिस के हाथ पांव फूल गए। घंटों मशक्कत के बाद वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकाल कर राहत की सांस ली।



गजरौला में हाईवे पर कांवड़ लेकर जाते कांवड़िये। ● अमृत विचार

## भोले का जलाभिषेक करने को कांवड़ियों का आवागमन जारी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** सावन माह के तीसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों का हरिद्वार व बृजघाट से आवागमन जारी है।

शनिवार शाम कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखकर पुलिस ने हाईवे पर भारी वाहनों को रोक दिया। सोमवार दोपहर 12 बजे तक हाईवे पर यह व्यवस्था लागू रहेगी। सभी वाहनों को परिवर्तित मार्गों से गुजारा जाएगा। शनिवार को हाईवे पर कांवड़ियों के जत्थे जाते रहे। हाईवे पर भोले के जयकारे गूंजते रहे।

### अलीगढ़ मार्ग पर गुजरे शिवभक्त

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी में अलीगढ़ मार्ग पर शनिवार को हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे शिव भक्त अपने गतंव्य की ओर जाते रहे। शिवभक्तों ने बताया कि सावन मास के तीसरे सोमवार को अपने ही क्षेत्र के शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।



संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन करते ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

## बीडीओ पर वसूली का आरोप ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी पर वसूली करने का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उन्हें हटाने की मांग की।

शनिवार को कई गांवों के ग्राम प्रधान संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान मंगरौली एवं प्रधान संघ हसनपुर के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष जसवीर सिंह खड़गवंशी ने बताया कि प्रधान संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी ग्राम प्रधानों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया है। इस दौरान यशपाल सिंह, तेजपाल सिंह, रविंद्र सिंह, भानु प्रताप, हेमराज सिंह गुर्जर, हरिओम सैनी, भूरा सिंह, हरिराज सिंह, राजकुमार, कैलाश आदि मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 24 शिकायतें आईं सिर्फ तीन का निस्तारण

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में विकासखंड कार्यालय स्थित सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

उन्होंने सबसे पहले पिछले संपूर्ण समाधान दिवस की कार्रवाई रजिस्टर को चेक किया। राजस्व विभाग की छह, पुलिस की सात, पूर्ति विभाग की दो, चकबंदी की तीन, बिजली की चार, अन्य विभागों की दो कुल 24 शिकायतें आईं। इनमें से तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। 21 शिकायतों को अधिकारियों को देकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम सुनीता कुमारी, सीओ दीप कुमार पंत, बीडिओ नीरज गर्ग, एबीएसए उदयवीर, अनिल कुमार, रेंजर नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजस्व के मामलों में जांच कर जल्द करें कार्रवाई : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने लोगों की शिकायतें सुनीं। कुछ 21 शिकायतों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने लेखपालों से विरासत अंश निर्धारण, पैमाइश सहित अन्य राजस्व संबंधी लंबित मामलों की जानकारी ली। ज्यादा लंबित मामलों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर उप जिलाधिकारी को जांच कर लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि टीम बनाकर उप जिलाधिकारी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ कराएं। राजस्व संबंधी मामलों में राजस्व और पुलिस अधिकारी जांच कर कार्रवाई करें। अभियान चलाकर चकरोड, तालाब को कब्जा मुक्त कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी अमरोहा, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



लोगों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार



हसनपुर में संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### आरटीआई परिषद के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के कार्यकर्ता पहुंचे। यहां उन्होंने सीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा। बताया कि मोहल्ला नई सैनी कॉलोनी यदुवंशी धाम रहरा रोड बाईपास में रिंकू सैनी के मकान से रॉकी सैनी के मकान तक रास्ता खराब है। यहां रास्ते पर जलभराव होता है। गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। रास्ते का निर्माण कराया जाए। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष यदुवंशी दीनदयाल यादव, सरदार हरिश्चंद्र, सीमा यादव, हरिप्रकाश राणा, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, नरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

### वायरल वीडियो के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के विरोध में ग्रामीण संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। शुक्रवार को गांव कनैटा की मंढिया निवासी विक्रम ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि के पुत्र पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया था। शनिवार को उसके विपक्षी पक्ष अरविंद अपने परिजनों के साथ ब्लॉक सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचा। यहां प्रदर्शन कर अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने एक ग्रामीण से लगभग 20 वर्ष पहले भूमि की अदला बदली की थी। इसका बैनामा या कागज नहीं है, उनका उस जमीन पर काफी वर्षों से कब्जा है। विक्रम गलत तरीके से उन पर आरोप लगा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में अरविंद, दयाराम, मेघराज, सावित्री, लोकेश आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम | झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में हुई भजन संध्या

# भोले के भजन सुनकर भक्त भाव विभोर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सावन की शिवरात्रि पर नगर स्थित मंदिर में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार कर भजन संध्या का आयोजन किया। भजन संध्या में गायकों ने भजन सुनाकर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

शुक्रवार को सावन माह की शिवरात्रि पर श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में शिव सेवा समिति झारखंड महादेव शिवाला मंदिर की ओर से भोलेनाथ का श्रृंगार कराया गया। उज्जैन से आए ध्रुव जेसवाल ने भोलेनाथ का श्रृंगार किया। इसके बाद शिवाला मंदिर में मिंटू मस्ताना जागरण मंडली के भजन गायकों ने भोलेनाथ का गुणगान किया। रामपुर से आईं गायक सुमन लता एवं मिंटू मस्ताना ने भोलेनाथ के भजनों पर प्रस्तुति दी। भोलेनाथ की आरती की गई और भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने बताया कि प्रत्येक माह की तेरस पर भोलेनाथ का भजन कीर्तन किया जाता है। इस मौके पर वेद प्रकाश यादव, मनोज यादव, राजेंद्र यादव, विकास यादव, रवि यादव, विजय यादव, संजीव शर्मा, पप्पू शर्मा, सतवीर गिरी, दामोदर शर्मा, महेश शर्मा, मनोज शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।



भजन संध्या में शामिल महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

### शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर मनाया जाएगा समस्या का समाधान

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को उपजिलाधिकारी चन्द्र कांता ने जनसमस्याएं सुनीं।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के आधार पर लोगों की शिकायतें निपटाईं जाए। जब तक शिकायतकर्ता शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं, तब तक समाधान नहीं माना जाएगा। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। इस दौरान सीओ स्वेताम्भ भास्कर, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, नायाब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष अलका चौधरी, धनौरा थाना प्रभारी मनोज कुमार, बीईओ अरुण कुमार, बीडीओ विजय सक्सेना, ईओ अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।



भाकियू के नए सदस्य को प्रमाण पत्र देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## भाकियू भूमि में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनाई गई योगी प्रियंका

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भूमि की बैठक शनिवार को शहर में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शबाब खान के कार्यालय में हुई। संचालन अंसार मालिक ने किया और अध्यक्षता शीशपाल कटारिया ने की।

भाकियू भूमि की ओर से सदस्यता अभियान शुरू किया। योगी प्रियंका को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष और आशीष शर्मा को जिला युवा प्रवक्ता और विक्रम निवासी कनेटा को हसनपुर तहसील क्षेत्र का सचिव बनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शबाब खान, प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल सिंह कटारिया, प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र बिधूड़ी, राष्ट्रीय प्रवक्ता अंसार मलिक, अमरोहा जिला उपाध्यक्ष चौधरी कल्लन, मजाहिर चौधरी, मसरूर अहमद, नोमान सैफी, नावेद आलम आदि मौजूद रहे।

### दो वारंटी और बाइक चोर गिरफ्तार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** थाना प्रभारी मनोज कुमार व पुलिस ने शनिवार को वांछित रितिक निवासी गांव सैदपुर थाना बछरायूं को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस को बाइक भी मिली। इसके अलावा पुलिस ने दो वारंटी सुभाष निवासी मोहल्ला कटरा व राहुल निवासी गांव पखरपुर को भी गिरफ्तार किया है।

### नाम-परिवर्तन

पहले मेरी पुत्री का नाम ZENUB PARVEEN था अब बदल कर ZAINAB PARVEEN D/O HASEEN AHMAD R/O H.No 215 MOHALLA CHILLA AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

ऑन लाईन पंजीकरण के माध्यम से अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें
प्रवेश प्रारंभ सत्र 2024-25
L.L.B.
यूनिक कॉलेज ऑफ लॉ
पताः सी.एन.जी. पेट्रोल पम्प के सामने निकट चौधरपुर, दिल्ली रोड, मुरादाबाद- 244102
रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली एवं बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया से सम्बद्धता
मो.नं.: 9760161756, 9997061170, 8979087440 | Email - uc.law@rediffmail.com

## एक नजर

### सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अधिवक्ता कनिष्क मल्होत्रा की हत्या की निंदा की। सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की। महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने कहा हरदोई बार एसोसिएशन के अधिवक्ता की हत्या से अधिवक्ता दुखी हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगासरन ने कहा कि कनिष्क के परिवार के साथ इन दुखद पलों में बार सहभागी है। इस दौरान शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शिवचरन सिंह, गजेंद्र सिंह, नरेश पाल सिंह, श्यौराज राणा, रामचंद्र सिंह, फतेह सिंह, विनोद कुमार त्यागी,आफताब आलम, मुजाहिद चौधरी, केशवराव प्रजापति, वीर सिंह त्यागी,शेर सिंह, सुबोध शर्मा आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्र में अवैध अस्पताल बंद कराने की मांग, पत्र सौंपा

**बुरावली, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र बिधुड़ी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र देकर हसनपुर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों को बंद करने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि आए दिन ऐसे अस्पतालों में मरीजों की मृत्यु हो रही है।

# शादी के 19 दिन बाद हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

## आंधी-बारिश के दौरान बाइक सवार मजदूरों पर गिरा था पेड़

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में चार दिन पहले तेज हवा व बारिश के दौरान पेड़ गिरने से घायल हुए युवक की मेरठ के अस्पताल में शुक्रवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। 19 दिन पहले ही युवक की शादी हुई थी। परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।



रोहतास।

क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी रोहतास, खूबचंद व गंगाचोली निवासी तालेवर सिंह गजरौला से मजदूरी कर बुधवार शाम बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के पास पहुंची तो बारिश व तेज हवा से सड़क किनारे खड़ा सेमल का पेड़ टूटकर बाइक पर गिर गया था। इससे बाइक सवार तीनों लोग पेड़ के नीचे दबकर घायल हो गए थे। राहगीरों ने पेड़ हटाकर घायलों को बाहर निकाला था। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया था। सीएचसी पहुंचे परिजन रोहतास व तालेवर को मेरठ के निजी अस्पताल में ले गए थे। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार देर रात रोहतास (20) की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि 19 दिन पहले ही रोहतास की शादी गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर निवासी युवती से हुई थी। युवक की मौत से पत्नी नीरज व मां ओमवती का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। न ही कोई सूचना प्राप्त हुई है।

### हाथों पर रची मेहंदी भी नहीं छूटी, तभी उजड़ गया नीरज का सुहाग

**हसनपुर, अमृत विचार :** नीरज मन में कई सपने संजोए 19 दिन पहले दूल्हन बनकर अपनी ससुराल पहुंचीं थी। हाथों पर मेहंदी लगी थी, जो अभी छूट भी नहीं पाई। तभी नीरज पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस जीवन साथी के साथ सात फेरे लेकर जीवन भर साथ रहने का वादा किया था, वह बीच रास्ते में ही छोड़कर चला गया। इससे 19 दिन में ही नीरज का सुहाग उजड़ गया। पत्नी का रोना बिलखना देखकर पड़ोसी भी अपने आंसू नहीं रोक पा रहे थे।

## तिगरी में गंगा का जलस्तर 20 सेमी घटा, खादर में लोगों की दिक्कतें बरकरार

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी में एक फिर गंगा का जलस्तर घट गया है। लेकिन खादर क्षेत्र में पानी भरने से लोगों की दिक्कतें बरकरार हैं।

बाढ़ खंड के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि गंगा का जलस्तर 20 सेंटीमीटर घटा है। लेकिन जलस्तर बढ़ने की संभावना है। बाढ़ खंड विभाग की टीमें सक्रिय हैं। शुक्रवार को बिजनौर बैराज से सवा लाख क्यूसेक पानी डाउन स्ट्रीम में छोड़ा गया था। लेकिन शनिवार को तिगरी में गंगा का जलस्तर 20 सेमी घट गया है। लगातार दो दिन से तिगरी में गंगा का जलस्तर बढ़ रहा था। 30 सेमी जलस्तर बढ़ने के बाद 200.30 सेमी पहुंच गया था। खादर क्षेत्र के खेतों में पानी भरा हुआ है। इससे पशुओं के लिए चारे की समस्या पैदा हो गई है। बताया कि पहाड़ों पर एक बार बारिश शुरू हो गई है। इसका असर मैदानी इलाके में देखने को मिलेगा। शनिवार को जलस्तर घटने से ग्रामीण एक बार फिर से कुछ राहत तो मिली है।

# बेसमेंट में संचालित चार लाइब्रेरी और दो कोचिंग सेंटर बंद कराए

संवाददाता, गजरौला



लाइब्रेरी बंद होने के बाद बाहर मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दिल्ली में भूमिगत लाईब्रेरी में पानी भरने से यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन छात्र-छात्राओं की मौत को ध्यान में रखकर शनिवार को गजरौला में नायब तहसीलदार, एमडीए की टीम ने चार लाइब्रेरी और दो कोचिंग सेंटर बंद करा दिए। शुक्रवार को धनौरा में भी भूमिगत भवन में चल रहे लाइब्रेरियों को बंद कराया गया था।

प्रतियोगी परीक्षओं की तैयारी करने के लिए छात्र-छात्राओं का पुस्तकालयों में जाकर पढ़ने का प्रचलन काफी बढ़ गया है। हाल ही राजधानी दिल्ली में एक बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मृत्यु हो गई थी। इसे देखते हुए शनिवार को एसडीएम चंद्र कांता के निर्देश पर नायब तहसीलदार विरेन्द्र सिंह ने नगर क्षेत्र में छह भूमिगत भवनों में संचालित हो रहे पुस्तकालयों को बंद कराया। उन्होंने संचालकों से कहा कि किसी भी भूमिगत भवन में पुस्तकालय नहीं संचालित होना चाहिए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) की टीम के नेतृत्व में प्रभारी केएन जगूड़ी, अवर अभियंता योगेश गुप्ता और पुलिस फोर्स को लेकर शहर के रेलवे स्टेशन रोड, गंगानगर, सरस्वती विहार में पहुंचे। यहां टीम ने कई स्थानों पर बेसमेंट में संचालित कृपाल सिंह की ओम लाईब्रेरी, हिमांशु यादव की विद्यापीठ लाईब्रेरी, सुभाष चन्द्र की लाईब्रेरी, दानवीर सिंह की लाइब्रेरी, मूल चन्द्र के मिशन कोचिंग और योगेश कुमार के कोचिंग सेंटर पर सील लगा दी। बताया कि इन लोगों से नक्शा आदि मांगा गया था। लेकिन ये उपलब्ध नहीं करा पाए।

● नायब तहसीलदार और एमडीए की टीम ने की कार्रवाई



पौधरोपण करते प्रणीत गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जन आवास फाउंडेशन की ओर से शनिवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। लोगों ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कैलसा रोड स्तिथ नायब अब्बासी डिग्री कॉलेज के पास मुख्य अतिथि प्रणीत गुप्ता ने पौधरोपण किया। इस दौरान शुएब चौधरी ने बताया कि देश की तरक्की में सड़कों का निर्माण जरूरी है। लेकिन जब सड़कों का निर्माण होता है तो पेड़ों को काट दिया जाता है।

पौधों को बड़ा करने में कई वर्षों का समय लग जाता है। इसलिए सड़कों के किनारों पर पौधे लगाने जरूरी है। सरकार सड़कों के किनारे पौधे लगा रही है। इस पहल में लोगों को सहयोग करना चाहिए।

# अघोषित बिजली कटौती रोकने की मांग, कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बिजली कटौती रोकने की मांग की। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।

शनिवार को जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया के निर्देश पर नगर अध्यक्ष फैज आलम राईनी के नेतृतव में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में बिजली की कटौती हो रही है। अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं। विद्यार्थी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। किसान परेशान हैं। किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन करेंगे। नगर अध्यक्ष फैज आलम राइनी ने कहा कि बिजली की कटौती से जनता परेशान है। गर्मी ने सबको बेहाल कर रखा है। बिजली कटौती से अमरोहा शहर में हाहाकार मचा हुआ है। शहर के कारोबारी परेशान हैं। इस मौके पर अली इमाम रिजवी, अब्दुल सत्तार सैफी, बब्बन हुसैन, अकरम अली, शाकिर मसूदी, आदिल खान, मोहम्मद अजहरुद्दीन, जीशान, अली हसनैन, महिपाल जाटव आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

● मांगें पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन करने की चेतावनी

## फुंके दो ट्रांसफार्मर पांच दिन बाद भी नहीं बदले गए, लोग हो रहे परेशान

**बुरावली, अमृत विचार :** बुरावली में पांच दिन से दो ट्रांसफार्मर फुंके पड़े हैं। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुंके ट्रांसफार्मर नहीं बदले गए। इससे ग्रामीणों में रोष बढ़ रहा है।

बुरावली में शिव मंदिर के पास रखा 100 केवी का ट्रांसफार्मर पांच दिन से फुंका हुआ है। हिरनौटा वाले मार्ग पर इंतजार के घर के पास रखा ट्रांसफार्मर शुक्रवार रात फुंक गया। गांव में ओवरलोड होने की वजह से शिव मंदिर के पास रखा ट्रांसफार्मर आए दिन फुंकता रहता है। इससे दूसरे मोहल्ले तक लाइन जुड़ी है। शिकायत के बाद भी लाइन को काटा नहीं गया। ग्रामीणों ने विद्युत निगम के अधिकारियों को सूचना दी थी, लेकिन ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति बदहाल नहीं की गई। ग्रामीण मोबाइल की बैटरी चार्ज करने तक के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने फुंके ट्रांसफार्मर को जल्द बदलवाने की मांग की है।

# छेड़खानी के दोषी को तीन साल छह माह जेल की सजा

कार्यालय संवादाता, अमरोहा

**निर्णय**

- हसनुपर कोतवाली क्षेत्र में 28 जनवरी 2020 को हुई थी घटना
- कोर्ट ने दोषी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** किशोरी से छेड़खानी के मामले में पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने दोषी तीन साल, छह माह जेल की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

यह घटना हसनुपर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 28 जनवरी 2020 को हुई थी। यहां रहने वाले किसान के परिजन सो रहे थे। घर में घुसकर युवक ने किसान की नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी की थी। शोर सुनकर जागे परिवार के लोगों ने आरोपी रणवीर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। किसान ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पीड़िता के नाबालिग होने पर पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा भी बढ़ाई थी। पुलिस ने रणवीर का चालान कर दिया था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय अरविंद कुमार शुक्ला की कोर्ट में हुई।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार त्यागी ने मजबूत पैरवी की। शनिवार को कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। साक्ष्यों के आधार पर रणवीर को दोषी करार दिया गया। कोर्ट ने दोषी को तीन साल, छह महीने जेल की सजा सुनाई और उस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया।

# गरीबों पर हो रहा अत्याचार : मस्तराम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सपा कार्यालय में शनिवार को हुई मासिक बैठक में लोकलेखा समिति के सभापति सदर विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल और कांठ से विधायक कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक बनाने पर पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में गरीब और पिछड़े लोग परेशान हैं। अल्पसंख्यकों, पिछड़ों एवं गरीबों पर अत्याचार हो रहा है। विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। जमीन पर विकास दिखाई नहीं दे रहा है। रोजगार, शिक्षा व रोजी-रोटी के लिए इनके पास कोई योजना नहीं है। सरकारी अस्पतालों, थानों व तहसीलों में लोगों से वसूली की जा रही है। किसान छुट्टा पशुओं से परेशान हैं। उन्हें अपनी फसलों की लागत का सही मूल्य भी नहीं मिल रहा है। लेकिन अधिकारी लोगों की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं।

बैठक में पूर्व राज्यमंत्री सुधाकर सिंह कश्यप, पूर्व सांसद दानिश अली के पिता कुंवर जफर अली, जिला सचिव आसिफ अली के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

इस दौरान जिला प्रवक्ता सन्तराम सिंह यादव, महेश यादव, मुमताज खां, साबिर सैफी, असलम शेर खां, अतीक अहमद भूपेंद्र चौधरी, नवनीत कुमार गोल, धीर सिंह वाल्मीकि, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।




बैठक में बोलते सपा नेता भूपेंद्र चौधरी। ● अमृत विचार

● सपा कार्यालय में हुई मासिक बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा

## बारिश कम होने से मंडी में बढ़ी सब्जियों की आवक, दाम घटे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**राहत**

● टमाटर 40 रुपये प्रति किलोग्राम तोरई और भिंडी के दाम भी कम

**अमृत विचार :** बारिश कम होने से खेतों में सब्जियों की फसलों का उत्पादन बढ़ गया है। इससे मंडियों में सब्जियों की आवक अधिक हो गई है। इसके चलते सब्जियों के दाम कम हो गए हैं।

बताया गया कि टमाटर की कीमत 40 रुपये प्रति किलो तक आ गई है। भिंडी व तोरई के दामों में भी कमी आई है। एक बार फिर रसोई में टमाटर नजर आने लगा है। अमरोहा मंडी में प्रमुख रूप से महाराष्ट्र के नासिक से टमाटर की आवक शुरू हो गई है। बताया कि टमाटर 40 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद कर फुटकर विक्रेता 60 रुपये बेच रहे हैं। बाजार में तोरई के दाम 60 रुपये प्रति किलोग्राम से कम होकर 15 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। आलू 25 रुपये की दर से बाजार में बेच रहे हैं। गोभी अभी बाहर जा रही है, जिसके चलते उसके भाव बढ़े हुए हैं। मंडी समिति के आढ़ती राजेंद्र सैनी ने बताया कि बारिश के चलते सब्जियों के दामों में काफी उछाल आ गया था। अब बाहर से सब्जियां आने लगी हैं। सब्जियों के दामों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि अगले महीने तक क्षेत्र से सब्जियां बाजार में पहुंचने लगेंगी और उससे दामों में और कमी आएगी। हालांकि अदरक के भाव अभी भी अधिक हैं। अदरक जहां 300 रुपये प्रति किलो से बिक रहा था अब वह 200 रुपये के भाव में बिक रहा है।

# गोवंशीय पशुओं की करें देखभाल

संवाददाता, मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने शनिवार को ब्लॉक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव गुरैठा खादर की बृहद नंदी विहार गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंशीय पशुओं के लिए भूसा, हरा चारा, पानी, सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कहा कि गोवंशीय पशुओं की समय पर देखभाल करते रहें। बीमार पशुओं का इलाज भी करते रहें। बीडीओ व ग्राम पंचायत अधिकारी से कहा कि गोशाला में संरक्षित गोवंशीय पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा की उपलब्धता कराएं। अतिरिक्त टिनशेड, हरे छायादार पौधे लगाओं और हरे चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि गोवंशीय पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आभा सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी राकेश शर्मा, डॉ. केपी सिंह, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह, दूधा सिंह, विजेन्द्र सिंह, कुंवरपाल, सतीश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



गोशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, साथ में अन्य।

### डीएम ने सब रजिस्ट्री कार्यालय का किया निरीक्षण

**हसनपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने नगर स्थित सब रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण कर दस्तावेजों की जांच की। डीएम सब रजिस्ट्री कार्यालय तक पैदल पहुंचे। इससे कार्यालय में हड़कंप मच गया। डीएम ने बताया कि यह उनका औचक निरीक्षण था। उनके निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सब रजिस्ट्री कार्यालय में कोई निजी व्यक्ति कार्य तो नहीं कर रहा, यह उनको देखना था। कुछ शिकायतें सब रजिस्ट्रार की ओर से दर्ज कराई गई है। उनका निस्तारण किया जाएगा।

**अनदेखी** हथियाखेड़ा में प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगरौली के नए भवनों में फैली है गंदगी

# प्राथमिक विद्यालय का नया भवन बना छुट्टा पशुओं का आश्रय स्थल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के एक गांव में सरकारी विद्यालय का नया भवन छुट्टा पशुओं का आश्रय स्थल बन गया है। भवन में गंदगी फैली हुई है। लेकिन जिम्मेदार समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।

क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगरौली के नाम से नए भवनों का निर्माण कराया गया है। लेकिन उसमें छुट्टा पशु घुस जाते हैं। नए भवन में गंदगी के अंबार हैं। विद्यालय के बच्चे ग्राम मंगरौली स्थित सरकारी स्कूल के एक कमरे में 4-5 माह से शिक्षा ग्रहण करने पर मजबूर हैं। पूर्व में विद्यालय में तैनात अध्यापकों ने शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर भवन का निर्माण जल्द पूरा करने की मांग की गई थी। विद्यालय के नए भवन का निर्माण पूर्ण होने के कारण ग्रामीण एवं अभिभावकों में रोष व्याप्त है। खंड शिक्षा अधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक के नए भवन के निर्माण में कुछ कार्य शेष रह गया है। इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



उच्च प्राथमिक विद्यालय के नए भवन में फैली गंदगी। ● अमृत विचार

### खेतों और सड़कों पर छुट्टा पशुओं का कब्जा

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में सड़कों पर छुट्टा गोवंशीय पशुओं का कब्जा है। गोवंशीय पशु लोगों पर हमले कर रहे हैं। सड़कों पर घूमते छुट्टा पशु हादसों का कारण बन रहे हैं। सबसे अधिक घटनाएं हसनपुर क्षेत्र में हुई हैं, लेकिन, प्रशासनिक अधिकारी वादों और दावों का सहारा लेकर अपना पीछा छुड़ा रहे हैं। प्रशासन लंबे समय से छुट्टा पशुओं को पकड़वाने का दावा कर रहा है, मगर धरातल पर हकीकत अलग है। लोगों को अपनी जान गंवा कर इसका खामियाजा चुकाना पड़ रहा है। क्षेत्र के गांव गुरैठा में सात सौ बीघा में नंदी विहार बना है। यहां एक हजार से अधिक सांड़ को संरक्षित करने की क्षमता है। सांथलपुर, बृह्माबाद, मंगरौली, दढ़ियाल, फूलपुर बिजलपुर, अल्लीपुर समेत अन्य गांव में गोशालाएं हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में छुट्टा पशु खेतों व सड़क किनारे घुमते रहे हैं। आलम यह है कि अब लोगों को रास्ते से गुजरते हुए डर सताता है। कुछ दिन पूर्व गांव सिरसा कला में जंगल जा रही 70 वर्षीय महिला को सांड़ ने पटककर मार डाला था। ढबारसी में पांच वर्षीय छात्र मोहम्मद शाद पर भी गोवंशीय पशु ने हमलाकर घायल कर दिया। गांव देवली खालसा में 65 वर्षीय भागवत, 55 वर्षीय अनारो एवं 45 वर्षीय सेठ की भी मौत हो चुकी है। गांव चक की मड़ैया निवासी ब्रह्मा भी पशु के हमले में घायल हो गया था। ग्राम गंगा चोली मिलक निवासी 60 वर्षीय राम भरोसे पशु के हमले से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। दो साल में गोवंशीय पशुओ के हमले में 16 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इन हादसों के बाद भी प्रशासन छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने के लिए गंभीर नहीं है।

## कांवड़ियों की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** हाईवे पर हुए हादसे में मुरादाबाद के दो कांवड़ियों की मौत के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। 21 जुलाई की रात को रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर दो कांवड़ियों की मौत हो गई थी। मुरादाबाद में नागफनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला दौलत बाग निवासी शानू अपने दोस्त ॠतिक के साथ बाइक पर सवार होकर बृजघाट जा रहा था। इस दौरान इन दोनों ने जोया टोल टैक्स प्लाजा के पास बाइक सड़क किनारे खड़ी थी। तभी कार ने दोनों को रौंद दिया था। पुलिस ने घायल दोनों दोस्तों को अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां ॠतिक को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि शानू को मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर किया गया था। उपचार के दौरान शानू ने भी दम तोड़ दिया था। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



झनकपुरी में लोगों की समस्याएं सुनते सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर।

# सांसद ने सुनीं लोगों की समस्याएं, दिया भरोसा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अपने फार्म हाऊस झनकपुरी में लोगों की समस्याओं को सुना।

शिकायत सुनने के बाद उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को फोन कर जल्द शिकायतों के निरस्तारण के निर्देश दिए। शनिवार को सांसद ने सुबह से ही लोगों की समस्याओं को सुना। लोकसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं बताईं। सांसद के जनसंपर्क अधिकारी कपिल कुमार ने बताया कि सभी लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराया जा रहा है।

## एक नजर

### व्यास जी के तहखाने के ऊपर टहलने से रोकने के मामले की सुनवाई 17 को

**वाराणसी।** जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने के ऊपर मुस्लिम समाज के लोगों के टहलने पर रोक लगाने और उसकी छत एवं खम्भों की मरम्मत करवाए जाने के हिंदू पक्ष के प्रार्थना पत्र पर अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। जिला अदालत ने 31 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि नमाजी तहखाने की छत पर आकर टहलते हैं, जबकि पूजा स्थल के छत पर कोई टहले और नमाज पढ़े, यह ठीक नहीं है।'

### चित्रकूट: 4 वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** चित्रकूट जिले में चार वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। चित्रकूट के एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक श्यामू (20) को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना शुक्रवार शाम को उस समय हुई, जब बच्ची अकेले अपने घर के बाहर खेल रही थी कि तभी आरोपी उसे बहला-फुसलाकर घर के पीछे ले गया और कथित रूप से दुष्कर्म किया।

# बिना डीएनए टेस्ट के भाजपा का आरोप दुराग्रहपूर्ण माना जाएगा



## भदरसा गैंगरेप: सपा प्रमुख ने कहा- पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा दे सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अयोध्या गैंगरेप मामला पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनका डीएनए टेस्ट कराया जाए। उन्होंने कहा कि बिना डीएनए टेस्ट के भाजपा का आरोप दुराग्रहपूर्ण माना जाएगा। कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है, उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हों, उन्हें कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए।

सपा प्रमुख ने कहा कि अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा अयोध्या की हार पचा नहीं पा रही है। भाजपा ने अयोध्या में पिछले सात सालों में जो भ्रष्टाचार और जमीनों की लूट की है, अयोध्या व प्रदेश की जनता ने उसी की सजा दी है।

### सपा बताए उसकी सरकार में कितने कराए गए डीएनए टेस्ट: मायावती



**लखनऊ, अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि समाजवादी पार्टी बताए कि उसकी सरकार में कितने आरोपियों के डीएनए टेस्ट कराए गए। अयोध्या दुष्कर्म प्रकरण पर 'एक्स' के जरिये उन्होंने राज्य सरकार की ओर से की गई कारवाई को उचित ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में खासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि घटनाएं अति दुखद व चिंतित करने वाली हैं।

### पीड़िता का हाल जानने अस्पताल पहुंचे मंत्री संजय निषाद रो पड़े



**अयोध्या, अमृत विचार:** कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही और मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद शनिवार को भदरसा गैंगरेप पीड़िता का हालचाल लेने जिला महिला चिकित्सालय पहुंचे। प्रभारी मंत्री शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया हैं। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद मुलाकात के बाद बाहर मीडिया कार्मियों से बात करते-करते फफक कर रो पड़े। कहा कि आरोपियों को फांसी पर लटकाने तक लड़ाई लड़ेंगे।

### घटना शर्मनाक, सपा पीड़ित परिवार के साथ



अयोध्या: सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने नई दिल्ली में एक चैनल से बातचीत के दौरान भदरसा गैंगरेप कांड को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा है कि सपा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने मुख्य आरोपी सपा नेता मो. मोईद खान के साथ अपनी वायरल फोटो पर सफाई देते हुए कहा कि राजनेताओं के पास सैकड़ों लोग आते हैं और फोटो खिंचवाते है, ऐसे में यह कोई बड़ी बात नहीं है। भाजपा इसमें राजनीति कर रही है। सपा सांसद ने कहा कि घटना में जो भी दोषी हो उस पर कानून के दायरे में रह कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

सपा प्रमुख ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार को तत्काल 20 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून- व्यवस्था ध्वस्त है। हर दिन हत्या, लूट व दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। भाजपा सरकार घटनाओं को रोकने में विफल है। भाजपा सरकार असली अपराधियों को बचाती रही है। सत्ता के संरक्षण में भाजपा समर्थक भी तमाम अपराधों में संलिप्त पाये गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज को दिए 55.43 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपरीत परिस्थितियों में भी अथक परिश्रम के साथ मरीजों की सेवा करने के लिए डॉक्टरों की सराहना करने के साथ किसी भी हालत में धैर्य बनाए रखने की सीख दी है।

योगी गोरखपुर में शनिवार को बाबा राघव दास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज में 55.43 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने एमबीबीएस और पैरामेडिकल के 483 छात्रों को टैबलेट व स्मार्टफोन भी वितरित किए। कहा कि एक दौर वह भी था जब गोरखपुर मंडल में एकमात्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था। बस्ती, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन मंडल में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं था, जबकि आज कुशीनगर, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बहराइच, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, आजमगढ़ आदि जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। महराजगंज, शामली और संभल में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज शुरू हो गए हैं, बलरामपुर और बलिया में भी मेडिकल कॉलेज बनने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है।

## सार-संक्षेप

### जियोपार्क के लिए एमपी सरकार भी करेगी सहयोग

**सीतापुर (चित्रकूट), अमृत विचार:** मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जियोपार्क के लिए उप्र और मप्र की भाजपा सरकारें हर तरह का सहयोग करेंगी। वे शनिवार को जियोपार्क की संभावनाओं को टटोलने की मंशा से हुई तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह में बोल रहे थे। कार्यशाला का उद्देश्य चित्रकूट को जियोपार्क के रूप में मान्यता प्राप्त कराने और इसके भूगर्भीय महत्व को उजागर करने के लिए जागरूकता फैलाना था। समापन अवसर पर विजयवर्गीय ने कहा कि भारत की संपदा का उपयोग कर सकें तो सैकड़ों जियोपार्क बन सकते हैं। चित्रकूट में जियोपार्क बनने से विश्व को न केवल क्षेत्र की भौगोलिक संपदा के बारे में जानकारी होगी बल्कि सतत् विकास शिक्षा और संरक्षण के माध्यम से चित्रकूट विश्व के मानचित्र पर आएगा।

### आर्थिक तंगी से परेशान दंपती ने होटल में की आत्महत्या

**लखनऊ, अमृत विचार:** नाका इलाके के पानदरीबा स्थित राजवीर इन होटल के कमरा नंबर 302 में शनिवार दोपहर को दंपति महबूब आलम अंसारी (44) और जेबा अंसारी (39) फंदे से लटके मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। सामने आया कि प्रयागराज के करेली के रहने वाले दंपती आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे। इसी कारण यह आत्मघाती कदम उठाया। एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि प्रयागराज के करेली जीटीबी नगर निवासी महबूब आलम अंसारी अपनी पत्नी जेबा के साथ शुक्रवार शाम साढ़े 4 बजे होटल राजवीर इन पहुंचे। वहां कमरा नंबर 302 बुक कराया। एडीसीपी मध्य के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि शनिवार सुबह सफाई कर्मचारी कमरे के बाहर पहुंचा। उसने कई बार दस्तक दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर वह खिड़की से झांककर देखा तो दोनों फंदे से लटक रहे थे।

### बागपत में जीजा-साले की गोली मार कर हत्या

**बागपत, एजेंसी।** बागपत जिले के चांदीनगर थानाक्षेत्र में खैला-मंसूरपुर गांव के जंगल में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार दोनों के शव एक नलकूप के पास पड़े मिले। दोनों रिश्ते में जीजा-साले थे। बागपत के पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने शनिवार बताया कि खैला में पुलिस को दो अज्ञात शव मिले, जिन्हें गोली लगी थी। उनके अनुसार दोनों की शिनाख्त मसूरपुर गांव के कविन्द्र उर्फ बिटटू (45) और गाजियाबाद के नवीपुर निवासी कुलदीप उर्फ गुल्लू (32) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आज शनिवार को परिजनों से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है तथा घटना के संबंध में एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि गाजियाबाद के मुरादनगर के नवीपुर का कुलदीप अपने जीजा कविंद्र के पास आया था।

## हाईकोर्ट कर्मी की पत्नी का दुपट्टा खींचने वाले वकील पर मुकदमा

संवाददाता, प्रयागराज

- चौकी इंचार्ज सस्पेंड, बार एसोसिएशन से कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट के सामने हाईकोर्ट कर्मचारी की पत्नी का दुपट्टा खींचने के मामले में आरोपी वकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं एसएसपी ने चौकी प्रभारी हाईकोर्ट को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड भी कर दिया है। इस मामले में हाईकोर्ट मिनिस्टीरियल ऑफिसर एसोसिएशन ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को पत्र लिखकर आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बार के अध्यक्ष ने आरोपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है।

शुक्रवार को हाईकोर्ट के गेट नंबर 8 पर एक अधिवक्ता जिसका नाम रामबहादुर गुप्ता बताया जा रहा है, उसने हाईकोर्ट कर्मी की स्कूटी सवार



पत्नी का बीच सड़क पर दुपट्टा खींच लिया था। इस दौरान मौजूद रहे अन्य अधिवक्ताओं ने दुपट्टा खींच रहे वकील को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह मारपीट पर उतारू हो गया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। शनिवार को इस घटना को लेकर हाईकोर्ट मिनिस्टीरियल ऑफिसर एसोसिएशन ने कड़ी नाराजगी जताई है। कहा कि वकील ने महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाया है।

## दो आईएएस व पांच पीसीएस के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश में दो आईएएस और पांच पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। शासन ने शुक्रवार देर रात 2018 बैच के आईएएस विनोद कुमार को नगर आयुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग के पद पर तैनात थे। इसी तरह आईएएस अमित आसेरी को विशेष सचिव लोकनिर्माण विभाग नियुक्त किया गया है। वह अभी तक नगर आयुक्त अलीगढ़ के पद पर तैनात थे। वहीं, शनिवार को संगीता पांडेय को उपजिलाधिकारी लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है, जबकि विपिन कुमार उपजिलाधिकारी एटा बनाए गए हैं। बरेली में सीओ रहीं डॉ. दीपशिखा अहिबरन सिंह का तबादला पीएसी 30वीं वाहिनी गोंडा कर दिया गया है। डॉ. दीपशिखा पर अवैध रूप से वसूली का आरोप था, जिसकी जांच में आरोप सत्य पाया गया था।

## तलाक के बाद अब निकाह आसान बनाने उतरा पर्सनल लॉ बोर्ड

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- देशभर के उलेमा, बुद्धिजीवियों को साथ लेकर छेड़ेंगे अभियान

**अमृत विचार:** मुसलमानों में दहेज की मांग बढ़ती जा रही है, जिससे गरीब परिवार की बेटियों का निकाह नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सोमवार से देशभर में निकाह को आसान बनाने का अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इसकी शुरुआत सोमवार को तेलंगाना से होगी।

इस अभियान को आसान मसनून निकाह मुहिम नाम दिया गया है। सोमवार को पहला अधिवेशन मदीना एजुकेशन सेंटर, नामपल्ली, पब्लिक गार्डन हैदराबाद में रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्ल्लाह रहमानी होंगे। विशिष्ट बोर्ड के संस्थापक सदस्य डॉ. अब्दुल कदीर होंगे, जबकि अन्य मेहमानों में मौलाना शाह जमाल उल रहमान मिफ्ताही, डॉ. खलील मुबश्शिर, मौलाना आसिफ ओमरी होंगे। इस प्रोग्राम में तंजीम निसवां कुल हिंद की महामंत्री डॉ. जौहर जहां निकाह आसान बनाने पर अपने विचार रखेंगी। बोर्ड की सचिव फौजिया बेगम को भी बुलाया गया है। इस संबंध में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि देशभर में अभियान चलाकर दहेज रूपी इस बीमारी को खत्म करना होगा। अन्यथा आगे चलकर ये कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का रूप ले लेगा।

## रोजगार मेलों में मिलीं 64, 589 को नौकरियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 21.60 लाख युवाओं को पीएमकेवीवाई के तहत मिले प्रशिक्षण ने भी खोले रोजगार द्वार

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने 205 रोजगार मेले आयोजित करके 64 हजार 589 उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित किया है। रोजगार से जोड़ने के लिए नौ साल पहले शुरू हुई प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) से अब तक 21 लाख से ज्यादा युवाओं को दक्ष बनाया गया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उधमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में युवाओं के कौशल को निखारने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना भी इसका एक हिस्सा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 21.60 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें 16.87 लाख को प्रमाण पत्र भी मिल चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों से अब तक 205 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं, जिनमें 64,589 उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित हुआ है। प्रदेश में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कुल 179.91 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है।

## अनुपूरक बजट में समाज कल्याण को मिले दो करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार:** अनुपूरक बजट में समाज कल्याण विभाग को दो करोड़ रुपये मिले हैं। इसका इस्तेमाल छात्रावास और कोचिंग सेंटर के लिए फर्नीचर खरीदने में किया जाएगा। बजट की राशि मिलने के बाद जिलों में बांट दिया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 231 छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं, जबकि आठ कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। कोचिंग सेंटरों का संचालन आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और लखनऊ में हो रहा है। छात्रावासों में फर्नीचर काफी पुराना हो गया है। साथ ही कोचिंग सेंटरों में भी फर्नीचर बदले जाने की आवश्यकता है। विधानसभा सत्र के दौरान सरकार ने अनुपूरक बजट पास कराया था।

## सरकारी अस्पतालों में मिलेंगे ऑनकॉल डॉक्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अब ऑनकॉल गायनोकॉलॉजिस्ट व एनेस्थेटिस्ट की सुविधा मरीजों को मिलेगी। इसके लिए लखनऊ को 3.42 लाख सहित सभी 75 जिलों को 1.41 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दी।

पाठक ने बताया कि उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे मरीजों को और बेहतर उपचार मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिन जिला महिला अथवा संयुक्त चिकित्सालयों पर एक-एक ही गायनोकॉलॉजिस्ट एवं एनेस्थेटिस्ट तैनात है, वहां रात्रिकालीन आकस्मिक सिजेरियन प्रसव के लिए ऑनकॉल सुविधा उपलब्ध रहेगी। ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य इकाई छोड़ने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लाभार्थी के वाइटल स्टेबल हों। उन्हें उस समय संबंधित स्वास्थ्य इकाई पर उपस्थित चिकित्सक को फॉलोअप के लिए लाभार्थी की स्थिति से अवगत भी कराना होगा। उपमुख्यमंत्री पाठक ने बताया कि ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा इकाई छोड़ने के उपरांत प्रसूता के पोस्ट ऑपरेटिव केयर का दायित्व स्वास्थ्य इकाई पर तैनात चिकित्सा अधीक्षक का होगा। आवश्यकता पड़ने पर ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सक को फिर से बुलाया जा सकता है।

### दो से चार हजार तक मानदेय देगा स्वास्थ्य विभाग



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रात: आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सक एवं एनेस्थेटिस्ट को दो-दो हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। रात्रि आठ बजे से सुबह आठ बजे तक विजिट करने पर यह राशि चार हजार रुपये होगी। साथ ही एक हजार रुपये यात्रा भत्ता और प्रत्येक फॉलोअप विजिट के लिए 1500 रुपये देय होंगे। फॉलोअप विजिट का भत्ता एनेस्थेटिस्ट पर अनुमन्य नहीं होगा। ऑनकॉल विशेषज्ञ चिकित्सकों को सिजेरियन प्रसव के लिए धनराशि का भुगतान सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा मंत्रा एप्लीकेशन पर उपलब्ध डाटा के सत्यापन के बाद किया जाएगा।

- गायनोकॉलॉजिस्ट व एनेस्थेटिस्ट को बुलाया जाएगा

## चलती बस में चालक की दिल का दौरा पड़ने से मौत, यात्री सुरक्षित

**आगरा, एजेंसी।** ग्वालियर राजमार्ग पर एक चलती बस में चालक को दिल का दौरा पड़ गया। हालांकि उसने समय रहते बस को सड़क किनारे पर लगाकर यात्रियों की जान बचा ली। पुलिस के मुताबिक, चालक के सीने में तेज दर्द हुआ और उसे सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद उसने तुरंत बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। पुलिस ने बताया कि परिचालक या कोई यात्री कुछ समझ पाता, तब तक बस चालक बेहोश गया और उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना सैंया निरीक्षक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चालक के परिजनों को जानकारी दे दी गई।

## वर्ग पहेली-151

**बाएं से दाएं**

1. ऐसा व्यक्ति या स्थिति जिसका अत्यधिक पतन हुआ हो।

3. दाहिने पैर का पंजा बांए पिंडली की नीचे और बांए पैर का पंजा दाहिने पिंडली के नीचे दबाकर बैठने का एक आसन या मुद्रा, पालथी।

4. 1. भय, डर 2. किसी प्रिय के वियोग में होने वाला दुख 3. पत्थर काटने की टांकी, छेनी 4. पहनने का वस्त्र।

7. संवाददाता, समाचार दाता, विभिन्न क्षेत्रों और गतिविधियों की सूचनाएं इकट्ठी कर समाचार भेजने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनुदेश या निर्देश देने वाला 2. सीख देने वाला 2. कार्य विधि को समझाने वाला, इशारा करने वाला।

2. 1. 'पड़-पड़' शब्द उत्पन्न करना 2. 'पड़-पड़' शब्द होना।

4. 1. सजावट 2. समास बहुल वाक्य 3. बहुरुपिया 4. पेड़ का धड़ या तना 5. बाज़ीगर।

5. वह घाट जहां नावें बांधी जाती हैं।

6. 1. दूध देने वाली एक चौपाया जानवर, महिषी 2. एक प्रकार की मछली 3. एक प्रकार की घास।




### वर्ग पहेली -150 का हल




## सुडोकू -64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | | | | 6 | |
| | 2 | | | | 4 | | | |
| 5 | | | 9 | | 6 | 8 | | |
| 4 | 5 | | | 2 | | | 8 | 1 |
| 6 | | 2 | | | | 9 | | 3 |
| 3 | 9 | | | 1 | | | 7 | 4 |
| | | 9 | 5 | | 8 | | | 2 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 7 | | | | | 1 | | 6 |

### सुडोकू -63 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 8 | 9 | 1 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 6 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 1 | 8 | 7 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 4 अगस्त रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 16.42 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- पुष्य 13.26 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष:** आज मेहनत से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। घर के बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रेम संबंधों में गलतफहमियां न आने दें।

**वृष:** आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें। सोशल मीडिया के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके स्वाभिमान और आत्मबल में वृद्धि होगी। परिवार में अनुशासन बनाए रखें।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में आय की दृष्टि से दिन संतोषजनक रहेगा। जीवनसाथी के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। पारिवारिक विवादों का निपटारा हो सकता है। आवश्यक कार्यों को दिन के पहले भाग में ही पूर्ण कर लेना हितकर होगा।

**कर्क:** आज वैवाहिक जीवन को लेकर थोड़ी परेशानियां रहेंगी। पैर और कमरदर्द की शिकायत हो सकती है। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपके काम समय पर पूरे हो जाएंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**सिंह:** आज लंबी दूरी का यात्रा करने से बचें। प्रेमी जन के ऊपर धन खर्च करेंगे। नशे से पूरी तरह दूरी बनाकर रखें। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी हो सकती है।

**कन्या:** आज का दिन खुशियों और उत्साह से भरपूर रहेगा। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के अवसर मिल सकते हैं। मन में पुरानी स्मृतियां दोबारा ताजा होंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**तुला:** आज दोस्तों के साथ पार्टी के लिए जा सकते हैं। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग नए टूर की योजना बनाएंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज करने के लिए दिन बहुत शुभ है। आपकी सेहत थोड़ी प्रतिकूल हो सकती है। आप ऑफिस के बजाय घर में समय बिताना पसंद करेंगे।

**वृश्चिक:** आज धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा। जॉब प्लेस पर सहकर्मियों से मतभेद उभर सकते हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश को लेकर योजना बनाएंगे। दिखावे के चक्कर में आप थोड़ी गलतियां करेंगे। रुका हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी।

**धनु:** आज मित्रों के व्यवहार से आपको दुख हो सकता है। व्यवसाय में आपकी अपेक्षा के अनुसार बिक्री न होने से मन अप्रसन्न हो सकता है। उधार लिया हुआ धन मिलने में कठिनाई होगी। अपना खानपान संतुलित रखें। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**मकर:** आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपकी दिनचर्या थोड़ी व्यस्त रहेगी। आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। छात्र पढ़ाई में काफी रुचि लेंगे।

**कुंभ:** आज परिजनों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी परेशानियां हो सकती हैं। व्यवसाय में नए विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। काम का दबाव बढ़ेगा। शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होगी।

**मीन:** आज नई स्किल सीखने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में बिक्री बढ़ने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। घरेलू कलह का निवारण होगा। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा। आपकी बातों से लोग आकर्षित रहेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- संसार — सुबह: 10.29
- मैं तेरा दुश्मन — रात: 07.00

&pictures
- केदारनाथ — सुबह: 11.33
- मिशन मजनू — रात: 08.00

SONY PIX
- लाइफ — दोपहर: 01.01
- जॉन विक: चैप्टर 3 — रात: 09.00

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं — सुबह: 11.28
- मिशन रानीगंज — रात: 08.30

colors CINEPLEX
- बॉस — सुबह: 11.22
- ब्लैक आउट — रात: 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा रात: 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- लड़कों का कॉमनसेंस बिल्कुल जीरो होता है।
पति- कैसे?
बीवी- अब देखो न जेंटस टॉयलेट में लिख कर आएंगे शालू आई लव यू। अब क्या शालू वहां पढ़ने जाएगी?

पत्नी- तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति-72 फीसदी मेरी जान।
पत्नी -100 फीसदी क्यों नहीं करते हो?
पति- पगली, लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है न...

# वायनाड में जिंदगियां बचाने की जद्दोजहद जारी

## चार दिन बाद बचाए 4 आदिवासी, 3 बच्चे व पिता शामिल, जंगल में फंसे आदिवासी परिवार के लिए फरिश्ते बनकर पहुंचे वन अधिकारी

वायनाड, एजेंसी

वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन के बीच, जंगल में फंसे 3 बच्चों सहित एक आदिवासी परिवार को वन अधिकारियों ने दिलेरी दिखाते हुए सुरक्षित निकाल लिया। कलपेट्टा रेंज के वन अधिकारी के हशीस के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल गुरुवार को एक आदिवासी परिवार को बचाने के लिए जंगल के भीतर खतरनाक रास्तों पर निकल पड़ा।

वायनाड के पनिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाला यह परिवार पहाड़ी पर स्थित एक गुफा में फंस गया था, जिससे लगी एक गहरी खाई थी। परिवार में एक से चार वर्ष आयु के चार बच्चे भी थे। वन अधिकारियों के दल को गुफा तक पहुंचने में साढ़े चार घंटे से अधिक समय लग गया। हशीस ने शुक्रवार को बताया कि एक महिला और चार साल का बच्चा वन क्षेत्र के निकट मिला। उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि तीन और बच्चे और उनका पिता एक गुफा में फंसे हुए हैं और उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं है। हशीस ने बताया कि परिवार जनजातीय समुदाय के एक विशेष वर्ग से ताल्लुक रखता है, जो आमतौर पर बाहरी लोगों से घुलना-मिलना पसंद नहीं करता।



भूस्खलन के बाद बचाव कार्य के तहत युवक को सुरक्षित निकाल कर ले जाते सेना के जवान।

### मृतकों से संख्या 218, अब भी 206 लापता

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को कहा कि वायनाड में तलाश और बचाव अभियान अंतिम चरण में है, लेकिन 206 लोग अब भी लापता हैं। चलियार नदी से बरामद शवों और मानव अंगों की पहचान करने में समस्या है। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से अब तक 215 लोगों के शव बरामद हुए हैं, जिनमें 87 महिलाएं, 98 पुरुष और 30 बच्चे हैं। अब तक 148 शव सौंपे जा चुके हैं। अस्पतालों में 81 लोग भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 67 शवों की पहचान नहीं हो पाई है और पंचायतें उनका अंतिम संस्कार करेंगी। विजयन ने बताया कि सुरक्षित क्षेत्र की पहचान कर टाउनशिप का निर्माण होगा। अभियान में अग्निशमन बल, एनडीआरएफ, वन विभाग, पुलिस, भारतीय सेना और स्वयंसेवियों के 1,419 कर्मी लगे हैं।

### पीड़ितों को बीमा कंपनियां जल्द दें दावा राशि : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सहित सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों से वायनाड और केरल के अन्य जिलों में भूस्खलन पीड़ितों तथा उनके परिवारों को दावा राशि का शीघ्र वितरण करने को कहा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि बीमा कंपनियों ने वायनाड, पलक्कड़, कोझीकोड, मलप्पुरम और त्रिशूर जिलों में सहायता के लिए संपर्क विवरण देने को विभिन्न चैनलों (स्थानीय समाचार पत्र, सोशल मीडिया, कंपनी की वेबसाइट, एसएमएस, आदि) के जरिए अपने पॉलिसीधारकों तक पहुंचने के प्रयास शुरू किए हैं। इन जिलों में बड़ी संख्या में दावे दर्ज किए जा रहे हैं।

# अमीरों का पलायन सरकार की कर नीतियों का परिणाम : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



● जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा, बोले- आंकड़ों के मुताबिक़ 2023 में 2.16 लाख भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता

कांग्रेस ने अमीर भारतीयों के नागरिकता छोड़ने से जुड़े आंकड़े का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि यह पलायन सरकार की अपारदर्शी कर नीतियों और मनमाने कर प्रशासन का परिणाम हो सकता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह द्वारा आप सांसद राघव चड्ढा के प्रश्न पर दिए लिखित उत्तर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि राज्यसभा में सरकार के दिए आंकड़ों के मुताबिक़ 2023 में 2.16 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी है, जो 2011 में ऐसा करने वाले 1,23 लाख लोगों के आंकड़े से दोगुना है। नागरिकता छोड़ने वालों में से कई भारतीय अत्यधिक कुशल और शिक्षित हैं। घरेलू स्तर पर कुशल श्रम आपूर्ति की कमी के समय उनके देश छोड़ने से हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। इस साल की शुरुआत में एक अग्रणी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट माइग्रेशन परामर्श कंपनी ने खुलासा किया था कि तीन वर्षों में 17,000 से अधिक करोड़पतियों (10 लाख डॉलर से अधिक वाले व्यक्तियों) ने भारत छोड़ा था। रमेश ने कहा कि ये लोग सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो रहे हैं और कुछ हो या ना हो, यह एक ऐसा आर्थिक उपहास है जो अगले कुछ वर्षों में हमारे कर राजस्व के आधार को गंभीर रूप से नुक़सान पहुंचाएगा।

## एक नजर

### अमृतसर में महिला एसएचओ पर हमला

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के वेरका थाने की प्रभारी अमनजोत कौर सोही पर शुक्रवार देर रात कुछ लोगों ने तलवारों से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। मुंढाल गांव में दो पक्षों का झगड़ा सुलझाने पहुंची महिला थाना प्रभारी पर तलवारों और अन्य धारदार हथियारों से हमला किया गया है। उन्हें इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आयुक्त रणजीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिये छापामारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि महिला थाना प्रभारी अमनजोत कौर को शुक्रवार की देर रात सूचना मिली थी कि मुंढाल गांव के पास दो गुटों में झगड़ा चल रहा है।

### दिल्ली दंगों में आगजनी व चोरी के आरोपों से छह बरी

**नई दिल्ली।** शहर की अदालत ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के सांप्रदायिक दंगों के दौरान हुई आगजनी, दंगा और चोरी के आरोपी छह लोगों को बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला उनके खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। आरोपों के अनुसार, उपरोक्त छह लोगों ने 25 फरवरी 2020 को शिव विहार में एक घर में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी की। बाद में एक क्लीनिक में आग लगाने की शिकायत को भी इस मामले के साथ जोड़ दिया गया। शुक्रवार को पारित आदेश में, अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सबूत के तौर पर डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) पेश किया था।

# न्यायिक प्रक्रिया से तंग आकर लोग समझौता चाहते हैं: सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुप्रीम कोर्ट के विशेष लोक अदालत सप्ताह पर बोले डीवाई चंद्रचूड़

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में लोक अदालतों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोग अदालतों से इतने तंग आ गए हैं कि वे बस समझौता चाहते हैं। लोक अदालतें ऐसा मंच हैं जहां लंबित या मुकदमेबाजी से पहले के विवादों का निपटारा या सौहार्दपूर्ण ढंग से समझौता किया जाता है। स्वीकृत समझौते के विरुद्ध अपील दायर नहीं की जा सकती।

चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत सप्ताह पर कहा कि लोग इतना परेशान हो जाते हैं अदालत के मामलों से कि वे कोई भी समझौता चाहते हैं। यह प्रक्रिया ही सजा है और हम सभी न्यायाधीशों के लिए चिंता का विषय है। सीजेआई ने कहा कि उन्हें हर स्तर पर लोक अदालत के आयोजन पर समर्थन और सहयोग मिला। जब लोक अदालत के लिए पैनल गठित किए थे तो यह सुनिश्चित किया गया था कि हर पैनल में दो न्यायाधीश और बार के दो सदस्य होंगे। चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्हें सचमुच लगता है कि सुप्रीम कोर्ट भले ही दिल्ली में हो, लेकिन यह दिल्ली का नहीं भारत का है। चंद्रचूड़ ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को यह सुनिश्चित करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं।

### वकील का आग्रह, हाईकोर्ट में हरित पीठ करें गठित

**नई दिल्ली।** एक वकील ने शनिवार को प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उनसे पर्यावरण से संबंधित मामलों के प्रभावी निर्णय के लिए सभी हाईकोर्ट में हरित पीठ गठित करने का आग्रह किया। अधिवक्ता एवं पर्यावरण कार्यकर्ता आकाश वशिष्ठ ने कहा कि देश अभूतपूर्व जलवायु आपदाओं का सामना कर रहा है और बड़े पैमाने पर पारिस्थितिक हमलों का सामना कर रहा है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण विवादों के निपटारे के लिए प्रभावी और कारगर मंच के रूप में विकसित हुआ है, लेकिन राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की अंतर्निहित सीमाएं पर्यावरण न्याय की मांग करने में नागरिकों के लिए बड़ी बाधाएं रही हैं। पत्र में वकील ने कहा कि हर हाईकोर्ट में पर्यावरण, पारिस्थितिकी और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों के स्थायी, समर्पित और मजबूत समाधान के लिए तंत्र स्थापित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

# भाजपा सत्ता जिहाद में लिप्त : उद्धव

पुणे, एजेंसी



● ठाकरे ने शाह पर अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली के राजनीतिक वंशज होने का लगाया आरोप

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को तोड़कर सत्ता जिहाद में लिप्त होने का आरोप लगाया। अमित शाह के ठाकरे पर औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख होने की टिप्पणी का जवाब दिया।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने शाह पर पानीपत की लड़ाई में मराठों को हराने वाले अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली के राजनीतिक वंशज होने का भी आरोप लगाया। ठाकरे ने शिवसेना और राकांपा में विभाजन का हवाला देते हुए भाजपा पर पार्टियों को तोड़ने का आरोप लगाया। पुणे में कार्यकर्ताओं से ठाकरे ने कहा कि अगर मुसलमान हमारे साथ हैं और हम उन्हें अपना हिंदुत्व समझाते हैं, तो हम (भाजपा के अनुसार) औरंगजेब फैन क्लब हैं और आप जो कर रहे हैं वह सत्ता जिहाद है। उन्होंने मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना को लेकर राज्य सरकार पर मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया।

### उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य : फडणवीस

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गृहमंत्री के खिलाफ उद्धव ठाकरे की टिप्पणी ने औरंगजेब फैन क्लब के सदस्य के रूप में साख स्थापित कर दी है। फडणवीस ने कहा, शाह ने औरंगजेब फैन क्लब के बारे में बात की थी। उद्धव ठाकरे ने आज साबित कर दिया।

# अदालत ने बेसमेंट के सह-मालिकों की याचिका का किया निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी

### कोचिंग सेंटर मौत मामला

● चार सह-मालिक आज सीबीआई अदालत के समक्ष दायर करेंगे नई जमानत याचिका

दिल्ली की अदालत ने शनिवार को उस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट के चार सह-मालिकों की जमानत याचिका का निपटारा किया, जहां पिछले महीने सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी करने वाले तीन विद्यार्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। अदालत ने अभियोजन पक्ष की इस दलील पर गौर किया कि इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन विद्यार्थियों की मौत की जांच शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से सीबीआई को सौंप दी। मजिस्ट्रेट अदालत ने बेसमेंट के सह मालिक परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह को जामनत देने से मना कर दिया था, जिसके बाद वह दिल्ली की अन्य अदालत पहुंचे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने सह-मालिकों को उपयुक्त या सीबीआई अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर करने की छूट दी। सह-मालिकों के वकील ने कहा कि अदालत के आदेश पर हम आज सीबीआई अदालत के समक्ष नयी जमानत याचिका दायर करेंगे।

# आप का प्रदर्शन, उपराज्यपाल से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

### नाले में गिरकर हुई मौत का मामला

पूर्वी दिल्ली में नाले में गिरकर एक महिला और उसके बच्चे की मौत के मामले में आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राज निवास के निकट प्रदर्शन किया और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के इस्तीफे की मांग की। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके की खोड़ा कॉलोनी में बुधवार शाम को 22 वर्षीय महिला तनुजा और उसके तीन वर्षीय पुत्र प्रियांश की नाले में गिरकर मौत हो गई थी।

आप ने दावा किया है कि नाला दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकार क्षेत्र में आता है जिसके अध्यक्ष उपराज्यपाल हैं। वहीं, राज निवास ने कहा है कि नाले का वह हिस्सा जिसमें महिला और बच्चों की गिरने से मौत हो गई, आप के नेतृत्व वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आता है। आप विधायक कुलदीप कुमार ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि महिला और उसका बेटा जिस नाले में डूब गए, वह डीडीए के अंतर्गत आता है। यह दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या थी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का आरोप लगाया जाना चाहिए।




नाले में गिरने से महिला और उसके बेटे की मौत पर उपराज्यपाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।

# मणिपुर में समझौते के बाद फिर उपद्रव, फायरिंग व आगजनी

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम में शांति बहाल करने के प्रयासों के लिए मेइती और हमार समुदायों के बीच समझौता होने के एक दिन बाद ही तनाव पैदा करने वाली घटना सामने आई हैं। गोलीबारी करने के साथ खाली पड़े घर को आग लगा दी गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि लालपानी गांव में खाली घर को शुक्रवार रात हथियारबंदों ने आग लगा दिया। यह घटना बिल्कुल ही अलग बस्ती में हुई जहां मेइती समुदाय के कुछ लोगों के घर हैं। हिंसा भड़कने के बाद से इनमें से अधिकतर घर खाली हैं। हथियारबंद लोगों ने बस्ती को निशाना बनाकर गोलियां भी चलाईं। घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया। वहीं दस कुकी-जो विधायकों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर उनसे जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में संवेदनशील क्षेत्रों में असम राइफल्स को ही तैनात रखने और उसे सीआरपीएफ से नहीं बदलने को लेकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 10 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1703 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1551 करोड़ रुपए की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।

### मिश्रण संयंत्र पर 1,600 करोड़ निवेश करेगा अंबुजा

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के स्वामित्व वाली अंबुजा सीमेंट बिहार के नवादा जिले के वारिसलीगंज में सीमेंट मिश्रण संयंत्र स्थापित करने के लिए 1,600 करोड़ का निवेश करेगी। 60 लाख टन प्रति वर्ष वारिसलीगंज सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई एसीएल का बिहार में पहला उद्यम है।

### मुरादाबाद मंडी

**दालें :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

### मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-955 फ्लैग-1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1120 बोल्ड- 1170 डीएमओ- 890

### सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 85,000 |

# बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या बढ़ी

## घरेलू 4जी नेटवर्क तैयार, 5जी में बदलने का चल रहा काम : केंद्रीय दूरसंचार मंत्री

ग्वालियर (मध्य प्रदेश), एजेंसी



● आत्मनिर्भर भारत के तहत देश खुद का 4जी स्टैक, कोर सिस्टम या टावर विकसित करेगा : सिंधिया

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि सरकारी कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के ग्राहकों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी का घरेलू 4जी नेटवर्क भी तैयार है और इसे 5जी में बदलने का काम चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी तकनीक वाला 4जी नेटवर्क तैयार है और कुछ महीनों में बीएसएनएल के माध्यम से इसकी सेवाएं पूरे देश में उपलब्ध होंगी। सिंधिया ने कहा, कई लोगों ने पूछा था कि जब जियो, एयरटेल और वोडाफोन ने 4जी नेटवर्क शुरू किया तो बीएसएनएल ने क्यों नहीं? यह प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था कि अगर हमें सरकारी कंपनी का नेटवर्क विकसित करना है तो हम चीन या किसी अन्य विदेशी देश के उपकरणों का उपयोग नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय लिया गया कि स्वदेशी तकनीक विकसित की जाएगी। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत संकल्प लिया है कि भारत अपना खुद का 4जी स्टैक, कोर सिस्टम या टावर विकसित करेगा जिसे रेडिएशन एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) कहा जाता है। भारत अपनी तकनीक विकसित करेगा और देशवासियों को 4जी नेटवर्क देगा और इसमें हमें डेढ़ साल लग गए। भारत अपनी स्वदेशी तकनीक रखने वाला पांचवां देश बन गया है। टावर लगाने का काम चल रहा है। तेजस नेटवर्क, सी-डॉट और टीसीएस जैसी भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं और बीएसएनएल इसे लागू कर रहा है।

### अक्टूबर के अंत तक 80,000 टावर लगा देंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अक्टूबर के अंत तक 80,000 टावर और बाकी 21,000 अगले साल मार्च तक लगा देंगे। मार्च, 2025 तक 4जी नेटवर्क के एक लाख टावर लग जाएंगे। इससे तेजी से डाउनलोड करने और टेलीविजन देखने में मदद मिलेगी। हम इस 4जी कोर पर 5जी का उपयोग कर सकते हैं। हमें 5जी सेवाओं के लिए टावरों में कुछ बदलाव करने होंगे। कई ग्राहक निजी सेवा प्रदाताओं से बीएसएनएल में जा रहे हैं। हमने उन्हें आश्वासन दिया है कि हमारी सेवा तेज होगी।

# आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते पर पांचवीं बैठक संपन्न

**नई दिल्ली।** आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा के लिए पांचवीं संयुक्त समिति और इससे संबंधित बैठकें 29 जुलाई से पहली अगस्त जकार्ता में आसियान सचिवालय में सम्पन्न हुईं। भारत के वैश्विक व्यापार में 11% हिस्सेदारी के साथ आसियान भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की बैठक में व्यापार की वस्तुओं के साथ समानता के व्यवहार और बाजार में प्रवेश, विनिर्माण स्थल के नियम, मानक, तकनीकी विनियमन एवं अनुरूपता मूल्यांकन, प्राणी एवं पादप स्वास्थ्य, कानूनी और संस्थागत मुद्दे, सीमा शुल्क और सुविधा, सुधार और आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग से संबंधित आठ उप-समितियों ने संयुक्त समिति को रिपोर्ट दी।

# देश में विकास रणनीति का मुख्य केंद्र बिंदु कृषिः नीति आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी



● कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें आईसीएई में चंद ने कहा- विश्व बैंक के अनुसार भारत ने 10 वर्षों में कृषि जीडीपी में अधिक वृद्धि दर की

भारत में कृषि विकास रणनीति का एक प्रमुख केंद्र बिंदु रहा है और देश ने 2016-17 से 2022-23 तक के सात वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र में पांच प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर हासिल की है। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शनिवार को यह बात कही।

कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) में चंद ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार भारत ने 10 वर्षों में दुनिया में कृषि जीडीपी में सबसे अधिक वृद्धि दर हासिल की है। भारत में कृषि विकास रणनीति का प्रमुख क्षेत्र रहा है और देश ने 2016-17 से 2022-23 तक की सात वर्ष की अवधि के दौरान ऐतिहासिक रूप से पांच प्रतिशत की उच्चतम वृद्धि दर हासिल की है।

कृषि अर्थशास्त्री ने बताया कि वैश्विक जीडीपी में कृषि का हिस्सा 2006 में 3.2% से बढ़कर हाल के वर्षों में 4.3% हो गया है। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों में कृषि वृद्धि ने कई देशों को आर्थिक पतन से बचाया है। कृषि से श्रम शक्ति को बाहर निकालने में उद्योग के खराब प्रयासों के कारण, बड़े कार्यबल के लिए लाभकारी रोजगार का दायित्व अभी भी कृषि पर बना हुआ है। कृषि में हाल की उपलब्धियां और अवसर भारत और विश्व के भविष्य के विकास में कृषि की और भी बड़ी भूमिका की ओर इशारा कर रहे हैं। चंद ने कहा कि इन सभी चुनौतियों के कारण आर्थिक और मानव विकास में कृषि की भूमिका को नए सिरे से समझना तथा सभी स्तरों पर कृषि पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करना आवश्यक हो गया है।

# असम में स्थापित होगा 27,000 करोड़ रुपये का सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र

जागीरोड (असम), एजेंसी

● जागीरोड में सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र का भूमि पूजन हुआ, मुख्यमंत्री सरमा ने मोदी, टाटा को धन्यवाद दिया

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शनिवार को मोरीगांव जिले के जागीरोड में 27,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन किया। जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर संयंत्र, भारत का पहला स्वदेशी सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र है। मुख्यमंत्री ने सेमीकंडक्टर संयंत्र के 3-डी मॉडल का अनावरण किया गया।

सरमा ने कहा कि यह असम के लोगों के लिए 'स्वर्णिम दिन' है और उन्होंने इस संयंत्र के लिए प्रधानमंत्री मोदी और टाटा संस लिमिटेड को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन को आश्वासन दिया कि कंपनी को इस संयंत्र की स्थापना में कोई कठिनाई नहीं होगी और असम के लोग इसके लिए हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल के कारण यह संयंत्र असम में आ सका। सरमा ने कहा कि अगर टाटा एक कदम आगे बढ़ने को तैयार है, तो केंद्र असम में संयंत्र की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए दो कदम आगे बढ़ेगा।

# एसबीआई का लाभ 17,035 करोड़ रुपये पर स्थिर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के लिए 17,035 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 16,884 करोड़ रहा है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी जून में बढ़कर 1,22,688 करोड़ हुई है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,08,039 करोड़ थी। बैंक की ब्याज से आमदनी 1,11,526 करोड़ हुई है, जो बीते वर्ष में 95,975 करोड़ रुपये थी।

# आत्मनिर्भर से अकुशल आयात प्रतिस्थापन को नहीं मिलना चाहिए बढ़ावा : रंगराजन

हैदराबाद, एजेंसी



● आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन बोले- रूस-यूक्रेन युद्ध से कई देशों ने आत्मनिर्भरता पर सोचना किया शुरू

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने शनिवार को कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति में व्यवधान के कारण कई देशों ने 'महत्वपूर्ण आयात' के संबंध में आत्मनिर्भर होने के बारे में सोचना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि 'आत्मनिर्भर' पर जोर से अकुशल 'आयात प्रतिस्थापन' को बढ़ावा न मिले। सरल शब्दों में आयात प्रतिस्थापन का अर्थ आयातित वस्तुओं को घरेलू उत्पादों से बदलना है।

उन्होंने आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की वृद्धि रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए। रंगराजन ने कहा कि निवेश दर बढ़ाकर, कृषि, विनिर्माण और सेवाओं पर जोर देकर, नई तकनीकों को आत्मसात करके और रोजगार के अनुकूल क्षेत्रों के मिश्रण को बढ़ावा देकर वृद्धि को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

### बेरोजगारी बढ़ना निश्चित रूप से चिंता का विषय

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने कहा कि बेरोजगारी बढ़ना निश्चित रूप से चिंता का विषय है, लेकिन नई प्रौद्योगिकियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और वृद्धि के बिना रोजगार सृजन भी उतना ही बुरा है। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में सबसे कठिन चुनौती होने जा रहा है। उनके अनुसार हालांकि भारत को अपनी उपलब्धियों को कमतर आंकने की जरूरत नहीं है, और उच्च शिक्षा को मजबूत करना चाहिए।





# पेरिस ओलंपिक 2024



## आज भारत के मुकाबले

- **निशानेबाजी :** 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरूष क्वालीफिकेशन पहला चरण : विजयवीर सिद्धू और अनीश : 12.30 से
- **हॉकी :** भारत बनाम ब्रिटेन पुरूष हॉकी क्वार्टर फाइनल : दोपहर 1.30 से
- **एथलेटिक्स :** महिला 3000 मीटर स्टीपलचेस पहला दौर : पारूल चौधरी : 1.35 से
- **पुरूष लंबी कूद क्वालीफिकेशन :** जेस्विन एल्ड्रिन : 2.30 से
- **मुक्केबाजी :** महिला 75 किलो क्वार्टर फाइनल : लवलीना बोरगोहेन बनाम चीन की लि कियान : दोपहर 3.02 से
- **बैडमिंटन :** पुरूष एकल सेमीफाइनल लक्ष्य सेन बनाम विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क) दोपहर 3.30 से
- **पाल नौकायन :** पुरूष डिंगी रेस सात और आठ : विष्णु सरवनन, दोपहर 3.35 से, महिला डिंगी रेस सात और आठ : नेत्रा कुमानन, शाम 6.05 से।

## खेल डायरी

### कांस्य जीतने के बाद टोरंटो टूर्नामेंट से हटीं स्वियातेक



**टोरंटो।** विश्व में नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में टोरंटो में खेले जाने वाले टेनिस टूर्नामेंट से हट गईं। स्वियातेक पहली खिलाड़ी नहीं है जिन्होंने नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। उनसे पहले ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेजिसिकोवा, एलेना रयबाकिना और मार्केटा वोंद्रोसोवा तथा जैस्मिन पाओलिनी, मारिया सकारी, डेनिएल कोलिन्स और कैरोलिन गार्सिया ने भी इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। स्वियातेक अभी तक पांच ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी हैं। वह फ्रेंच ओपन में चार बार जबकि अमेरिकी ओपन में एक बार महिला एकल चैंपियन रही है। उन्होंने कहा मुझे यह घोषणा करते हुए खेद हो रहा है कि पिछले कुछ सप्ताहों के व्यस्त कार्यक्रम के कारण मुझे टोरंटो टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है।



### ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू और जॉन ने युगल में जीता स्वर्ण

**पेरिस।** मैथ्यू एबडेन और जॉन पीयर्स ने पुरुष युगल फाइनल में शनिवार को यहां ऑस्टिन क्रेजिसेक और राजीव राम की अमेरिका की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक खेलों के इतिहास में टेनिस का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। एबडेन और पीयर्स ने फाइनल में क्रेजिसेक और राजीव की जोड़ी को 6-7, 7-6, 10-8 से शिकस्त दी। ओलंपिक के युगल मुकाबलों में दो सेट के बाद मुकाबला बराबर रहने पर तीसरे सेट की जगह 10 अंक का टाईब्रेकर होता है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले 1996 में अटलांटा ओलंपिक में टोड वुडब्रिज और मार्क वुडफोर्ड की जोड़ी ने पुरुष युगल में ही स्वर्ण पदक दिलाया था।

### नौकायनः विष्णु सरवनन 23वें स्थान पर खिसके

**पेरिस।** भारत के विष्णु सरवनन शनिवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की डिंगी इवेंट में रेस 5 में 21वें और रेस 6 में 13वें स्थान पर रहे। सभी नावें शुरुआती सीरीज में 10 रेस में हिस्सा लेंगी। सीरीज के बाद शीर्ष 10 नेट स्कोर वाली नौकाएं मेडल रेस में शामिल होंगी। रेस 6 के बाद, एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता सरवनन 83 नेट स्कोर (कुल 117 अंक) के साथ 23वें स्थान पर हैं। वह कल अपने प्रदर्शन से एक स्थान नीचे खिसक गए हैं। रेस 7 और रेस 8 कल यानी चार अगस्त को आयोजित की जाएंगी।

### राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का जल्द होगा उद्घाटन

**बेंगलुरू।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने शनिवार को कहा कि यहां जल्द ही एक नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का उद्घाटन किया जाएगा और इसमें 45 अभ्यास पिचें तथा अन्य सुविधाओं के साथ एक ओलंपिक आकार का तरणताल होगा। शाह ने बताया कि बेंगलुरू में नए एनसीए में अत्याधुनिक प्रशिक्षण, उबरने और खेल विज्ञान सुविधाएं भी होंगी। नए एनसीए में तीन विश्व स्तरीय खेल मैदान, 45 अभ्यास पिचें, इनडोर क्रिकेट पिचें, ओलंपिक आकार का तरणताल और अत्याधुनिक प्रशिक्षण, उबरने और खेल विज्ञान सुविधाएं होंगी।

### अफगानिस्तान के जुडोका समीम डोपिंग में पॉजिटिव

**पेरिस।** अफगानिस्तान के जूडोका मोहम्मद शमीम फैजाद को पेरिस ओलंपिक में डोपिंग जांच में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है। यह इन खेलों में डोपिंग का तीसरा मामला है। अंतर्राष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) ने शनिवार को बताया कि फैजाद ने अपने शुरुआती मुकाबले के बाद नमूना दिया था, जिसकी जांच में स्टैनोजोलोल की पुष्टि हुई। फैजाद को हालांकि 81 किग्रा के मुकाबले में मंगलवार को ऑस्ट्रिया के वाचिद बोरचशविली से हार का सामना करना पड़ा था। हाल ही में अपना 22वां जन्मदिन मनाने वाले फैजाद अपने देश के तीन पुरूष और तीन महिला खिलाड़ियों के दल में अकेले खिलाड़ी है जो अफगानिस्तान में रहते है।



## क्वार्टर फाइनल मैच में कोरियाई सुहयोन से पार न पा सकीं दीपिका

- दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन ने दीपिका को 6-4 से हराया
- प्री-क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ भजन कौर का अभियान

पेरिस, एजेंसी

भारत की स्टार महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी शनिवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला रिकर्व के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया की युवा तीरंदाज नाम सुहयोन से 6-4 से हार कर मुकाबले से बाहर हो गयीं। जबकि भजन कौर प्री क्वार्टर फाइनल में हार गईं जिससे ओलंपिक में तीरंदाजी पदक का भारत का 36 साल का इंतजार जारी रहा।

पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी को महिलाओं के व्यक्तिगत क्वार्टरफाइनल तीरंदाजी मैच में दक्षिण कोरिया की 19 साल की नाम सुहयोन ने 6-4 से हराया। सुहयोन आज इस प्रतियोगिता में तीसरी दक्षिण कोरियाई सेमीफाइनलिस्ट बन गईं, जबकि भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। तीन सेटों के बाद 4-2 की बढ़त के साथ, चार बार की ओलंपियन दीपिका अंतिम चार में जगह बनाने के लिए तैयार थीं। अंतिम सेट में नाम सुहयोन ने भारतीय तीरंदाज को 29-27 से मात देकर जीत हासिल की। इस परिणाम के साथ, पेरिस 2024 में भारत का तीरंदाजी अभियान भी समाप्त हो गया। इससे पहले दीपिका ने राउंड 16 तीरंदाजी मैच मे जर्मनी की मिशेल क्रोपेन को 6-4 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी।

उधर, भजन कौर का प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में हार के साथ अभियान समाप्त हो गया। इंडोनेशिया की डायनांडा चोइरुनिसा ने भजन कौर को 6-5 से हराया। चोइरुनिसा ने भजन कौर को महिला रिकर्व व्यक्तिगत 1/8 एलिमिनेशन राउंड में हराया।

## पहले स्वर्ण के लिए अल्कराज से भिड़ेंगे नोवाक जोकोविच

पेरिस, एजेंसी



पेरिस ओलंपिक 2024 में टेनिस के एकल मुकाबले में स्वर्ण पदक के लिये नोवाक जोकोविच अपने चिर प्रतिद्वंदी स्पेन के कार्लोस अल्कराज से भिड़ेंगे।

हाल ही संपन्न बिवंलडन का खिताबी मुकाबला भी इन्ही दो दिग्गजों के बीच हुआ था जिसमें जोकोविच को अल्कराज से हार का सामना करना पड़ा था। सार्बिया के 37 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को इटली के लोरेंजो मुसेटी को 6-4, 6-2 से हराकर अपने पहले ओलंपिक फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला कार्लोस अलकराज के साथ होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच अपने पिछले तीन ओलंपिक एकल सेमीफाइनल हार गए थे। 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुके जोकोविच अपने करियर में ओलंपिक खिताब से अब तक मरहूम रहे हैं। जोकोविच रविवार को स्वर्ण पदक के लिए स्पेन के अलकराज से भिड़ेंगे जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त मुसेटी कांस्य पदक के लिए कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से भिड़ेंगे।

# पदकों की हैट्रिक लगाने से चूकीं मनु भाकर

### टूटा सपनाः 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य के लिए शूट ऑफ में पिछड़ीं

शेटराउ (फ्रांस), एजेंसी

ओलंपिक में पदकों की हैट्रिक लगाने का मनु भाकर का सपना शनिवार को यहां 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक के लिए हंगरी की खिलाड़ी से शूट ऑफ में पिछड़ने के बाद पूरा नहीं हो सका। आठ निशानेबाजों के करीबी फाइनल में मनु ने अपना सब कुछ झोंक दिया और कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान पर भी रही लेकिन अपनी निरंतरता बरकरार नहीं रख सकीं।

इस 22 साल की खिलाड़ी ने हालांकि महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर दो कांस्य पदक जीत कर पहले ही इतिहास रच दिया है। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय है। मनु पांच-पांच निशाने के 10 सीरीज के फाइनल में शुरुआती आठ सीरीज के बाद 28 अंक के साथ हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। इसके बाद शूट ऑफ में मनु पांच में से तीन निशाना ही लगा सकी जबकि मेजर ने चार सटीक निशाने के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।



25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाली यांग, रजत विजेता फ्रांस की जेद्रजेजेव्स्की केमिली और कांस्य पदक पाने वालीं हंगरी की खिलाड़ियों ने ली सेल्फी। ● एजेंसी

मनु की शानदार लय को देखते हुए, उनके पदकों की हैट्रिक लगाने की उम्मीदें बहुत अधिक थीं। फाइनल की शुरुआत में छठे स्थान पर खिसकने के बाद भी वह वापसी करने में सफल रही। मनु की शुरुआत बेहद खराब रही वह शुरुआती सीरीज में पांच में से तीन निशाना चूक गईं। इसके बाद दो सीरीज में चार-चार निशाने के साथ उन्होंने वापसी की। चौथा सीरीज से एलिमिनेशन चरण शुरू हुआ। मनु सातवें चरण (एलिमिनेशन का चौथा चरण) में कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर पहुंची। दक्षिण कोरिया की जिन यांग ने तुरंत आठवें दौर में शीर्ष स्थान पर वापसी की जबकि दूसरे स्थान पर काबिज मनु तीन निशाना लगाने के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

वह शूटऑफ में अपनी लय जारी नहीं रख सकी और करीबी अंतर से कांस्य पदक से चूक कर जयदीप करमाकर, अभिनव बिंद्रा और अर्जुन बबूता जैसे निशानेबाजों की सूची में शामिल हो गईं। इस स्पर्धा का स्वर्ण यांग और रजत फ्रांस की जेद्रजेजेव्स्की केमिली ने जीता। दोनों निशानेबाज 10 सीरीज के बाद 37-37 अंक की बराबरी पर थे लेकिन शूटऑफ में यांग ने स्थानीय निशानेबाज को पछाड़ दिया। मनु प्रिसिजन में 294 और रैपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाकर क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया था।



### एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वालीं पहली भारतीय

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान दो मेडल के साथ खत्म किया। इसके साथ ही उन्होंने ओलंपिक इतिहास में सबसे कामयाब भारतीय खिलाड़ी के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया है। एकल मुकाबले मे मनु के अलावा कोई भी भारतीय एक ही ओलंपिक में दो मेडल नहीं जीत सका है। भारत की लाडली ने मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला मेडल जीता था। उन्होंने 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। मनु ने इसके बाद 30 जुलाई, मंगलवार को सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। भारत ने पेरिस ओलंपिक में अब तक 3 मेडल जीते हैं। ये तीनों मेडल शूटिंग में आए हैं।



25-25 शॉट की तीन सीरीज में 71 अंक बनाकर पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं महेश्वरी चौहान

## महेश्वरी महिला स्कीट फाइनल की दौड़ में, अनंतजीत पुरुष वर्ग में बाहर

- महिला स्कीट स्पर्धा के क्वालीफिकेशन के पहले दिन आठवें स्थान पर चौहान
- 25-25 शॉट की पांच सीरीज में 24वें स्थान पर रहे अनंतजीत

पेरिस, एजेंसी

भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान महिला स्कीट स्पर्धा के क्वालीफिकेशन के पहले दिन आठवें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं जबकि अनंतजीत सिंह नरूका लगातार दूसरे दिन खराब प्रदर्शन के बाद पुरुष स्कीट स्पर्धा से बाहर हो गए।

महेश्वरी 25-25 शॉट की तीन सीरीज में 23, 24 और 24 अंक से कुल 71 अंक बनाकर पहले दिन के क्वालीफिकेशन दौर के बाद आठवें पायदान पर हैं और शीर्ष छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई हैं। महेश्वरी ने पहली सीरीज में दो निशाने चूके लेकिन अगली दो सीरीज में सिर्फ एक-एक निशाना चूककर वापसी की। इस स्पर्धा में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय रेजा ढिल्लों 21, 22 और 23 अंक से 66 अंक जुटाकर 29 निशानेबाजों के बीच 25वें स्थान पर चल रही हैं और उनकी फाइनल में जगह बनाने की संभावना बेहद कम हैं। पांच सीरीज के क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज रविवार को होंगी।

दूसरी तरफ पुरुष स्कीट में शनिवार को क्वालीफिकेशन की अंतिम दो सीरीज हुई। अनंतजीत 25-25 शॉट की पांच सीरीज में 23, 22, 23, 24, 24 अंक से कुल 116 अंक जुटाकर 30 निशानेबाजों में 24वें स्थान पर रहे। शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। अमेरिका के कोनर लिन प्रिंस, चीनी ताइपे के मेंग युआन ली और इटली के तमारो कसांद्रो ने 125 अंक में से समान 124 अंक जुटाए। शूट ऑफ के बाद इन तीनों ने क्वालीफिकेशन में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 15 | 11 | 9 | 35 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 7 | 5 | 24 |
| अमेरिका | 11 | 20 | 19 | 50 |
| फ्रांस | 11 | 13 | 14 | 38 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 10 | 12 | 32 |
| द. कोरिया | 9 | 6 | 4 | 19 |
| जापान | 8 | 4 | 8 | 20 |
| इटली | 6 | 8 | 4 | 18 |
| नीदरलैंड | 5 | 4 | 4 | 13 |
| जर्मनी | 4 | 3 | 2 | 9 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

## भारतीय हॉकी टीम के सामने होगी ब्रिटेन की मजबूत दीवार

पेरिस, एजेंसी

अपने अंतिम पूल मैच में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ जीत की इस लय को कायम रखने की कोशिश करेगा।

भारत ने पूल बी के अपने आखिरी मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर ओलंपिक में इस टीम के खिलाफ आधी सदी से अधिक (52 वर्षों) समय से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में हराया था। ऑस्ट्रेलिया पर जीत के साथ ही भारत भारत पूल बी में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर रहा, जबकि ग्रेट ब्रिटेन पूल ए में तीसरे स्थान पर था। भारतीय टीम पहले दो क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तरह से हावी दिखी और उसने लगातार आक्रामक खेल से मैच की गति को नियंत्रित किया।



- ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद सेमीफाइनल में जाने के लिए ब्रिटेन को हराना जरूरी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण मनप्रीत सिंह तथा उप-कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व वाले मिडफील्ड और गुरजंत सिंह तथा सुखजीत सिंह अग्रिम पंक्ति के बीच शानदार समन्वय था। गुरजंत और सुखजीत ने अपने खेल से ऑस्ट्रेलिया की रक्षा पंक्ति को दबाव में रखा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ एक बार फिर से हर विभाग में बढ़त बनाने की कोशिश करेगी।

## अनवर अली ने बिना उचित कारण के मोहन बागान से तोड़ा नाता : एआईएफएफ

**कोलकाता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को कहा कि डिफेंडर अनवर अली (23) द्वारा अपने क्लब मोहन बागान सुपर जायंट के साथ खिलाड़ी ऋण समझौते से संबंधित समाप्ति बिना किसी उचित कारण के की गई।

एआईएफएफ की प्लेयर्स स्टेटस कमेटी ने अपने अंतरिम आदेश में अनवर अली द्वारा अपने क्लब मोहन बागान सुपर जायंट के साथ खिलाड़ी ऋण समझौते से संबंधित बर्खास्तगी को बिना किसी उचित कारण के पाया। समिति ने दो अगस्त 2024 को आयोजित अपनी बैठक में विवाद के दोनों पक्षों को सुना और निष्कर्ष निकाला कि खिलाड़ी द्वारा बिना किसी उचित कारण के अनुबंध समाप्त करने के लिए प्रतिवादी क्लब के लिए उपाय केवल क्षतिपूर्ति/मुआवजा और संबंधित विनियमों से उत्पन्न होने वाले अन्य संबंधित परिणामों में निहित है। समिति ने दिल्ली एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी को प्रभावित पक्ष पाया और उन्हें अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया, साथ ही खिलाड़ी और क्लब को आठ अगस्त, 2024 तक मुआवजे और इस तरह की समाप्ति से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्य परिणाम तक सीमित एक और जवाब प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है।

## लक्ष्य की लय तोड़ने को सामने होंगे विक्टर



- ओलंपिक सेमीफाइनल में एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य सेन को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

पेरिस, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन की सनसनी लक्ष्य सेन रविवार को जब यहां पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल सेमीफाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से भिड़ेंगे तो उन्हें अपने पहले स्वर्ण पदक की उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहली बार ओलंपिक में खेल रहे सेन ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मैच में चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को 19-21 21-15 21-12 से हराकर बैडमिंटन में नया इतिहास रचा।

लक्ष्य ओलंपिक खेलों के व्यक्तिगत पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। लेकिन अब उनका सामना उस एक्सेलसन से है जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को कोई मौका नहीं दिया है। डेनमार्क के ओडेंस के रहने वाले इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह 2017 और 2022 में विश्व चैंपियन रहे। उनके नाम पर 2016 में थॉमस कप की जीत शामिल है। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन को डेनमार्क के खिलाड़ी से अभी तक सात बार हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने एक्सेलसन को केवल एक बार 2022 में जर्मन ओपन में हराया था।

### चिराग-सात्विक की हार के बाद बो ने छोड़ी कोचिंग

**पेरिस।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के कोच मथियास बो ने भारत की शीर्ष बैडमिंटन जोड़ी के पेरिस ओलंपिक से बाहर होने के बाद कोचिंग से संन्यास लेने की घोषणा की। सात्विक और चिराग गुरुवार को यहां पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक से 21-13, 14-21, 16-21 से हार गए। लंदन ओलंपिक के रजत पदक विजेता बो तोक्यो ओलंपिक से पहले चिराग और सात्विक के कोच के रूप में उनसे जुड़े थे। डेनमार्क के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी बो ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मेरे लिए, कोचिंग के दिन यहीं खत्म हो जाते हैं, मैं कम से कम अभी भारत या कहीं और नहीं जारी नहीं रखूंगा। मैंने बैडमिंटन हॉल में बहुत अधिक समय बिताया है और कोच बनना भी काफी तनावपूर्ण है, मैं एक थका हुआ बूढ़ा आदमी हूं। पेरिस में पुरुष युगल वर्ग में सात्विक और चिराग पदक के दावेदार थे और बो ने उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा मैं खुद भी इस भावना को अच्छी तरह से जानता हूं। हर दिन कड़ी मेहनत करना, अपने जीवन में सर्वश्रेष्ठ लय में रहना और फिर चीजें वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

